✶ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✶ रजि. नंबर : 52290/90 ✶ वर्ष : 37 ✶ अंक : 124 ✶ पृष्ठ : 12 ✶ औरंगाबाद, मंगलवार, 29 सितम्बर 2026 ✶ मूल्य : 3.00 रुपये ✶ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✶ www.navbihartime.com



अजगैबीनाथ धाम एवं सोनपुर ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट परियोजनाओं की समीक्षा करते सीएम सम्राट चौधरी

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व मंत्री डॉ. चंद्रशेखर ने किया आत्मसमर्पण, मिली जमानत

**बेतिया(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार के पूर्व शिक्षा मंत्री और राजद विधायक डॉ. चंद्रशेखर ने सोमवार को बेतिया व्यवहार न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। उन्होंने एसीजेएम प्रथम अभिषेक कुमार की अदालत में जमानत आवेदन दाखिल किया। मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने उनकी जमानत मंजूर कर दी। मामला वर्ष 2023 में रामचरितमानस को लेकर डॉ। चंद्रशेखर की ओर से दिए गये कथित विवादित बयान से जुड़ा है। इस मामले में न्यायालय की ओर से संज्ञान लिये जाने के बाद उन्हें उपस्थित होने के लिए समन जारी किया गया था।

### डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 6.31 करोड़ की ठगी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना में डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 6.31 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में साइबर अपराध एवं सुरक्षा इकाई और समस्तीपुर साइबर थाना की संयुक्त टीम ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपितों में एक के बैंक खाते का इस्तेमाल डिजिटल अरेस्ट से जुड़ी ठगी की रकम के संदिग्ध लेन-देन में किया गया था। पुलिस को इस म्यूल बैंक खाते में करीब 90 लाख रुपये के संदिग्ध लेन-देन की जानकारी मिली है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से बैंक चेकबुक, चार मोबाइल फोन और चार सिम कार्ड जब्त किये गये हैं।

### जन सुराज ने तिरहुत के बाद दरभंगा में बदला प्रत्याशी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधान परिषद चुनाव में प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी ने दूसरा कैंडिडेट बदल दिया है। तिरहुत शिक्षक के बाद अब दरभंगा स्नातक सीट से जन सुराज का प्रत्याशी बदल दिया गया है। यहां से अब मोहम्मद इम्तियाज उर्फ नूरानी पीके की पार्टी से एमएलसी चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने पूर्व में घोषित रवींद्र यादव का नाम वापस ले लिया है। इससे पहले तिरहुत शिक्षक सीट पर भी जन सुराज पार्टी ने भी कैंडिडेट बदलकर भूषण झा की जगह श्याम नंदन यादव को टिकट दिया था।

### डीएलएड प्रथम और द्वितीय वर्ष की परीक्षा का रिजल्ट जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने डीएलएड प्रथम और द्वितीय वर्ष की परीक्षा का रिजल्ट सोमवार को जारी कर दिया। समिति के अध्यक्ष डॉ. त्यागराजन एस.एम. ने परीक्षाफल जारी किया। अभ्यर्थी अपना रिजल्ट बिहार बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देख और डाउनलोड कर सकते हैं। डीएलएड प्रथम वर्ष (सत्र 2025-2027) की परीक्षा में कुल 32,167 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इनमें 30,689 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इस परीक्षा का उत्तीर्णता प्रतिशत 95.40 रहा। वहीं डीएलएड द्वितीय वर्ष (सत्र 2024-26) की परीक्षा में 30,939 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इनमें 29,559 अभ्यर्थी सफल हुए हैं। द्वितीय वर्ष का उत्तीर्णता प्रतिशत 95.53 रहा।

### मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित जिलों का किया हवाई सर्वेक्षण

# प्रभावित लोगों तक समय पर पहुंचाई जाय जरूरी सुविधाएं : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को बिहार के बाढ़ प्रभावित वैशाली, सारण, पूर्वी चंपारण और गोपालगंज जिलों का हवाई सर्वेक्षण किया। उन्होंने गोपालगंज के डुमरिया घाट पहुंचकर गंडक नदी के बढ़े जलस्तर का स्थल निरीक्षण भी किया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि डुमरिया घाट के पास गंडक नदी का जलस्तर खतरे के निशान से करीब डेढ़ मीटर ऊपर है। रात में जलस्तर करीब 50 सेंटीमीटर और बढ़ने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित और निचले इलाकों की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राहत और बचाव कार्यों में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और प्रभावित लोगों तक जरूरी सुविधाएं समय पर पहुंचाई जाएं। उन्होंने जल संसाधन विभाग को तटबंधों की लगातार निगरानी करने और रात में पेट्रोलिंग कराने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन को एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के साथ बेहतर समन्वय बनाकर जरूरत के अनुसार तुरंत कार्रवाई करने को कहा। मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत शिविर और सामुदायिक रसोई के जरिए लोगों को भोजन और जरूरी राहत उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों से राहत एवं बचाव कार्यों को प्राथमिकता देने को कहा। निरीक्षण के दौरान डुमरिया घाट पुल पर जल संसाधन मंत्री और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, सांसद राधा मोहन सिंह, स्थानीय विधायक और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। जल संसाधन मंत्री और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि फिलहाल बाढ़ जैसे हालात नहीं हैं। उन्होंने बताया कि जलस्तर में करीब 10 सेंटीमीटर और वृद्धि होने की संभावना है लेकिन सरकार पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की टीमें लगातार क्षेत्र में काम कर रही हैं और स्थिति पर नजर रखी जा रही है। बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर प्रभावित लोगों को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने भी अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां पूरी रखने और बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



# बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने पद से दिया इस्तीफा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान परिषद के सभापति और भाजपा के वरिष्ठ नेता अवधेश नारायण सिंह ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा विधान परिषद के उपसभापति को सौंपा। बताया जा रहा है कि बीजेपी और जदयू के बीच सत्ता संतुलन को लेकर बनी सहमति के तहत सभापति ने इस्तीफा दिया है। अब यह पद जदयू कोटे में जाने की संभावना है। उपसभापति को दिए अपने पत्र में अवधेश नारायण सिंह ने लिखा है, कि पिछले 33 वर्षों से मैं लगातार विधान परिषद का सदस्य हूं। अब भी सदस्य के रूप में सदन में अपनी सक्रिय भूमिका निभाऊंगा और सार्वजनिक जीवन में जन-सेवाओं के कार्यक्रमों और अन्य गतिविधियों को जारी रखूंगा। सदन के भीतर सभापति के रूप में मुझे अपने सदस्यों का जो स्नेह-सहयोग मिला है, उसके लिए सबको धन्यवाद देता हूं। विधान परिषद के सभापति पद से इस्तीफा देने के बाद अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि मैं चार बार सभापति रहा। पार्टी ने मुझे बहुत बड़ा मौका दिया। किसी से कोई गिला-शिकवा नहीं है। पार्टी ने मेरे भविष्य को ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया है। पार्टी जैसा कहेगी, मैं उसका पालन करूंगा। मैं बीजेपी का कोषाध्यक्ष भी रहा हूं। वहां भी बेहतर काम किया है। मेरी जगह रामवचन राय सभापति पद पर आएंगे। इस बात की मुझे खुशी है। परिषद के कर्मचारियों को हमेशा अपने परिवार की तरह माना है। मेरे कार्यकाल में जितनी भी बहाली हुई, वह पारदर्शिता के साथ हुई। उन्होंने कहा कि अब तक मैंने गांव में अपना घर नहीं बनवाया है। अब मैं थोड़ा समय लेकर घर से जुड़े कुछ काम करूंगा। नीतीश कुमार के प्रति आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने मुझे जितना प्यार और सम्मान दिया, उसे भुलाया नहीं जा सकता।



# पांच करोड़ से अधिक के टेंडर की जांच कराएगी बिहार सरकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने बड़े सरकारी कामों के टेंडर को लेकर जांच की प्रक्रिया शुरू करने का फैसला लिया है। जनवरी 2026 से अब तक जिन टेंडरों की अनुमानित राशि पांच करोड़ रुपये या उससे ज्यादा है उनकी तकनीकी जांच कराई जाएगी। इस दायरे में स्वास्थ्य विभाग से लेकर नगर विकास विभाग तक कई अहम विभाग शामिल हैं। सरकार ने संबंधित विभागों से इन टेंडरों का पूरा रिकॉर्ड मांगा है। जांच का दायरा कुल नौ विभागों तक रखा गया है। इनमें नगर विकास एवं आवास, पथ निर्माण, पर्यटन, ग्रामीण कार्य और ऊर्जा विभाग शामिल हैं। इसके अलावा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, भवन निर्माण, लघु जल संसाधन और स्वास्थ्य विभाग के पांच करोड़ रुपये या उससे ज्यादा वाले टेंडर भी जांचे जाएंगे। सरकार की इस जांच में केवल यह नहीं देखा जाएगा कि किसी काम का टेंडर कितने रुपये का है। टेंडर की पूरी प्रक्रिया और उससे जुड़े दस्तावेजों को भी जांचा जाएगा। खास तौर पर यह देखा जाएगा कि कहीं प्रक्रिया में छेड़छाड़ हुई है या नियमों से हटकर कोई फैसला लिया गया है। किसी दूसरी तरह की अनियमितता सामने आती है या नहीं, इसकी भी पड़ताल होगी। जांच के लिए संबंधित विभागों को हर टेंडर का पूरा ब्योरा देना होगा। इसमें सबसे पहले टेंडर जारी करने की तारीख और संबंधित काम का नाम शामिल है। इसके साथ उस काम के लिए विभाग ने कितनी अनुमानित राशि तय की थी, इसकी जानकारी भी देनी होगी। टेंडर की मौजूदा स्थिति भी रिकॉर्ड में बतानी होगी।

# रिश्वत लेते वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** निगरानी विभाग की टीम ने सोमवार को वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी कांति कुमारी को 10 हज़ार रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि एक केस को मैनेज के नाम पर वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी रिश्वत ले रही थी तभी निगरानी विभाग की टीम ने उन्हें दबोच लिया। टीम द्वारा छापेमारी का कार्य इतने गुप्त तरीके से की गयी कि किसी को इसकी भनक तक नहीं लग सकी। यह कार्रवाई टंडवा थाना क्षेत्र के सिकरिया मनिहारी गांव निवासी जीविका दीदी पूनम देवी की शिकायत के आधार पर की गई। निगरानी विभाग की इस कार्रवाई के बाद समाहरणालय में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार पूनम देवी का जमीन पर पानी बहाने को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद को समाप्त कराने में मदद करने के नाम पर वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी द्वारा कथित तौर पर 15 हजार रुपये की मांग की गई थी। रुपये की मांग से परेशान पूनम देवी ने मामले की शिकायत पटना निगरानी विभाग से की। शिकायत मिलने के बाद विभाग ने पहले मामले का सत्यापन कराया। सत्यापन के दौरान रिश्वत मांगे जाने की पुष्टि होने के बाद निगरानी विभाग की टीम ने कार्रवाई की योजना बनाई। सोमवार को पूनम देवी को 10 हजार रुपये लेकर कांति कुमारी के कार्यालय पहुंचने को कहा गया। जैसे ही पूनम देवी ने कांति कुमारी को रुपये दिए, पहले से मौजूद निगरानी टीम ने उन्हें पकड़ लिया। टीम ने उनके पास से रिश्वत की राशि भी बरामद कर ली। यह कार्रवाई निगरानी पुलिस उपाधीक्षक ऋषिता स्नेह के नेतृत्व में की गई। निगरानी विभाग की टीम कांति कुमारी को अपने साथ ले गई जहां आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है। रिश्वत की कथित मांग किस उद्देश्य से की गई थी और इसमें कोई अन्य व्यक्ति शामिल था या नहीं, इसकी भी जांच की जा रही है।



# पूर्व प्रमुख के पति को मारी गोली

**सिवान(नबिटा ब्यूरो)।** सोमवार को बदमाशों ने आंदर प्रखंड की पूर्व प्रमुख के पति को दिन-दहाड़े गोली मार दी। गोली उनकी कनपटी में लगी है। गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच, पटना रेफर कर दिया है। घायल शख्स की पहचान पूर्व प्रमुख प्रतिभा गिरी के पति किशोर कुमार गिरी के रूप में हुई है, जो कि पेशे से शिक्षक हैं। उनको स्कूल की एक शिक्षिका ने फोन कर विद्यालय बुलाया था। शिक्षिका ने बताया कि एक युवक और युवती स्कूल के एक कमरे में प्रवेश कर संदिग्ध गतिविधि कर रहे थे। इसलिए किशोर गिरी को बुलाया था। इसी बीच बाइक सवार युवकों ने गोलीबारी शुरू कर दी। फायरिंग के दौरान एक गोली किशोर कुमार गिरी की कनपटी में जा लगी। गोली लगते ही वह जमीन पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।

# पटना एडीएम के ठिकानों पर निगरानी का छापा

## 70 लाख से ज्यादा कैश, 80 लाख के जेवर एवं 40 विदेशी घड़ियां मिली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने सोमवार को आय से अधिक संपत्ति के मामले में पटना के एडीएम सप्लाई रवीन्द्र कुमार दिवाकर और उनकी पत्नी दानापुर की डिस्ट्रिक्ट सब-रजिस्ट्रार कुमारी स्वीटी के चार ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई दोनों के पटना और बेगूसराय स्थित आवास के साथ ही कार्यालयों पर की गई। दोनों आवासों से टीम को करीब 70 लाख से ज्यादा नकदी और और करीब 80 लाख रुपये कीमत के जेवर बरामद हुए हैं। नोट गिनने के लिए विजिलेंस की टीम को करेंसी काउंटिंग मशीन का भी सहारा लेना पड़ा। इसके अलावा पटना स्थित आवास से करीब 40 कीमती विदेशी घड़ियां भी बरामद हुई हैं। इनकी कीमत एक करोड़ से ज्यादा आंकी जा रही है। निवेश से जुड़े कागजात भी हाथ लगे हैं। ब्यूरो ने एक करोड़ छह लाख 85 हजार 900 रुपये की आय से अधिक संपत्ति का पता चलने के बाद एफआइआर दर्ज की है। रवीन्द्र कुमार दिवाकर पहले गया में एसडीएम और सारण में डीपीआरओ के पद पर तैनात थे। करीब एक साल से पटना में एडीएम सप्लाई के पद पर तैनात थे। इस समय वह दानापुर के रूपसपुर थानाक्षेत्र मे नहर रोड स्थित कश्यप ग्रीनसिटी में एक अपार्टमेंट में किराये पर फ्लैट लेकर रह रहे हैं। उन्होंने इसी अपार्टमेंट में पेंटा हाउस समेत दो फ्लैट भी खरीदे हैं, जिनकी मेंटनेंस का काम चल रहा है। आय से अधिक संपत्ति से जुड़े विजिलेंस पीएस केस नंबर 113/26 के सिलसिले में सोमवार को टीम ने कोर्ट से सर्च वारंट लिया और दोपहर में आवास और कार्यालय में एक साथ छापेमारी कर दी। पटना के साथ ही बेगूसराय में नगर थाना पोखरिया वार्ड संख्या-37 स्थित पैतृक आवास में पहुंची टीम को नोटों का जखीरा हाथ लगा। विजिलेंस की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक दोनों जगहों से 100 से ज्यादा 500 रुपये के नोट की गड्डियां बरामद हुई हैं। दंपति के कार्यालय पहुंची टीम को कुछ खास हाथ नहीं लगा है। विजिलेंस के मुताबिक तलाशी के दौरान नकद और अन्य चल-अचल संपत्ति की बरामदगी से आय से अधिक संपत्ति से जुड़ा भ्रष्टाचार का मामला और पुख्ता हुआ है।



# बिहार में नए पुलिस अनुमंडल बनाने की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सूबे में समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी जिलों के बड़े पुलिस क्षेत्रों को पुनर्गठित कर अनुमंडल स्तर पर निगरानी और पुलिस व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने की योजना है। मिथिला पुलिस क्षेत्र में पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने के लिए पांच नए पुलिस अनुमंडल गठित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। समस्तीपुर जिले में प्रस्तावित पुनर्गठन के तहत रोसड़ा पुलिस अनुमंडल को दो हिस्सों में बांटने की योजना है। रोसड़ा-1 में रोसड़ा, विभूतिपुर, शिवाजीनगर और हथौड़ी थानों को शामिल करने का प्रस्ताव है। वहीं, रोसड़ा-2 का मुख्यालय हसनपुर रखने की योजना बताई गई है। इसमें हसनपुर, सिंघिया, बिथान और लरझाघाट थानों को शामिल किया गया है। दरभंगा जिले में सदर-3 पुलिस अनुमंडल बनाने का प्रस्ताव है। इसके दायरे में नौ थानों को शामिल करने की योजना है। इनमें हायाघाट, अशोक पेपर मिल, विशनपुर, मोरो, भालपट्टी, बहादुरपुर, फ़ेकला, पतोर और सोनकी थाना शामिल हैं। मधुबनी जिले में तीन नए पुलिस अनुमंडल बनाए जाने का प्रस्ताव है।

# ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों से मजबूत होगी कनेक्टिविटी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने के लिए सरकार कई फैसले ले रही है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में अजगैबीनाथ धाम और सोनपुर में प्रस्तावित एयरपोर्ट परियोजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की गई। बैठक में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों के टेक्नो इकोनॉमिक फिजिबिलिटी रिपोर्ट्स/ट्रैफिक सर्वे, दोनों परियोजनाओं के मास्टर प्लान, भूमि अधिग्रहण, एयरपोर्ट की क्षमता, कनेक्टिविटी और आवश्यक आधारभूत संरचनाओं के विकास से संबंधित अलग-अलग पहलुओं को लेकर डिटेल में चर्चा की गई। इस दौरान जानकारी दी गई कि अजगैबीनाथ धाम ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे में पहले फ़ेज में 3500 करोड़ रूपये और सोनपुर ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल हवाईअड्डे में पहले फ़ेज में 6500 करोड़ रूपये का निवेश पीपीपी मोड पर होना है। राज्य सरकार भू-अर्जन और कनेक्टिविटी की लागत पर वहन करेगी। बैठक में बिहार रैयती भूमि क्रय नीति, 2026 के तहत एयरपोर्ट परियोजनाओं के लिए आवश्यक भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को भूमि अधिग्रहण से संबंधित प्रक्रियाओं में तेजी लाने और सभी आवश्यक कार्यों को आपसी समन्वय के साथ समय से पूरा करने का निर्देश दिया। अजगैबीनाथ धाम में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के मास्टर प्लान पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि एयरपोर्ट की आधारभूत संरचना और रन-वे का विकास इस प्रकार किया जाए कि यहां बड़े विमानों का संचालन संभव हो सके। उन्होंने कहा कि इस एयरपोर्ट के विकसित होने से इलाके में हवाई कनेक्टिविटी के साथ पर्यटन की संभावनाओं को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अजगैबीनाथ धाम एयरपोर्ट से मुंगेर, लखीसराय, जमुई, भागलपुर, बांका, खगड़िया, बेगूसराय सहित आसपास के जिलों को बेहतर हवाई सुविधा का लाभ मिलेगा। साथ ही, श्रावणी मेले के दौरान देश के अलग-अलग क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन को भी सुविधा मिलेगी। बैठक में सोनपुर एयरपोर्ट के मास्टर प्लान की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इस एयरपोर्ट को बड़े विमानों के संचालन के अनुकूल विकसित किया जाए। एयरपोर्ट पर कार्गो सुविधा उपलब्ध कराने और यात्रियों की सुविधा के लिए बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया। प्रस्तावित सोनपुर एयरपोर्ट से बिहार के 22 जिलों के साथ-साथ झारखंड और उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों को भी हवाई संपर्क का लाभ मिलने की संभावना है। बैठक में एयरपोर्ट को राज्य के हवाई संपर्क और आर्थिक गतिविधियों के विस्तार के लिए महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना के रूप में विकसित करने पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों एयरपोर्ट परियोजनाओं के विकास से हवाई कनेक्टिविटी, पर्यटन, व्यापार और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने और अलग-अलग विभागों के बीच प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी जरुरी प्रक्रियाओं और निर्माण संबंधी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के अंदर पूरा किया जाए। साथ ही परियोजनाओं की नियमित समीक्षा की जाए।



# 2030 तक आधुनिक और स्मार्ट विद्युत वितरण प्रणाली बनाने को भारत प्रतिबद्ध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारत वर्ष 2030 तक आधुनिक, डिजिटल और स्मार्ट विद्युत वितरण प्रणाली विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इंडोनेशिया में बीते सप्ताह आयोजित एनलिट एशिया 2026 के दौरान ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने पीटी पीएलएन (इंडोनेशिया पावर) का दौरा किया। इस दौरान विद्युत वितरण व्यवस्था, ग्रिड आधुनिकीकरण, डिजिटलाइजेशन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के एकीकरण तथा पावर सेक्टर के भविष्य को लेकर ऊर्जा क्षेत्र के विशेषज्ञों के बीच व्यापक विचार-विमर्श और अनुभवों का आदान-प्रदान हुआ। प्रतिनिधिमंडल में इंडिया स्मार्ट ग्रिड फोरम के साथ बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, पंजाब, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों की विद्युत वितरण कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल थे। भारत की ओर से एनबीपीडीसीएल के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने इंडोनेशिया का दौरा किया। राहुल कुमार ने ऊर्जा परिवर्तन में भारत के साथ बिहार की भूमिका और भविष्य की दिशा को प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्युत वितरण क्षेत्र के आधुनिकीकरण और भविष्य की जरूरतों से संबंधित विभिन्न पहलों को भी साझा किया। चर्चा के दौरान वर्ष 2030 तक भारत के 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य के अनुरूप आधुनिक, डिजिटल और स्मार्ट विद्युत वितरण प्रणाली विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। राहुल कुमार ने कहा कि ग्रिड आधुनिकीकरण, डिजिटल तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग विद्युत वितरण व्यवस्था को अधिक कुशल, विश्वसनीय, स्मार्ट और भविष्य के लिए तैयार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। एनलिट एशिया 2026 में विभिन्न देशों के ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों, संस्थानों और प्रतिनिधियों ने सहयोग, नवाचार और तकनीकी अनुभवों का आदान-प्रदान किया। कार्यक्रम में विद्युत क्षेत्र में उभरती तकनीकों, स्मार्ट ग्रिड समाधानों और डिजिटल परिवर्तन की संभावनाओं पर भी महत्वपूर्ण चर्चा हुई। बिहार की सहभागिता से राज्य के विद्युत वितरण क्षेत्र में आधुनिक तकनीक, डिजिटल समाधान और स्मार्ट ग्रिड आधारित प्रणालियों को बढ़ावा देने तथा भारत के व्यापक ऊर्जा परिवर्तन में राज्य की भूमिका को मजबूत करने के लिए वैश्विक अनुभव और दृष्टिकोण प्राप्त हुए।

# सिंगापुर में सौर ऊर्जा वैज्ञानिक डॉ. कृष्णा सिंह से मिले बिहार विधान सभा अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार अपने अध्ययन दौरे के क्रम में सिंगापुर पहुंचे जहां उन्होंने सिंगापुर की राष्ट्रीय यूनिवर्सिटी का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने मूल रूप से बिहार निवासी और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में कार्यरत वैज्ञानिक डॉ. कृष्णा सिंह से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान डॉ. कृष्णा सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सौर ऊर्जा के क्षेत्र में किए जा रहे अपने नवीनतम शोध और अनुसंधान कार्यों की जानकारी डॉ. प्रेम कुमार को दी। उन्होंने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अपने शोध, तकनीकी कार्यों और भविष्य की संभावनाओं से संबंधित विभिन्न पहलुओं को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तार से रखा। इस अवसर पर सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नवाचार, नई तकनीकों के विकास और भविष्य की संभावनाओं को लेकर भी चर्चा हुई। बिहार मूल के वैज्ञानिक डॉ. कृष्णा सिंह द्वारा सौर ऊर्जा के क्षेत्र में किए जा रहे शोध कार्यों की जानकारी लेते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने अध्ययन दौरे के दौरान तकनीकी और वैज्ञानिक क्षेत्रों में हो रहे कार्यों से भी अवगत हुए। सिंगापुर की राष्ट्रीय यूनिवर्सिटी के भ्रमण और वैज्ञानिक से मुलाकात के दौरान सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अनुसंधान एवं नवाचार की संभावनाओं पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

# भगत सिंह की जयंती पर बिहार विधान सभा अध्यक्ष ने किया नमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह की जयंती पर बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने भगत सिंह को महान स्वतंत्रता सेनानी और अमर क्रांतिकारी बताते हुए कहा कि वे भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के ऐसे अमर नायक थे जिन्होंने अपने अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति, त्याग और बलिदान से देश की युवा पीढ़ी में स्वतंत्रता की लौ प्रज्वलित की। उनका जीवन मातृभूमि की स्वतंत्रता और देश के सम्मान के लिए पूर्ण समर्पण का प्रतीक है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भगत सिंह ने युवाओं को केवल स्वतंत्रता के लिए संघर्ष की प्रेरणा ही नहीं दी, बल्कि अध्ययन, विचार, तर्क और सामाजिक चेतना को भी महत्व दिया। उनका प्रसिद्ध विचार, 'क्रांति की तलवार विचारों की सान पर तेज होती है', आज भी युवाओं को जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का बलिदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास का अत्यंत गौरवपूर्ण अध्याय है। 23 मार्च 1931 को तीनों महान क्रांतिकारियों ने हंसते-हंसते फांसी का वरण किया और मातृभूमि के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। भगत सिंह का जीवन सिखाता है कि राष्ट्र के प्रति समर्पण केवल शब्दों से नहीं, बल्कि त्याग, अनुशासन, साहस और कर्म से सिद्ध होता है। आज की युवा पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता, शिक्षा और जनसेवा के क्षेत्र में योगदान देना चाहिए।

# तकनीक के युग में कविता जरूरी : विजय प्रकाश

## बिहार विद्यापीठ में हिंदी पखवारा के तहत काव्य पाठ प्रतियोगिता, शालू कुमारी रहीं प्रथम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने कहा है कि आज के ए.आई. के युग में काव्य पाठ जैसे कौशल को विशेष रूप से प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। वे सोमवार को देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में हिंदी पखवारा के अंतर्गत आयोजित काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रशिक्षुओं को संबोधित कर रहे थे। श्री प्रकाश ने कहा कि विद्यालयों और महाविद्यालयों में काव्य लेखन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। कविता लेखन का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि कई प्रबंधन संस्थानों में भी कविता लिखना सिखाया जाता है। उन्होंने अपने आशीर्वचनों से भावी शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया और उनका मनोबल बढ़ाया। निदेशक (शिक्षा, संस्कृति एवं संग्रहालय) डॉ. मृदुला प्रकाश ने भी प्रशिक्षुओं को संबोधित किया। अपनी ओजस्वी वाणी में उन्होंने प्रशिक्षुओं को हिंदी भाषा और साहित्य के प्रति रुचि विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

**प्रशिक्षुओं ने दिखाई काव्य प्रतिभा**

दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम शुरू हुआ। बी.एड. और डी.एल.एड. के प्रशिक्षुओं ने विभिन्न भावों और विषयों पर कविताएं सुनाईं। इन प्रस्तुतियों से पूरा सभागार काव्यमय हो उठा। प्रतियोगिता में डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष की शालू कुमारी प्रथम और इसी वर्ष के प्रियेश कुमार द्वितीय रहे। बी.एड. प्रथम वर्ष की गुनगुन सीतारिया को तृतीय और मानवी कुमारी को चतुर्थ स्थान मिला। बी.एड. द्वितीय वर्ष की श्रुति कुमारी पंचम रहीं। विजेताओं का चयन निर्णायक मंडल ने किया। मंडल में बिहार विद्यापीठ के अपर सचिव श्यामानंद चौधरी, संयुक्त सचिव अवधेश के. नारायण और ए.आई.सी. के सी.ओ.ओ. प्रमोद कर्ण शामिल थे। प्रस्तुति, भावाभिव्यक्ति, उच्चारण, विषय-वस्तु और शैली को चयन का आधार बनाया गया। विजेताओं को प्रमाण-पत्र और मेडल से सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र भी दिए गए। भाषा विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. रीना चौधरी और मंजरी चौधरी ने सांस्कृतिक विभाग के सहयोग से कार्यक्रम का समन्वयन किया। अतिथियों का स्वागत मंजरी चौधरी ने और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रीना चौधरी ने किया। मंच संचालन बी.एड. प्रथम वर्ष के प्रशिक्षु सपना और अभिनय कश्यप ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्रोफेसर, शिक्षकेतर कर्मचारी और प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

# पोषण जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** राष्ट्रीय पोषण माह 2026 के अंतर्गत 28 सितंबर 2026 को केन्द्रीय सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पूर्व मध्य रेल, पटना में 'पर्याप्त प्रोटीन सेवन एवं आहार विविधता' विषय पर पोषण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डायटिशियन श्रीमती प्रेक्षी के द्वारा प्रोटीन के महत्व, प्रमुख स्रोतों तथा संतुलित एवं विविध आहार के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में चिकित्सा निदेशक, डॉ. सुबोध कुमार मिश्रा एवं अन्य चिकित्सकगण, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ तथा मरीजगण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. रीना रंजन, मंडल चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया गया।

# बिहार ग्रामीण बैंक के सहयोग से जीविका का विशेष कैंप लगेगा

## ग्रामीण विकास और जनसंपर्क मंत्री से बिहार ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष ने की मुलाकात


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** ग्रामीण विकास और सूचना मंत्री श्रवण कुमार से बिहार ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष मुकुल सहाय ने मुलाकात की। सूचना भवन स्थित मंत्री के कार्यालय में सोमवार को सौहार्दपूर्ण मुलाकात के दौरान जीविका परियोजना में बैंक के स्तर से प्रस्तुत कार्ययोजना पर चर्चा हुई। बैंक के स्तर से जीविका परियोजना के लिए सकारात्मक पहल की जाती रही है। ग्रामीण बैंक के सहयोग से राज्य के अलग-अलग हिस्सों में विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। इनमें जीविका दीदियों को स्वरोजगार शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता मुहैया कराने से लेकर वित्तीय परामर्श प्रदान किए जाएंगे। इस मौके पर मंत्री श्री कुमार ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी बनाने तथा स्व- रोजगार को प्रोत्साहन देने के लिए जीविका के माध्यम से जो रास्ता बनाया है, उसे निरंतर मजबूती प्रदान की जा रही है। इस कार्य में सहयोग प्रदान करने के लिए ग्रामीण बैंक जैसे कई वित्तीय संस्थानों से निरंतर सहयोग लिया जा रहा है। राज्य में महिलाओं को सशक्त और मजबूत करने के लिए विभाग के स्तर से भी निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। मंत्री ने बताया कि ग्रामीण बैंक के माध्यम से जीविका परियोजना कई स्तर पर मदद प्रदान करने की पहल की गयी है। राज्य के अनेक हिस्सों में कार्यक्रम आयोजित कर दीदियों को आर्थिक सहायता खासकर पशुपालन, बकरी पालन के अलावा आचार-पापड़, सिलाई-कटाई जैसे छोटे एवं मध्यम स्तरीय कुटीर उद्योगों को स्थापित करने में काफी सहायता होगी। बैंक के पदाधिकारियों ने इसे लेकर एक समुचित कार्य योजना मंत्री के समक्ष प्रस्तुत की है। इस मुलाकात के दौरान बैंक के अध्यक्ष ने बिहार ग्रामीण बैंक की विभिन्न योजनाओं, बैंक की उपलब्धियों तथा बिहार के विकास में बैंक की तरफ से किए जा रहे विभिन्न प्रयासों एवं योगदान के बारे में मंत्री को अवगत कराया। मंत्री के स्तर से भी कई सुझाव दिए गए। इस अवसर पर बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक पंकज कुमार, प्रबंधक केशरी नंदन कुमार, अजय कुमार समेत अन्य उपस्थित रहे।

# सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर की जयंती पर बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सुर-साम्राज्ञी एवं भारत रत्न से सम्मानित महान गायिका लता मंगेशकर की जयंती पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि लता मंगेशकर जी भारतीय संस्कृति, संगीत और भावनाओं की अमर स्वर-प्रतिनिधि थीं। उनकी मधुर आवाज ने कई पीढ़ियों को भाव-विभोर किया और भारतीय संगीत को विश्वभर में विशिष्ट पहचान दिलाई। लता जी ने अपने लंबे संगीत जीवन में अनेक भारतीय भाषाओं में गीतों को अपनी आवाज दी। लता जी की आवाज में भारतीयता की आत्मा सुनाई देती थी। देशभक्ति के गीत हों, भक्ति के स्वर हों, प्रेम और करुणा की अभिव्यक्ति हो अथवा जीवन के सुख-दुःख–उन्होंने अपनी आवाज से हर भावना को अमर बना दिया। लता जी की साधना, अनुशासन, समर्पण और संगीत के प्रति निष्ठा नई पीढ़ी के कलाकारों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत हरियाली का संदेश, नित्यानंद राय ने किया पौधारोपण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र के सरायरंजन विधानसभा अंतर्गत राम-जानकी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल परिसर में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने 101 फलदार वृक्षों का पौधारोपण किया। इस अवसर पर नित्यानंद राय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन सेवा, सुशासन, राष्ट्र निर्माण और जनकल्याण के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण है। सेवा संकल्प अभियान इसी सेवा भावना को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का माध्यम है। वृक्ष केवल पर्यावरण को सुरक्षित हीं नही बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, हरित वातावरण और स्वस्थ जीवन की आधारशिला भी तैयार करता है। 101 फलदार पौधों का यह पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ समाज और प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का संदेश देता है। श्री राय ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के 'एक पेड़ मां के नाम' जैसे पर्यावरणीय आह्वान से देशभर में प्रकृति के प्रति जनभागीदारी की भावना मजबूत हुई है। सेवा का अर्थ केवल किसी जरूरतमंद की सहायता करना ही नहीं, बल्कि प्रकृति और आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा करना भी है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का सेवा संकल्प समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने और 'विकसित भारत' के साथ 'स्वस्थ, स्वच्छ एवं हरित भारत' के निर्माण का संकल्प है। इस अवसर पर विधान पार्षद तरूण कुमार, समस्तीपुर दक्षिणी के जिलाध्यक्ष शशिधर झा,महाविद्यालय के निदेशक, प्राचार्य, चिकित्सक, जिले के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, अस्पताल के कर्मी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने पौधों के संरक्षण और उनके नियमित देखभाल का संकल्प लिया।

# स्वच्छ पानी मुहैया कराने के उद्देश्य से धनबाद मंडल में चलाया जा रहा स्पेशल ड्राइव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** धनबाद मंडल में पानी की क्वालिटी सुधारने के लिए एक स्पेशल ड्राईव चलाया जा रहा है जिसके तहत पानी के स्टोरेज टैंकों की सफाई क्लोरीनेशन/डिसइंफेक्शन पानी की क्वालिटी की मॉनिटरिंग और सोर्स से लेकर नल तक ट्रीटमेंट की जरूरतों का रिव्यू किया जा रहा है। पानी के सोर्स से नल तक पानी की क्वालिटी का असेसमेंट किया जा रहा है ताकि उन जगहों की पहचान की जा सके जहां फिल्ट्रेशन या ट्रीटमेंट की आवश्यकता है। सोर्स प्वाइंटस पर क्लोरीनेशन सुनिश्चित किया जा रहा है और कई स्टेशनों पर क्लोरीनेटर मशीनें लगाने का कार्य स्वीकृत है। पानी की सप्लाई पाइपलाइनों और पाइपिंग सिस्टम की समय-समय पर जांच की जा रही है और जांच के दौरान पाई गई कमियों को तुरंत ठीक किया जा रहा है। पानी क्वालिटी और रेसिडुअल क्लोरीन की जांच के नतीजों पर लगातार नजर रखी जा रही है और जहां भी जरूरत हो, जरूरी सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में वाटर टैंकों के सफाई हेतु धनबाद मंडल में 20-08-2026 से एक विशेष अभियान के तहत 18-09-2026 तक ओवरहेड अंडरग्राउंड और पीवीसी सहित सभी 4608 पानी के टैंकों की सफाई की जानी है। इनमें से अब तक 2386 पानी के टैंकों को साफ और डिसइंफेक्ट किया जा चुका है। बाकी टैंकों पर तेजी से काम पूरा करने के लिए कड़ी नजर रखी जा रही है। लोगों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 30 पीएस टैंक के बदलने कार्य की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। पूर्व मध्य रेल यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों को सुरक्षित साफ और भरोसेमंद पीने के पानी की सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है जिसके तहत सभी मंडलों में लगातार मॉनिटरिंग बचाव के लिए मेंटेनेंस और समय पर सुधार के कदम उठाए जा रहे हैं।

# महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने राजेंद्र पुल, मोकामा के समानांतर नए रेल पुल पर चल रहे प्री एनआई कार्यों का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग द्वारा राजेंद्र पुल के समानांतर बने नवनिर्मित पुल से होकर परिचालन प्रारंभ करने के उद्देश्य से चल रहे प्री-एनआई कार्य का निरीक्षण किया गया। उन्होंने गढ़हरा एवं दिनकर ग्राम सिमरिया के मध्य चल रहे कट एंड कनेक्शन कार्यों का जायजा लिया। साथ ही समपार सं. 2 एन.बी. के समीप रिले हट एवं यार्ड रिमॉडलिंग स्थल का भी निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने सभी संबंधित एजेंसियों, दानापुर और सोनपुर मंडल की टीमों के साथ चल रहे एनआई कार्यों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन एवं दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार सहित मुख्यालय एवं मंडल तथा इरकॉन के अधिकारीगण भी उपस्थित थे। विदित हो कि इस नये रेल पुल को वर्तमान राजेन्द्र पुल के समानान्तर एवं पटना छोर की तरफ वर्तमान पुल से 50 मीटर की दूरी पर बनाया गया है। इस पुल पर दोहरी रेल लाइन का निर्माण किया गया है। यह प्रोजेक्ट लगभग 15.5 किमी की कुल लंबाई में फैला है जिसमें 1.9 किमी का गंगा नदी पर मुख्य पुल शामिल है जिसमें गंगा नदी पर 17 स्टील स्पैन हैं तथा 3.6 किमी के रेल वायडक्ट और बड़े पुल शामिल हैं। मुख्य पुल के साथ ही 8 लघु पुल, 2 सड़क उपरि पुल तथा 3 रेल ओवर रेल का निर्माण भी किया गया है। नये पुल की निर्माण योजना इस तरह बनायी गयी है कि वर्तमान पुल के एप्रोच में कम से कम परिवर्तन करना पड़े। निर्माणाधीन नये पुल के दोनों छोर के स्टेशन, वर्तमान पुल के दोनों छोर के स्टेशनों से ही जुड़े होंगे अर्थात वर्तमान में उत्तर में स्थित हाथीदह, टाल एवं रामपुर डुमरा स्टेशनों तथा दक्षिण में स्थित राजेन्द्रपुल तथा बरौनी स्टेशनों से जुड़े होंगे। इस पुल से होकर परिचालन प्रारंभ हो जाने से नॉर्थ और साउथ बिहार के साथ ही नॉर्थ-ईस्ट इलाकों के बीच रेल कनेक्टिविटी और मजबूत होगी तथा पैसेंजर और मालगाड़ियों के परिचालन में सुधार होगा।

# जनजातीय क्षेत्रों में पहुंचेगा विकास का रोडमैप

## शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका से लेकर संस्कृति और आधारभूत सुविधाओं पर होगा मंथन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य के जनजातीय समुदायों की वास्तविक जरूरतों और स्थानीय समस्याओं को समझकर विकास की दिशा तय करने की पहल तेज कर दी गई है। बिहार अनुसूचित जनजाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान की ओर से प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत प्रदेश के 24 चिन्हित जिलों में सम्मेलन सह संगोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है। इन सम्मेलनों के माध्यम से जनजातीय समुदायों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं और विकास संबंधी प्राथमिकताओं को सामने लाया जा रहा है, ताकि संबंधित विभागों और हितधारकों के समन्वय से इनके समाधान की ठोस पहल की जा सके। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के स्तर से कराए जा रहे इन सम्मेलनों का फोकस केवल समस्याओं की पहचान तक सीमित नहीं है, बल्कि जनजातीय समुदायों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से दिलाने और योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली स्थानीय चुनौतियों को दूर करने पर भी है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आजीविका, कौशल विकास, आवास, पेयजल, सड़क, बिजली, सामाजिक सुरक्षा, संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण समेत अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर समुदाय के प्रतिनिधियों और संबंधित पक्षों के साथ विचार-विमर्श किया जा रहा है।

# राज्य में डेढ़ लाख से अधिक घरों में पहुंचा पीएनजी कनेक्शन

## सभी जिलों में विस्तार में तेजी लाने का मुख्य सचिव का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राज्य में अब तक 1 लाख 52 हजार 686 से अधिक घरेलू पाइप्ड नैचुरल गैस (डी-पीएनजी) कनेक्शन लाइव हो चुके हैं जो मार्च 2026 तक के लक्ष्य का लगभग 40.44% है। यह जानकारी सोमवार को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के तत्वावधान में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में पीएनजी और सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क की प्रगति की समीक्षा बैठक में प्राप्त हुई। बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिलाधिकारी तथा तेल एवं गैस कंपनियों के वरिष्ठ प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्य सचिव ने राज्य भर में पाइपलाइन बिछाने और गैस कनेक्शन प्रदान करने में तेजी लाने के लिए अधिकारियों को मिशन मोड में काम करने का निर्देश दिया। श्री अमृत ने बताया कि राज्य के कुल 38 में से 28 जिलों यानी 74 प्रतिशत में सिटी गेट स्टेशन (सीजीएस) नेटवर्क स्थापित/गैसीकृत हो चुका है। 5 नए जिलों- शिवहर, सीतामढ़ी तथा बक्सर सहित को सफलतापूर्वक नेटवर्क से जोड़ा जा चुका है। कैमूर के भभुआ में स्टील इंफ्रास्ट्रक्चर एवं सीजीएस का कार्य प्रगति पर है जिसे नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। वहीं बिना नेटवर्क वाले 9 जिले- अररिया, किशनगंज, अरवल, जहानाबाद, खगड़िया, नवादा, भागलपुर, सुपौल और गोपालगंज में अवसंरचना निर्माण और तकनीकी व्यवहार्यता की समीक्षा की जा रही है। मुख्य सचिव ने यहां के जिलाधिकारियों को संबंधित तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विस्तृत कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया है। मुख्य सचिव ने अंत में कम प्रगति वाले जिलों में डी-पीएनजी कनेक्शनों में तेजी लाने और अंतर-विभागीय समन्वय मजबूत करने पर जोर दिया गया। एनएचएआई और मोर्थ से संबंधित अनुमति के मामलों तथा स्थानीय स्तर पर भूमि आवंटन/अतिक्रमण जैसी समस्याओं को शीघ्र सुलझाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# हिन्दी दिवस एवं हिंदी पखवारा का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजीव रंजन शुक्ला, क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में केंद्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य-पूर्वी क्षेत्र, पटना में हिंदी दिवस एवं हिंदी पखवारा का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन व शुभारंभ क्षेत्रीय निदेशक द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। उन्होंने कार्यालय के कार्यों में राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम के दौरान राजभाषा हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में गृह मंत्री अमित शाह, प्रदीप कुमार अग्रवाल- अध्यक्ष, केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड एवं जैगम अली खां- सदस्य (वित्त) एवं राजभाषा प्रभारी-केंद्रीय भूमि जल बोर्ड द्वारा प्रेषित संदेश को पढ़ा गया। इस दौरान कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए हिंदी के प्रचार-प्रसार तथा कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत हिंदी स्लोगन, श्रुतिलेखन, निबंध लेखन, तत्काल भाषण, काव्य-पाठ एवं हिंदी टंकण सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

**सासाराम शहर के लोगों को निर्बाध पेयजलापूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर समीक्षा बैठक**

# शहर के किसी भी क्षेत्र में जलापूर्ति बाधित नहीं हो : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में सासाराम शहर के लोगों को निर्बाध एवं सुचारु पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर सोमवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सासाराम नगर निगम, बुडको एवं पीएचईडी के अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान नगर आयुक्त, सासाराम नगर निगम, विशेष कार्य पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में जिला पदाधिकारी ने सासाराम शहर में पेयजल आपूर्ति की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से जलापूर्ति व्यवस्था एवं उससे जुड़ी योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि बिना पूर्व सूचना के किसी भी परिस्थिति में शहर के किसी भी क्षेत्र की जलापूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने पीएचईडी एवं बुडको के अधिकारियों को अपनी-अपनी योजनाओं से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं विवरण सासाराम नगर निगम के नगर आयुक्त को स्पष्ट रूप से हैंडओवर करने का निर्देश दिया। ताकि जलापूर्ति से संबंधित कार्यों में समन्वय बना रहे और किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न न हो। नगर आयुक्त, सासाराम नगर निगम को शहर में पानी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा जलापूर्ति व्यवस्था की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को जलापूर्ति केंद्रों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी या अन्य बाधा उत्पन्न होने की स्थिति में उसका तत्काल समाधान करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि यदि किसी अपरिहार्य कारणवश किसी क्षेत्र में जलापूर्ति अस्थायी रूप से बंद करनी पड़े तो संबंधित क्षेत्र के नागरिकों को पूर्व में इसकी सूचना उपलब्ध कराई जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सासाराम शहर में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने का निर्देश दिया।

# पीएम आवास योजना से हटाए गए योग्य लाभुकों के नाम जोड़ने की मांग

**मुखिया संघ ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची से योग्य लाभुकों के नाम हटाए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इसको लेकर मुखिया संघ, डिहरी प्रखंड ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर विलोपित किए गए योग्य लाभुकों के नाम सूची में अविलंब शामिल करने की मांग की है। मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह दहाउर पंचायत के मुखिया संतोष कुमार के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि डिहरी प्रखंड की सभी पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वेक्षण के दौरान कई योग्य लाभुकों के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है और जनप्रतिनिधियों को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि सर्वेक्षण सूची में ऐसे कुछ लोगों के नाम भी शामिल हैं जिन्हें पूर्व में आवास योजना का लाभ मिल चुका है। मुखिया संघ ने इस मामले की जांच कराने की मांग करते हुए आशंका जताई है कि योग्य लाभुकों के नाम हटाने और अयोग्य लोगों के नाम जोड़ने में अनियमितता हुई हो सकती है। मुखिया संघ ने बीडीओ से एक सप्ताह के अंदर योग्य लाभुकों के नाम सूची में शामिल करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि निर्धारित अवधि में कार्रवाई नहीं हुई तो सभी जनप्रतिनिधि योग्य ग्रामीणों के साथ 5 अक्टूबर 2026 को डिहरी प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना देंगे। ज्ञापन की प्रतिलिपि डिहरी के अनुमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त एवं जिलाधिकारी, रोहतास को भी सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गयी है। ज्ञापन पर मुखिया सुनेश्वर राम, अनिल कुमार, चंदन कुमार, सुनील राम, छोटी देवी, मन्नू देवी, शारदा देवी सहित डिहरी प्रखंड की विभिन्न पंचायतों के मुखियाओं के हस्ताक्षर हैं।

# महिला सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता, लापरवाही बर्दाश्त नहीं : एसपी

**महिला पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** जिले में महिला सुरक्षा एवं महिला पुलिसकर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने महिला पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में महिला पुलिस पदाधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों में पाई गई कमियों को दूर करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

एसपी ने सभी महिला पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस को लगातार सक्रिय रहना होगा तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी। एसपी ने निर्देश दिया कि महिला पुलिसकर्मी स्कूल, कॉलेज एवं सार्वजनिक स्थलों पर जाकर छात्राओं और महिलाओं से सीधा संवाद करें। इस दौरान उन्हें महिला सुरक्षा, उनके अधिकारों तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया जाए। साथ ही महिलाओं एवं छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस और आम लोगों के बीच बेहतर संवाद से महिलाओं में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी। महिला पुलिसकर्मियों को अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर महिलाओं की समस्याओं और शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि महिला सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिए गए निर्देशों का प्रभावी ढंग से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान : 'रिड्यूस, रीयूज और रिसायकल' थीम पर जागरूकता कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में स्वच्छता ही सेवा अभियान में 28 सितम्बर को 'रिड्यूस, रीयूज और रिसायकल' थीम पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंडल के विभिन्न स्टेशनों, कार्यालय परिसरों एवं रेलवे कॉलोनियों में अपशिष्ट प्रबंधन तथा संसाधनों के विवेकपूर्ण और सतत उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान अनावश्यक वस्तुओं के उपयोग को कम करने, उपयोगी वस्तुओं का अधिकतम पुनः उपयोग करने तथा अपशिष्ट को उचित तरीके से अलग कर पुनर्चक्रण के लिए भेजने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट के अनावश्यक उपयोग को कम करने तथा दैनिक जीवन में पर्यावरण-अनुकूल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। मंडल के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता बनाए रखने, कचरे का उचित निस्तारण करने और 'जीरो वेस्ट' की दिशा में व्यक्तिगत एवं सामूहिक भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया गया। रेलकर्मियों एवं आमजन से स्वच्छ एवं पर्यावरण-अनुकूल कार्यस्थल तथा आसपास के वातावरण को बनाए रखने में सक्रिय योगदान देने की अपील की गई। 'स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026' के अंतर्गत मंडल में स्वच्छता एवं जागरूकता से जुड़ी गतिविधियां निरंतर जारी है।

# स्वावलम्बी सहकारी समिति की वार्षिक आम सभा में 42 ग्राम संगठनों के 762 स्वयं सहायता समूहों ने लिया भाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड अंतर्गत जीविका द्वारा संचालित सत्यमेव जीविका महिला स्वावलम्बी सहकारी समिति लिमिटेड, तिलौथू की वार्षिक आम सभा 2026 का आयोजन आकाश मैरिज हॉल, तिलौथू में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक स्नेहलता कुशवाहा रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक स्नेहलता कुशवाहा, ग्रामीण बैंक की शाखा प्रबंधक सुप्रिया श्री, समिति की अध्यक्ष ललिता देवी, सिस्टम मैनेजर कुमारी योगिता एवं जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक सैय्यद शकीब उल्लाह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। आम सभा में तिलौथू प्रखंड के 42 ग्राम संगठनों के अंतर्गत 762 स्वयं सहायता समूहों की जीविका दीदियों ने भाग लिया। वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्यय का विवरण एमबीके द्वारा प्रस्तुत किया गया जबकि आगामी वर्ष की कार्ययोजना समिति की सचिव सरोज देवी ने रखी। प्रखंड परियोजना प्रबंधक सैय्यद शकीब उल्लाह ने तिलौथू में जीविका की उपलब्धियों एवं कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि बिहार के विकसित राज्य बनने की यात्रा में जीविका की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने जीविका में वित्तीय लेन-देन की पारदर्शिता को इसकी महत्वपूर्ण विशेषता बताया। मुख्य अतिथि विधायक स्नेहलता कुशवाहा ने जीविका की उपलब्धियों की सराहना करते हुए महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने भविष्य में भी जीविका के कार्यक्रमों में सहभागिता का आश्वासन दिया तथा महिलाओं से अपने परिवार के वृद्धजनों की सेवा एवं सम्मान करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जीविका की ओर से एरिया कोऑर्डिनेटर ऋषि मुनि, खुशबू कुमारी, सीसी गीता देवी, अन्नपूर्णा कुमारी तथा जिला स्तर से अमलान विश्वास, सारिका सूफी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जीविका से जुड़ी सामुदायिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में जीविका दीदियों की सहभागिता रही।

# सोन नदी में 1.74 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सोन के जलस्तर का बढ़ना जारी है। सोन नदी में ऊपरी जल ग्रहण क्षेत्र से 1.87 लाख क्यूसेक पानी पहुंच रहा है जिसमें से 35 गेट खोलकर 1.74 लाख क्यूसेक पानी सोन नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। धान की फसलों के पटवन के लिए पश्चिमी संयोजक नहर में 6302 व पूर्वी संयोजक नहर में 3411 क्यूसेक पानी की आपूर्ति की जा रही है। बाणसागर से तीन दिनों पूर्व छोड़ा गया 121803 क्यूसेक पानी आज से बराज पर पहुंचने लगेगा। शनिवार को भी वहां से 264898 व रविवार को 1.64 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। उत्तर प्रदेश के रिहंद जलाशय से 28629 क्यूसेक पानी आज सोन नदी में छोड़ा गया है। इंद्रपुरी स्थित सोन बराज के अवर प्रमंडल पदाधिकारी संजय कुमार झा के अनुसार सभी कनीय अभियंता को संभावित बाढ़ को ले निदेशित किया गया है।

# पूजा पंडाल और छठ घाट जाने वाले मार्ग बदहाल, पार्षद ने की राबिश डालने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रोहतास।** दुर्गा पूजा एवं छठ पर्व को लेकर नगर पंचायत क्षेत्र में श्रद्धालुओं के आवागमन की व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग उठी है। वार्ड संख्या 12 के पार्षद आकिब जावेद ने कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक भारती को पत्र देकर विभिन्न पूजा पंडालों और छठ घाटों तक जाने वाले खराब मार्गों पर राबिश डलवाने की मांग की है। पार्षद ने पत्र के माध्यम से बताया कि लगातार बारिश के कारण नगर पंचायत क्षेत्र के कई प्रमुख रास्तों की स्थिति खराब हो गई है। कुशडीहरा विसर्जन घाट, पटखौलिया मठ, गोविंदपुर, शिवपुर, बसकटिया सहित अन्य स्थानों के रास्तों पर जगह-जगह जलजमाव और कीचड़ की समस्या बनी हुई है। दुर्गा पूजा के दौरान इन मार्गों से श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ेगी। वहीं छठ पर्व पर घाटों तक बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने के कारण परेशानी और बढ़ सकती है। उन्होंने वार्ड संख्या आठ के रहमनाबाद और निमिया टिकरी के रास्तों का भी उल्लेख करते हुए वहां तत्काल राबिश डलवाकर मार्ग को आवागमन योग्य बनाने की मांग की है। पार्षद ने कहा कि कई जगहों पर उन्होंने निजी स्तर से राबिश डलवाकर लोगों की आवागमन संबंधी समस्या दूर कराने का प्रयास किया है। पिछले वर्ष भी कुशडीहरा छठ घाट जाने वाले मार्ग को अपने स्तर से दुरुस्त कराया गया था। इधर कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक भारती ने कहा कि समस्या को प्राथमिकता के आधार पर देखा जाएगा। आवश्यक स्थानों पर जल्द काम कराने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी नहीं हो।

# सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम : डॉ. एसबी प्रसाद

**छठ व्रतियों के लिए विशेष आयोजन करेगा सोन कला केंद्र**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सोन कला केंद्र की ओर से नये सदस्यों के स्वागत में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की सफलता के बाद रविवार को सिंचाई विभाग के अधिकारी विश्राम गृह में समीक्षा बैठक हुई। अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष डॉ. कुमार अंशुमान ने की। संरक्षक मंडल के सदस्य डॉ. एसबी प्रसाद ने कहा कि सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजनों से प्रतिभाओं को मंच मिलने के साथ सामाजिक एकजुटता भी मजबूत होती है। उन्होंने सफल कार्यक्रम के लिए संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई दी। बैठक में कलाकारों की प्रस्तुतियों और आयोजन की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। वहीं आगामी छठ पर्व पर हर वर्ष की भांति छठ व्रतियों के लिए विशेष आयोजन करने का निर्णय लिया गया। आयोजन का स्वरूप और तैयारियां अगली बैठक में तय की जाएंगी। इस दौरान कोषाध्यक्ष संजय कुमार ने आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। बैठक में राजीव रंजन सिन्हा उर्फ पन्नू जी, चंद्रगुप्त मेहरा, डॉ. रीना, जगनारायण पाण्डेय, उदय कुमार, राजू सिन्हा, प्रीति सिन्हा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान का जिला निरीक्षण समिति ने किया निरीक्षण

**बच्चों के आवासन, खानपान, स्वास्थ्य, सुरक्षा और पुनर्वासन व्यवस्था की ली जानकारी**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम/ डिहरी।** जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में गठित जिला निरीक्षण समिति ने सोमवार को विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, रोहतास, सासाराम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संस्थान में आवासित बच्चों की सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के समय संस्थान में 11 बच्चे आवासित पाए गए। समिति के अधिकारियों ने बच्चों के आवासन, खानपान, स्वास्थ्य, सुरक्षा, पुनर्वासन सहित उनके लिए संचालित विभिन्न गतिविधियों और व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने संस्थान में बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा उनके समुचित देखभाल से संबंधित व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त आकांक्षा आनंद, वरीय उपसमाहर्ता सह सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई विनीता कुमारी, पुलिस उपाधीक्षक (स्पेशल क्राइम)-सह-नोडल पदाधिकारी, विशेष किशोर पुलिस इकाई चित्रा कुमारी, बाल संरक्षण पदाधिकारी (संस्थागत) विक्रमादित्य पाल, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, जिला शिक्षा कार्यालय जयकुमार, प्रभारी सिविल सर्जन, सदस्य बाल कल्याण समिति ददन जी पाण्डेय, विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान के समन्वयक मिथिलेश कुमार सहित संस्थान के अन्य कर्मी उपस्थित थे। समिति ने संस्थान की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए बच्चों के हित एवं संरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली।

# परीक्षा के लिए कागजात जमा करने गई छात्रा लापता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी नगर थाना क्षेत्र के एक मुहल्ले से स्नातक की एक छात्रा के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने शादी की नियत से बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार परिजन द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार 21 वर्षीय छात्रा गत 23 सितंबर को सुबह करीब 6 बजे घर से गया के कामता प्रसाद जैन कॉलेज में स्नातक परीक्षा के कागजात जमा करने के लिए निकली थी। परिजनों ने उसके मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की तो मोबाइल बंद बताने लगा। काफी इंतजार के बाद भी जब वह घर नहीं लौटी तो अपने स्तर से खोजबीन शुरू की गई, लेकिन कोई पता नहीं चला। परिजनों ने आशंका जताई है कि एक मोबाइल नंबर के धारक व्यक्ति से उसकी बात होती थी और उसी व्यक्ति द्वारा शादी की नियत से उसे भगा कर ले जाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रो. डॉ. आशुतोष द्विवेदी शिक्षा, शोध के क्षेत्र में योगदान के लिए एक्सीलेटर एक्स पुरस्कार से सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार के वाणिज्य संकाय के डीन-सह-विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. आशुतोष द्विवेदी को शिक्षा, शोध, अकादमिक नेतृत्व एवं नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए एक्सीलेटर एक्स पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 25 सितंबर 2026 को नई दिल्ली स्थित द लीला पैलेस में आयोजित एक समारोह में प्रोफेसर द्विवेदी को प्रदान किया गया। एक्सेंट इंफो मिडिया पब्लिकेशन द्वारा प्रदान किए जाने वाले इस प्रतिष्ठित सम्मान के माध्यम से शिक्षा एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य, नेतृत्व, नवाचार और प्रभावशाली योगदान के लिए चयनित व्यक्तित्वों को सम्मानित किया जाता है। डॉ. द्विवेदी ने उच्च शिक्षा, शिक्षण, शोध, अकादमिक प्रशासन, पाठ्यक्रम नवाचार तथा तकनीक आधारित शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सम्मान प्राप्त होने पर उन्होंने इसे अपने विद्यार्थियों, सहकर्मियों, मार्गदर्शकों एवं विश्वविद्यालय के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया। इस उपलब्धि पर गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय एवं फैकल्टी ऑफ कॉमर्स के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने डॉ. द्विवेदी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


**पूर्व रेलवे**

**सं. ओ-एसी-टी-142 से 147-26-27 (खुली), दिनांक 24.09.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, केस सं. ओ-एसी-टी-142-26-27, कार्य का नाम:** फेज 1 एवं फेज 2 के लिए खुली निविदा, अण्डाल में इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की जांच एवं रखरखाव गतिविधि के लिए ट्रिप मेन्टेनेंस/एडवांस इंस्पेक्शन सेंटर का निर्माण। **निविदा मूल्य :** रु. 18,21,32,090.04, **बयाना राशि :** रु. 36,42,600/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **क्रम सं. 2, केस सं. ओ-एसी-टी-143-26-27, कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल के कार्यक्षेत्र में 3 स्टेशनों (रानीगंज-01, दुर्गापुर-02 और मानकर-04) में 07 लिफ्ट के प्रावधान एवं अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 2,92,48,617.43, **बयाना राशि :** रु. 5,85,000/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **क्रम सं. 3, केस सं. ओ-एसी-टी-144-26-27, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के विभिन्न यार्ड में प्लंजर लॉक बेस्ड हैंड पॉइंट्स में हैंड पॉइंट्स के रूपांतरण और वरिष्ठ डीईएन/3/ आसनसोल के खंड में एईएन/दुर्गापुर के अधीन अपेक्षित स्थान पर डब्ल्यू-बीम क्रैश फेंसिंग के विखंडन एवं पुनः बैठाने के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 44,98,859.07, **बयाना राशि :** रु. 90,000/-**कार्य की समापन अवधि:** 06 माह। **क्रम सं. 4, केस सं. ओ-एसी-टी-145-26-27, कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/2/आसनसोल के कार्यक्षेत्र में 4 स्टेशनों (जसीडीह-01, मधुपुर-01, बासुकीनाथ -02 और चित्तरंजन-01) में 05 लिफ्ट के प्रावधान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 2,08,91,624.41, **बयाना राशि :** रु. 4,17,800/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **क्रम सं. 5, केस सं. ओ-एसी-टी-146-26-27, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के अधीन गैंग शेल्टर/शेड के प्रावधान और गैंग हट के सुधार तथा मधुपुर एवं दुर्गापुर स्टेशनों में नए इमर्जेंसी मेडिकल रूम के प्रावधान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 1,19,75,864.04, **बयाना राशि :** रु. 2,39,500/-, **कार्य की समापन अवधि :** 06 माह। **क्रम सं. 6, केस सं. ओ-एसी-टी-147-26-27, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के तहत सभी श्रेणियों के स्टेशनों पर दिव्यांगजन सुविधाओं (जैसे स्टैंडर्ड रैंप, टैक्टाइल पाथ यानी स्पर्श पथ, पार्किंग आदि) के प्रावधान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 8,55,44,024.99, **बयाना राशि :** रु. 17,10,900/-, **कार्य की समापन अवधि:** 06 माह। **बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 23.10.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।


ASN-272/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway

@easternrailwayheadquarter


# जनता दरबार का आयोजन, परिवादों की हुई सुनवाई, 43 का निष्पादन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों द्वारा अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित परिवाद प्रस्तुत किए गए। जनता दरबार में कुल 112 परिवादियों की समस्याओं की सुनवाई की गई जिसमें भूमि विवाद से संबंधित 87 परिवाद, आपूर्ति से संबंधित 17 परिवाद तथा अन्य मामलों से संबंधित 08 परिवाद शामिल थे। अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा इसमें से 43 परिवादियों के आवेदन पर ऑन द स्पॉट सुनवाई करते हुए निष्पादन किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा सभी परिवादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# दुर्गा पूजा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने को लेकर बिक्रमगंज अनुमंडल प्रशासन पूरी तरह तत्पर दिखाई देने लगा है। इसको लेकर शनिवार देर शाम एसडीएम दिलीप कुमार की अध्यक्षता में पूजा समितियों, दंडाधिकारियों और नोडल पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से नवमी-दशमी के दौरान भीड़ नियंत्रण, महिलाओं की सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और प्रतिमा विसर्जन को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि सभी पूजा पंडालों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे, वीडियोग्राफी और अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था करनी होगी तथा प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित करने होंगे। साथ ही वीडियोग्राफी का फुटेज सुरक्षित रखना अनिवार्य होगा। भीड़ नियंत्रण के लिए स्वयंसेवकों की तैनाती और आवश्यकता के अनुसार बैरिकेडिंग करने को कहा गया है। पंडालों का सुरक्षा नक्शा तैयार कर प्रवेश-निकास, पार्किंग और भीड़ नियंत्रण क्षेत्र चिन्हित करने का निर्देश दिया गया है। महिलाओं की सुरक्षा और चोरी-छिनतई की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी रखने को कहा गया है।

# आदित्य कुमार ने पटना में जीता रजत पदक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज/दावथ (रोहतास)।** दावथ प्रखंड के कोआथ योगिनी निवासी आदित्य कुमार ने पटना में आयोजित आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल कर दावथ प्रखंड सहित रोहतास जिले का नाम रोशन किया है। आदित्य कुमार, उदय कुमार के पुत्र हैं और मूल रूप से योगिनी गांव के निवासी हैं। पटना के खगौल, दानापुर स्थित रॉयल इन रिसॉर्ट में द नेक्स्ट अर्थ फिटनेस की ओर से आयोजित आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में आदित्य ने 50 किलोग्राम तक भार वर्ग में हिस्सा लिया।

# गैर अनुदानित कॉलेजों की बैठक संपन्न, संगठन को मजबूत करने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दावथ (रोहतास)।** प्रखंड के जे पी के इंटर कॉलेज बभनौल परिसर में गैर अनुदानित इंटर कॉलेजों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ. प्रकाश चतुर्वेदी ने की जबकि मंच का संचालन चारों धाम मिश्रा ने किया। बैठक में रोहतास जिला सहित आसपास के दर्जन भर से अधिक गैर अनुदानित इंटर कॉलेजों के प्राचार्य एवं प्रबंधन समिति के सदस्य शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से गैर अनुदानित कॉलेजों को अनुदान सूची में शामिल करने, शिक्षकों के वर्षों से लंबित वेतन भुगतान, छात्र-छात्राओं को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलने और मान्यता संबंधी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. प्रकाश चतुर्वेदी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की अलख जगाने में गैर अनुदानित कॉलेजों की अहम भूमिका है, लेकिन सरकार की उपेक्षा के कारण प्रबंधन और शिक्षकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और हम सबको एकजुट होकर अपनी आवाज सरकार तक पहुंचानी होगी, वहीं प्राचार्य विक्की चौबे ने कहा कि संगठन को प्रखंड से लेकर जिला स्तर तक मजबूत किया जाएगा और जल्द ही शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से संगठन को सक्रिय करने और अगली बैठक जल्द बुलाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर उमेश पाठक, अनिल कुमार गिरि, ओमप्रकाश पाठक, दिनेश कुमार, राज किशोर केशरी, राजू पाठक, मुकेश कुमार, पुष्पेंद्र दुबे, अभिषेक कुमार, शिव शंकर दुबे, आनंद चौबे, मिथिलेश चौधरी, राहुल सिंह, गुप्ता जी, अविनाश चौबे, प्रशांत कुमार, हरेंद्र बेसहारा, विभा सिंह, प्रमिला तिवारी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# पीएम आवास योजना में अवैध वसूली का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ**। राजगीर प्रखंड की भूई पंचायत समेत कई पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना में कथित अनियमितता और अवैध वसूली के आरोप को लेकर सोमवार को दर्जनों ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी करते हुए मामले की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।ग्रामीणों का आरोप है कि पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर उनसे 500 रुपये तक की राशि ली गई। इसके बावजूद कई लाभुकों के नाम योजना की सूची से हटा दिए गए। सुनील कुमार, नसीब लाल, कुंती कुमारी, इंदु देवी समेत अन्य ग्रामीणों ने आवास सहायक प्रह्लाद और डाटा ऑपरेटर राजीव कुमार पर पैसे लेने के बावजूद नाम सूची से हटाने का आरोप लगाया।प्रदर्शन के कारण प्रखंड कार्यालय में काफी देर तक अफरातफरी की स्थिति बनी रही। ग्रामीणों के अनुसार, पत्रकारों के मौके पर पहुंचने के बाद बीडीओ कार्यालय से चले गए। बाद में स्थानीय मुखिया के अनुरोध पर बीडीओ एजाज अहमद कार्यालय लौटे और ग्रामीणों से बातचीत की।बीडीओ ने ग्रामीणों को मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि अवैध वसूली की पुष्टि होने पर संबंधित कर्मचारी या व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पात्र लाभुकों के नाम सूची से वंचित होने की जानकारी मुखिया से मांगी गई है। जांच के बाद पात्र वंचित लोगों के नाम सूची में जोड़ने की प्रक्रिया की जाएगी।

# वोट चोरी के आरोपों पर कांग्रेस का प्रदर्शन, पीएम-गृह मंत्री व सीईसी का पुतला फूंका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ**। वोट चोरी के आरोपों तथा लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के मुद्दे को लेकर नालंदा जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में सोमवार को बिहारशरीफ में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने करीब 500 मीटर मार्च करते हुए देवीसराय मोड़ पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र, मताधिकार की सुरक्षा और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को लेकर नारेबाजी की। इसके बाद कांग्रेस नेताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा तथा समाहरणालय के सामने भी शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विवेक सिन्हा यादव ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक के एक-एक वोट की स्वतंत्रता और उसकी सुरक्षा महत्वपूर्ण है। चुनाव प्रक्रिया से जुड़े गंभीर सवालों पर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मताधिकार की रक्षा के लिए कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाती रहेगी। प्रदर्शन में नन्दू पासवान, बिपीन कुमार, शिव कुमार आनंद, अजीत राज, इंजीनियर टिंकू, महताब आलम, विवेकानंद पासवान, अमन, अनील यादव, नसीम खान, अजय कुमार पाण्डेय, अर्जुन कुमार, अरविंद ठाकुर, धीरज कुमार, डॉ. सुधीर प्रसाद, कन्हैया कुमार, असगर भारती, भूषण कुमार, सत्येंद्र सिंह, नागेंद्र सिंह, शिवम कुमार, मुकेश कुमार, जावेद आलम, अरसलान, शाहनवाज हुसैन, जमील अशरफ जमाली सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

## एक नजर

### बोर्ड लगाकर छोड़ दी सड़क निर्माण योजना, ग्रामीणों में आक्रोश

**हिलसा**। अरपा पंचायत के गौरा गांव में सड़क निर्माण के नाम पर केवल योजना का बोर्ड लगा दिए जाने और धरातल पर काम शुरू नहीं होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। बारिश के मौसम में सड़क की जर्जर स्थिति के कारण ग्रामीणों को पैदल आवागमन में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों के अनुसार, इंदौत से अलीपुर रूट होकर महादली टोला तक 0.630 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण की योजना स्वीकृत है। योजना बोर्ड पर ग्रामीण सड़क योजना के तहत 62 लाख 31 हजार 11 रुपये की प्राक्कलित राशि अंकित है। निर्माण कार्य की एजेंसी ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल हिलसा है, जबकि संवेदक के रूप में नीतीश कुमार का नाम दर्ज है। बोर्ड पर कार्य प्रारंभ वर्ष 2025 और समाप्ति वर्ष 2026 अंकित है। इसके बावजूद निर्धारित अवधि समाप्त होने को है, लेकिन मौके पर निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। जर्जर सड़क पर बारिश के दौरान कीचड़ और जलजमाव से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। जदयू नेता रजनीश ठाकुर ने ग्रामीणों की समस्या का समर्थन करते हुए कहा कि सड़क की बदहाली के कारण लोगों को रोजमर्रा की आवाजाही में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने ग्रामीण कार्य विभाग और प्रशासन से मामले की जांच कर अविलंब सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है।

### एफपीओ-टू-एफपीओ बिजनेस पर बनी सहमति, हरनौत में खुलेगा फार्मर मॉल

**हरनौत**। किसानों के उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने और उनकी आय बढ़ाने के उद्देश्य से एफपीओ-टु-एफपीओ बिजनेस को लेकर बैठक हुई। काशीबीघा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के नेतृत्व में आयोजित बैठक में करीब 10 से 15 एफपीओ के बीच आपसी कारोबार करने पर सहमति बनी। साथ ही हरनौत में फार्मर मॉल शुरू करने का निर्णय लिया गया।हरनौत बाजार के पंचशील नगर स्थित मगध फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के चेयरमैन चंद्रोदय कुमार ने बताया कि बैठक में किसानों के उत्पादों की आपस में खरीद-बिक्री, प्रोसेसिंग और बेहतर बाजार उपलब्ध कराने पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि एफपीओ के आपसी सहयोग से किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य दिलाने में मदद मिलेगी। बैठक में मगध फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, घाटकुसुंभा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, कृषि बाबा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, शेखपुर सराय फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड सहित अन्य एफपीओ के अध्यक्ष और बोर्ड सदस्य शामिल हुए। सभी एफपीओ के सहयोग से फार्मर मॉल शुरू करने पर भी सहमति बनी। इसमें किसानों को एक ही छत के नीचे उत्पादों की खरीद, बिक्री और प्रोसेसिंग की सुविधा उपलब्ध कराने की योजना है। बैठक में संजय गौतम, अरविंद, निखिल, रणजीत सहित अन्य मौजूद थे।

### भगत सिंह की जयंती पर नौजवानों से एकजुट होकर आगे बढ़ने का आह्वान

**नगरनौसा**। नगरनौसा प्रखंड के कछियावां पंचायत मुख्यालय स्थित पुस्तकालय भवन में रविवार को शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 119वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों और देश के प्रति योगदान को याद किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अकेला ने कहा कि भगत सिंह ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। आज के नौजवानों को उनके विचारों से प्रेरणा लेकर समाज और देश के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने युवाओं से एकजुट होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया।इस दौरान उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया को लेकर आरोप लगाते हुए कहा कि इससे जनता को वोट देने के अधिकार से वंचित किया गया है। उन्होंने ज्ञानेश कुमार पर "वोट चोरी" का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ये वक्तव्य वक्ता के आरोप हैं। इनके स्वतंत्र सत्यापन की जानकारी उपलब्ध नहीं है।कार्यक्रम में युवाओं ने भगत सिंह के आदर्शों और उनके संघर्ष को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# मंगला श्री हॉस्पिटल का उद्घाटन, आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**इस्लामपुर**। स्थानीय नगर के गया रोड स्थित मंगला श्री हॉस्पिटल का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव ने कहा कि लोगों को सुलभ और बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना समय की जरूरत है। हॉस्पिटल के शुरू होने से इस्लामपुर और आसपास के लोगों को इलाज के लिए दूर जाने की परेशानी कम होगी। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम उपलब्ध रहेगी। यहां इलाज के साथ सर्जरी की सुविधा भी दी जाएगी। इससे स्थानीय लोगों को पटना के स्तर की चिकित्सा सुविधाओं का लाभ अपने शहर में ही मिल सकेगा।मौके पर मौजूद चिकित्सकों की टीम ने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ उपलब्ध कराना अस्पताल की प्राथमिकता है। लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में भाजपा नगर मंडल महामंत्री वीरेंद्र यादव, अशोक यादव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# ब्रह्मकुंड परिसर में चला विशेष स्वच्छता अभियान, स्वच्छता का दिया संदेश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**राजगीर**। स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के तहत राजगीर स्थित विश्व प्रसिद्ध ब्रह्मकुंड परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण इस स्थल की साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान परिसर में फैले कचरे को हटाया गया तथा आसपास के क्षेत्रों की सफाई की गई।ब्रह्मकुंड राजगीर के प्रमुख गर्म जलस्रोतों में शामिल है। यहां देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में इस महत्वपूर्ण धार्मिक एवं पर्यटन स्थल को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना सामूहिक जिम्मेदारी है। अभियान के माध्यम से लोगों से सार्वजनिक स्थलों पर कचरा नहीं फैलाने और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की गई। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी, राजगीर मोहम्मद एजाज आलम के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान प्रखंड समन्वयक चंदन कुमार, सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक और स्वच्छता कर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता अभियान को केवल एक दिन तक सीमित न रखकर इसे नियमित जनभागीदारी से आगे बढ़ाना जरूरी है।

# ओबीसी कन्या आवासीय विद्यालय की छात्राओं को मिली पोशाक, खेल मैदान निर्माण की भी पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ**। अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय प्लस-2 उच्च विद्यालय, सब्बैत में सोमवार को अध्ययनरत छात्राओं के बीच पोशाक का वितरण किया गया। जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी प्रमोद कुमार विद्यार्थी ने छात्राओं को पोशाक प्रदान की। पोशाक मिलने पर छात्राओं में उत्साह और प्रसन्नता देखी गई।इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने छात्राओं से संवाद करते हुए नियमित रूप से पढ़ाई करने और निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से छात्राएं आत्मनिर्भर बनकर अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकती हैं। साथ ही छात्राओं को पढ़ाई के साथ खेलकूद एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।विद्यालय में छात्राओं के लिए गुणवत्तापूर्ण एवं उपयोगी खेल मैदान के निर्माण की दिशा में आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए प्राचार्य को निर्देश दिया गया।निरीक्षण के दौरान पदाधिकारी ने जीविका द्वारा संचालित विद्यालय की रसोई का भी जायजा लिया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## नवादा

# सेवा संकल्प अभियान के तहत नानौरा पंचायत में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत नारदीगंज प्रखंड के नानौरा पंचायत में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच कराई तथा चिकित्सकों से आवश्यक परामर्श प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा द्वारा सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से जनसेवा के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना सेवा और जनकल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सेवा को अपना दायित्व मानकर समाज के जरूरतमंद लोगों के बीच लगातार कार्य कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर सहित अनेक जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नानौरा पंचायत में आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर से ग्रामीणों को अपने क्षेत्र में ही स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा मिली है। उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सेवा और सहयोग पहुंचाना है। स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सक प्रकोष्ठ के संयोजक मनोज वर्णवाल, डॉ. महेश कुमार, डॉ. कुणाल कुमार, डॉ. पिंकी, डॉ पुष्कर चंद्रा सहित अन्य चिकित्सकों ने लोगों की स्वास्थ्य जांच की और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। कार्यक्रम में भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रताप रंजन, मंडल अध्यक्ष कुंदन कुमार पासवान, जदयू प्रखंड अध्यक्ष जयराम कुमार,राहुल कुमार सिन्हा, संदीप महतो एवं स्थानीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# अंधेरे और पेयजल संकट से जूझ रही इचुआ करना पंचायत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नारदीगंज (नवादा)**। 10 दिनों से अंधेरे और पेयजल संकट से जूझ रहे इचुआ करना पंचायत के आदमपुर गांव के ग्रामीणों के सब्र का बांध सोमवार को टूट गया। फूटे जनाक्रोश के बीच दर्जनों ग्रामीणों ने नारदीगंज स्थित पावर सब स्टेशन का घेराव कर बिजली विभाग की उदासीनता के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। बिजली न होने से गांव की नल-जल योजना ठप है, जिससे लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि 75 नियमित उपभोक्ता समय पर बिल चुकाते हैं, फिर भी 72 घंटे में ट्रांसफार्मर बदलने का सरकारी नियम दरकिनार कर दिया गया। देवेंद्र कुमार, रामानुज सिंह, धीरेंद्र सिंह और नीतीश कुमार के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सहायक अभियंता को आवेदन सौंपकर अभिलंब 100 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। इसकी प्रतियां सांसद, विधायक और कनीय अभियंता को भी भेजी गई हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द आपूर्ति बहाल नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

# ज्ञानेश कुमार ने वोट चोरी कर लोकतंत्र पर किया हमला : प्रभाकर झा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर नवादा जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिला अध्यक्ष प्रभाकर झा के नेतृत्व में देश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा किए गए एक तरफा फैसलों और मतदाता सूचियों में कथित गड़बड़ी "वोट चोरी" के गंभीर आरोपों को लेकर एक विशाल विरोध मार्च और प्रदर्शन का आयोजन जिला में किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांधकर शहर के प्रमुख मार्गो पर मार्च करते हुए चुनाव आयोग और केंद्र सरकार के खिलाफ " वोट चोर, गद्दी छोड़ " के नारेबाजी किया तथा प्रदर्शन के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला भी फूंका और जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा महामहिम को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने वह गिरफ्तार करने की मांग का ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे हैं जिला अध्यक्ष प्रभाकर झा ने कहा कि देश में निष्पक्ष चुनाव प्रणाली और मतदाता समानता पर अभूतपूर्व हमला हो रहा है। विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर मतदाता सूचियों में जो अनियमितताए सामने आई है और जो वोट चोरी की गई है वह लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है। श्री झा ने कहा कि हमारे सिर्फ नेता और विपक्ष के नेता श्री राहुल गांधी जी ने चुनाव प्रक्रिया और मतदाता सूचियां में हेर फेर को लेकर जो अंदेशे पहले जताएं थे वह आज पूरी तरह सच साबित हो चुके हैं और चुनाव आयुक्त ने ही आयोग के कई फैसलों पर लिखित आपत्तियां दर्ज कराते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को इस गड़बड़ी के लिए जिम्मेदार ठहराया । श्री झा ने कहा कि मोदी सरकार को मालूम था कि एक दिन चुनाव आयोग के भीतर का खेल बाहर आएगा और जनता मुख्य चुनाव आयुक्त को गिरफ्तार करने की मांग करेगी इसलिए दिसंबर 2023 में मोदी सरकार ने कानून बनाया कि चुनाव आयुक्त को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता यह कानून तब बना जब दोनों सदनों में 143 सांसदों को सस्पेंड कर दिया गया था।

# देसी कट्टा के साथ दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**अकबरपुर ( नवादा )** । अकबरपुर पुलिस ने अवैध हथियार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए दो युवकों को देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार ने बताया की दोनों संदिग्ध युवक किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए उन्हें हिरासत में लिया। एएसआई प्रकाश चौधरी ने बताया कि तलाशी के दौरान रामाशीष राजवशी के पुत्र रितिक कुमार, ग्राम सिन्धौल, थाना नेमदारगंज, इन्दल राजवशी के पुत्र रांकी कुमार ग्राम तेयार, थाना नेमदारगंज के पास से एक देशी कट्टा बरामद किया गया। हथियार मिलने के बाद दोनों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। पुलिस ने बरामद हथियार को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस दोनों युवकों से हथियार रखने के उद्देश्य और उनके आपराधिक संपर्कों के बारे में जानकारी जुटा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि बरामद देशी कट्टा उन्हें कहां से मिला और क्या वे किसी अन्य आपराधिक गतिविधि में शामिल रहे हैं।गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# महुगाय बगीचा में अज्ञात का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। जिले के परनाडाबर थाना क्षेत्र अंतर्गत महुगाय बगीचा में एक व्यक्ति का शव बरामद होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने पर नवादा के पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर घटनाक्रम की जानकारी ली तथा संबंधित पुलिस पदाधिकारियों से मामले की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। एसपी ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए मामले की जांच में जुटे अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की गंभीरता से जांच करने तथा उपलब्ध साक्ष्यों को सुरक्षित रखते हुए वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। शव की पहचान एवं मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। घटनास्थल के आसपास भी जानकारी जुटाई जा रही है तथा संभावित प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पदाधिकारियों को मामले का शीघ्र उद्भेदन करने तथा जांच के दौरान सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# डांडिया महोत्सव को लेकर महिला समिति ने की माहुरी वैश्य सेवा सदन में बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। 13 अक्टूबर 2026 को माहुरी वैश्य सेवा सदन, नवादा में आयोजित होने वाले भव्य डांडिया महोत्सवको लेकर रविवार को सेवा सदन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महिला समिति की अध्यक्ष सोनी भदानी ने की। बैठक के दौरान डांडिया महोत्सव कार्यक्रम की विशेष जानकारी महिला समिति की सचिव खुशबू भदानी जी द्वारा उपस्थित सदस्यों को दी गई। उन्होंने बताया कि डांडिया महोत्सव का आयोजन शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों के लिए भव्य भंडारे की भी व्यवस्था की गई है। बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि डांडिया महोत्सव में *समाज के सभी स्वजातीय लोगों का प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क* रखा जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के लोगों को एक साथ जोड़ना, आपसी प्रेम एवं भाईचारे को बढ़ावा देना तथा नवरात्रि के अवसर पर सामूहिक रूप से उत्सव मनाना है।


### इंटर विद्यालय कौआकोल में मशाल खेल प्रशिक्षण सम्पन्न

**कौआकोल**। इंटर विद्यालय कौआकोल में आयोजित दो दिवसीय मशाल खेल प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को समापन हो गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीइओ) अजित कुमार की देखरेख में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों एवं प्रतिभागियों को विभिन्न खेलों के नियम, तकनीक एवं खेल भावना से संबंधित जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीइओ अजित कुमार स्वयं शिक्षकों के साथ उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने कबड्डी खेल में भी हाथ आजमाया और खिलाड़ियों एवं शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया। उनके खेल में शामिल होने से उपस्थित प्रतिभागियों में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षक पवन कुमार, विजय कुमार सुमन, मनोज कुमार, रणवीर कुमार, कुमारी बेबी सिन्हा समेत अन्य शिक्षक एवं कर्मी मौजूद रहे। प्रशिक्षण के दौरान खेलों को विद्यालयी गतिविधियों में बढ़ावा देने तथा विद्यार्थियों में शारीरिक दक्षता और टीम भावना विकसित करने पर जोर दिया गया।

### मंदिर की जमीन अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग

**कौआकोल**। कौआकोल थाना क्षेत्र के देवनगढ़ पंचायत अंतर्गत भोरमबाग महादेव मठ के नाम से प्रसिद्ध ऐतिहासिक शिव मंदिर परिसर की जमीन पर कथित रूप से अतिक्रमण कर मकान बनाए जाने को लेकर ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं में रोष है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मंदिर परिसर की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। स्थानीय ग्रामीण राधेश प्रसाद,अरविंद सिंह,दिवाकर प्रसाद,सुरेश प्रसाद,कामेश्वर प्रसाद आदि ने बताया कि भोरमबाग महादेव मठ परिसर में प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य मेले का आयोजन होता है,जिसमें आसपास के गांवों के अलावा दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि मलाही टोला के कुछ लोगों द्वारा मंदिर परिसर की जमीन पर अतिक्रमण कर घर का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि मंदिर परिसर में मवेशियों को बांधे जाने के कारण धार्मिक स्थल की व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों से मामले की जांच कर मंदिर की जमीन की मापी कराने तथा अतिक्रमण को हटाकर परिसर को सुरक्षित कराने की मांग की है।

### दिव्यांगजनों से प्राप्त किये जा रहे योजनाओं से सम्बंधित आवेदन



**कौआकोल**। दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से कौआकोल प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में शुक्रवार से पांच दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर 30 सितंबर तक चलेगा। कार्यपालक सहायक अनिल कुमार ने बताया कि कौआकोल बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड बनाने के साथ-साथ पुराने प्रमाण पत्रों का नवीनीकरण किया जा रहा है। इसके अलावा पात्र दिव्यांगजनों से कृत्रिम अंग एवं विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए आवेदन भी लिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में बैटरी चालित ट्राइसाइकिल, हस्तचालित ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, श्रवण यंत्र, सुगम्य केन, कृत्रिम अंग एवं कैलीपर्स सहित अन्य सहायक उपकरणों के लिए पात्र लाभुक आवेदन कर सकते हैं। शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आवश्यक प्रमाण-पत्र एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ना तथा आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करना है। मौके पर स्वास्थ्यकर्मी समीर आजाद सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# नशा मुक्त युवा अभियान के अंतर्गत गया कॉलेज में 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा गर्व' कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** विकसित भारत अभियान के अंतर्गत 100 सप्ताह का नशा मुक्त युवा अभियान के तहत गया कॉलेज, गया में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा गर्व' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मुंशी प्रेमचंद सभागार में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जयप्रकाश अस्पताल के डॉ. एम. ई. हक तथा विशिष्ट अतिथि रेड क्रॉस सोसाइटी, गया के डॉ. प्रदीप कुमार अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गया कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. सतीश सिंह चंद्र ने की। कार्यक्रम में गया कॉलेज के दर्शन डॉ मारकंडे पांडे मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ आनंद कुमार एवं डॉ रामदेव प्रसाद उपस्थित थे। मंच संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना



के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. राजेश कुमार मिश्र ने किया। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं नशा मुक्ति अभियान की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. प्रदीप कुमार अग्रवाल ने अपने जीवन के व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए बताया कि हॉस्टल जीवन के दौरान उन्हें भी नशे की लत लग गई थी, लेकिन समय रहते उन्होंने दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ नशे से छुटकारा पाया और अपने जीवन को सफल दिशा प्रदान की। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार के नशे की लत का शिकार हो गया है तो उसे निराश होने के बजाय उससे बाहर निकलने का प्रयास करना चाहिए। साथ ही जो लोग नशे की गिरफ्त से बाहर आ चुके हैं, वे दूसरों को भी नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें। मुख्य अतिथि डॉ. एम. ई. हक ने नशे के सेवन से शरीर पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों तथा इससे होने वाले विभिन्न दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके मानसिक, पारिवारिक और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करता है। उन्होंने नशा मुक्ति के लिए जागरूकता, परिवार के सहयोग, उचित परामर्श तथा सामूहिक प्रयासों को आवश्यक बताया। डॉ मार्कंडेय ने नशा मुक्ति पर अपने विचार रखते हुए बताया कि हमें अपने सफल होने के लिए नशा होना चाहिए समाज को आगे बढ़ने का नशा होना चाहिए न कि हम इस तरह का नशा करें जो कि हमारे जीवन के लिए ही भारी पड़ जाए। कार्यक्रम में गया कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्ति विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए और युवाओं से नशे से दूर रहने का संदेश दिया। छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम को विशेष रूप से प्रभावी बनाया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य प्रो. डॉ. सतीश सिंह चंद्र ने एनएसएस स्वयंसेवकों एवं कार्यक्रम से जुड़े सभी सदस्यों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति केवल एक व्यक्ति या संस्था का विषय नहीं है, बल्कि इसके लिए पूरे समाज को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज के लोगों के साथ मिलकर नशा मुक्ति एवं जन-जागरूकता के कार्यों को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में साइक्लोजी विभाग से डॉ. रामदेव कुमार एवं डॉ. आनंद कुमार सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण, एनएसएस स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## भगत सिंह यूथ ब्रिगेड ने लगाए सात स्थानों पर रक्तदान शिविर, 262 यूनिट रक्त संग्रह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड की ओर से गया जिले में सात स्थानों पर आयोजित रक्तदान शिविरों में कुल 262 यूनिट रक्तदान किया गया। ब्रिगेड के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनी कु. वर्मा ने बताया कि पहला शिविर प्रमोद लड्डू भंडार, टावर चौक गया में लगा। इसका उद्घाटन वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कु., मुख्य संरक्षक प्रमोद भदानी, समाजसेवी कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, इकबाल हुसैन, अनंतधीश अमन मुन्ना, अनंतधीश अमन और सुरेंद्र गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। दूसरा शिविर शेरघाटी में हुआ जिसका उद्घाटन एसडीएम जतिन कुमार और शेरघाटी विधायक प्रतिनिधि ने किया। तीसरा शिविर परैया में गुरुआ विधायक उपेंद्र प्रसाद, बीडीओ, थानाध्यक्ष और सभी मुखिया ने संयुक्त रूप से उद्घाटित किया। चौथा शिविर वजीरगंज में बीडीओ प्रभाकर कु., थानाध्यक्ष नीरज कु., मुखिया सह मुखिया जिला संघ अध्यक्ष डब्लू यादव ने उद्घाटित किया। इस दौरान बीडीओ ने स्वयं रक्तदान किया। पांचवां शिविर कोंच प्रखंड में टेकारी विधायक अजय दांगी और जिला पैक्स अध्यक्ष रिया कुमारी ने उद्घाटित किया। छठा शिविर डेल्हा में थानाध्यक्ष और शिक्षकों ने संयुक्त रूप से शुरू कराया। सातवां शिविर बोधगया में भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मांझी ने उद्घाटित किया। सोनी वर्मा ने बताया कि संग्रहित रक्त जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। सोमवार को रक्तदान करने वालों में पूर्व पार्षद भोला मियां (इबरार अहमद), अर्पणा गोलडी, डॉ. हारुन रशीद, इकबाल हुसैन, रवि सर, अभिनाश सर, आशीष दूबे, आकाश चंद्रवंशी, सूरज सिंह, नवीन शर्मा, कृष्णा साहू, अशर रवान, चुनचुन शर्मा, मनिष चन्द्रवंशी, डब्लू यादव, विशाल दास, रीतीक रौशन, पंकज कु. गुप्ता, दीपू भदानी, विवेकानन्द, दीपांशु, गोरेलाल, शुभम मिश्रा, अंजनी गौतम, राज रंजन, गणेश वर्मा, विजय कु. कान्धबे, अभिषेक भोलू, सागर कु., समीर रंजन, देवकान्त, अमृत कुमार, राकेश सिन्हा, शुभम आनन्द, अमृत कुमार, सूबेदार शर्मा, हर्षित, जीतेश दांगी, सुधीर सिंह, सोनु कु., अमन शर्मा, वर्मा, कुन्दन सर, धीरेन्द्र कु. और विष्णु कु. शामिल हैं।

## मानपुर में होगा 55 फुट के रावण और 50 फुट के कुंभकरण का पुतला दहन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया जी।** जिले के मानपुर स्थित रसलपुर खेल मैदान में आगामी लंका दहन कार्यक्रम को लेकर पुतला निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। वीर कुंवर सिंह क्लब द्वारा 1।50 लाख की लागत से 55 फीट का रावण, 50 फीट का कुंभकरण और 45 फीट का मेघनाथ का पुतला तैयार किया गया है। गया जी के मानपुर क्षेत्र में आगामी दुर्गा पूजा और पारंपरिक लंका दहन कार्यक्रम को लेकर तैयारियां इन दिनों जोरों पर चल रही है। वर्ष 1996 से लगातार रसलपुर खेल मैदान में आयोजित होने वाले लंका दहन कार्यक्रम के लिए इस बार वीर कुंवर सिंह क्लब द्वारा पुतला निर्माण कार्य पर लगभग 1.50 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। वर्तमान में पुतलों के निर्माण का कार्य अपने अंतिम चरण में चल रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए क्लब के अध्यक्ष हरेराम सिंह ने बताया कि इस बार लंका दहन के लिए रावण महाराज का पुतला 55 फीट ऊंचा बनाया जा रहा है जबकि उनके साथ 50 फीट ऊंचा कुंभकरण और 45 फीट ऊंचा मेघनाथ का पुतला भी तैयार किया गया है। इन विशालकाय पुतलों को पूरी तरह तैयार करने में कारीगरों को लगभग 20 दिनों का समय लगा है। इन पुतलों का निर्माण कर रहे जगदीशपुर निवासी कारीगर मोहम्मद सोनू, मोहम्मद परवेज और मोहम्मद राजा ने बताया कि पुतला निर्माण का अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने बताया कि इन पुतलों को कार्यक्रम से दो दिन पहले रसलपुर खेल मैदान में सुरक्षित उतारा जाएगा जिसके बाद इनके अंदर और बाहर आतिशबाजी व पटाखे लगाने का काम शुरू किया जाएगा। इस पूरे आयोजन को भव्य और सफल बनाने के लिए वीर कुंवर सिंह क्लब के सभी सदस्य पूरी तन्मयता से जुटे हुए हैं। सहयोग करने वालों में क्लब के सक्रिय सदस्य मनोज सिंह, साकेत प्रताप उर्फ मिठ्ठू सिंह, जितेंद्र सिंह, श्याम सिंह, टुन्न बाबू और पैक्स अध्यक्ष राकेश सिंह समेत क्षेत्र के कई अन्य प्रबुद्ध लोग शामिल हैं।

## शराब के साथ महिला गिरफ्तार, भेजी गई जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** आंती थाना पुलिस ने 40 लीटर देशी महुआ शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। थाना कांड संख्या 118/26 के तहत बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम संशोधित की धारा में प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार महिला की पहचान सुशीला देवी (40), पति शिवनाथ चौधरी, साकिन काजीबिगहा, थाना-आंती, जिला-गया के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में उपस्थापन के लिए भेज दिया।

## मुआवजा नहीं मिला तो किसानों ने रुकवाया वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे का काम, 10 दिन का अल्टीमेटम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया जी।** बंदोहरी गांव के पास वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य को मुआवजे की मांग को लेकर नाराज किसानों ने रोक दिया। दो साल बाद भी मुआवजा न मिलने से गुस्साए किसानों ने प्रशासन को 10 दिनों का अल्टीमेटम दिया है जिसके बाद अंचल अधिकारी ने तकनीकी समस्याओं को दूर कर जल्द भुगतान का भरोसा दिलाया है। भारत माला परियोजना के तहत बनाए जा रहे वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे के लिए भूमि अधिग्रहण के दो वर्ष बीत जाने के बाद भी मुआवजे की राशि का भुगतान नहीं मिलने से नाराज किसानों ने सोमवार को गया जी के बंदोहरी गांव के पास चल रहे निर्माण कार्य को पूरी तरह रोक दिया। निर्माण कार्य रुकने से सड़क निर्माण में लगी भारी गाड़ियों और मशीनों की लंबी कतारें सड़क पर लग गईं। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे किसान मुनरवा देवी, राजेंद्र प्रसाद, मनोज प्रसाद, प्रमोद प्रसाद, करण पासवान व शंभु प्रसाद सहित अन्य ने बताया कि भूमि अधिग्रहण हुए दो साल से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन उन्हें अब तक मुआवजे की एक भी पाई का भुगतान नहीं किया गया है। किसानों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि वे लगातार सरकारी कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन कोरे आश्वासनों के अलावा उन्हें कुछ नहीं मिला। अपनी इस गंभीर समस्या का कोई समाधान निकलता न देख, आखिरकार उन्हें विवश होकर निर्माण कार्य को बाधित करना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही सड़क निर्माण कार्य में लगे कंपनी के कर्मचारी और स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंचे। इसके बाद किसानों और प्रशासन के बीच प्रशासनिक स्तर पर बातचीत का दौर शुरू हुआ। बातचीत के दौरान किसानों ने प्रशासन को कड़ा अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि आगामी 10 दिनों के भीतर उनके लंबित मुआवजे की राशि का भुगतान नहीं किया गया तो वे दोबारा निर्माण कार्य को पूरी तरह बंद कराकर धरना पर बैठ जाएंगे। किसानों की चेतावनी के बाद प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उचित आश्वासन दिए जाने पर फिलहाल निर्माण कार्य को पुनः शुरू कराया गया। इस पूरे मामले पर अंचल अधिकारी सुकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ किसानों के पुराने खाता-खेसरा और केवाला के विवरण में तकनीकी त्रुटि के कारण गलती अंकित हो गई थी। चूंकि एक्सप्रेसवे निर्माण के लिए नए खतियान के आधार पर आधिकारिक नोटिफिकेशन हुआ है। इसलिए पुराने और नए खतियान की अमीन से विशेष जांच कराई गई थी जिसमें कई प्रकार की खामियां सामने आईं।

## हर पात्र परिवार तक पहुंचेगा सरकारी योजनाओं का लाभ : मुखिया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**इमामगंज।** प्रखंड अंतर्गत दुबहल पंचायत सरकार भवन में सोमवार को आयोजित ग्रामसभा में आवास योजना और भूमिहीन परिवारों को तीन डिसमिल जमीन उपलब्ध कराने का मुद्दा प्रमुखता से उठा। मुखिया गीता देवी की अध्यक्षता में हुई ग्रामसभा में अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। वहीं बैठक के दौरान ग्रामीणों से करीब 70 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें कई आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन किया गया जबकि शेष आवेदनों की सूची तैयार कर आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को भेजने की बात कही गई। वहीं आवास योजना के



चयनित लाभार्थियों की सूची भी पंचायत सरकार भवन की दीवार पर चस्पा कर सार्वजनिक की गई। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को लाभार्थी चयन और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी। ग्रामसभा में आवास और जमीन के अलावा वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, राशन कार्ड तथा पंचायत में संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़े आवेदन भी लिए गए। इस संबंध में मुखिया गीता देवी ने कहा कि ग्रामसभा के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान का प्रयास किया जा रहा है। आवास योजना और भूमिहीन परिवारों को तीन डिसमिल जमीन दिलाने के लिए सबसे अधिक आवेदन मिले हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत के प्रत्येक पात्र एवं जरूरतमंद परिवार तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि राजदेव राम, उपमुखिया कुमारी शीला सिन्हा, उपमुखिया प्रतिनिधि बसंत प्रसाद, उदय प्रसाद, बीडी दास, रामुद्दीन खान, विकास मित्र सेतु प्रसाद, आवास सहायक राजेश कुमार व अखिलेश कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## उच्च विद्यालय भवन के स्थल चयन को लेकर ग्रामीणों में विवाद, प्रशासन ने समझा-बुझाकर हटाया



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** प्रखंड मुख्यालय कोंच में सोमवार को परसावां पंचायत के दो गांवों के लोग उच्च विद्यालय भवन के लिए गलत जगह स्थल चयन का आरोप लगाते हुए अनशन और धरना देने पहुंचे। प्रशासन ने सूझबूझ से काम लेते हुए दोनों पक्षों को समझाया कि स्थल का चयन नियमानुसार ही किया जाएगा। धरना देने से कुछ हासिल नहीं होगा। यदि पदाधिकारियों के कार्य से असंतुष्ट हैं तो वरीय पदाधिकारी जिलाधिकारी के पास आवेदन दे सकते हैं। समझाने के बाद दोनों पक्ष धरना स्थल से हट गए। वहीं पूर्व जिला पार्षद रामचंद्र आजाद ने टिकारी एसडीओ प्रवीण कुंदन से स्थल चयन पर पुनर्विचार की मांग की है।

## छात्रवृत्ति पोशाक राशि के लिए 30 सितंबर तक पूरी करें उपस्थिति की प्रविष्टि : बीईओ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**इमामगंज।** प्रखंड संसाधन केंद्र इमामगंज में प्राथमिक, मध्य एवं माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की मासिक गुरुगोष्ठी आयोजित की गई। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राधेश्याम सिंह और पूर्व प्रखंड साधनसेवी मोइन आलम ने विद्यालयों के शैक्षणिक एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा कर लंबित कार्य समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं बैठक में 75 प्रतिशत उपस्थिति वाले विद्यार्थियों की जानकारी ई-शिक्षाकोष पर 30 सितंबर तक दर्ज करने को कहा गया। ताकि छात्रवृत्ति और पोशाक की राशि समय पर मिल सके। अर्द्धवार्षिक परीक्षा के अंक पांच अक्टूबर तथा परियोजना आधारित शिक्षण कार्यक्रम और यू-डायस से जुड़े कार्य 10 अक्टूबर तक पूरा करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान 24 घंटे में पूरा करने, अपार पहचान-पत्र बनाने, पोषण पखवाड़ा आयोजित करने और प्रत्येक शैक्षणिक दिवस सुबह 11 बजे तक विद्यार्थियों की उपस्थिति ई-शिक्षाकोष पर दर्ज करने को कहा गया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**
**ई० निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई० निविदा संख्या– WRD/MID/GARHWA/$F_2$-02/2026-27**
**पत्रांक – 589गढ़वा / दिनांक – 25 / 09 / 2026**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | केतार प्रखण्ड अन्तर्गत भुसही (भुरानी) बांध का मरम्मति कार्य। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू० में) | 24,93,697.15 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 माह |
| 4 | ई०–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 03.10.2026 (11:00 AM) |
| 5 | ई०–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.10.2026 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 16.10.2026 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई०–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 17.10.2026 (04:00 PM) |
| 8 | ई०–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई०–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई० प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– 1. केवल ई०–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
2. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
3. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 390625 Minor Irrigation(26-27)D


## मुख्य चुनाव आयुक्त, प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री का सामूहिक पुतला दहन कर कांग्रेसजनों ने किया विरोध प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के दिशानिर्देश पर गया जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम से मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा दो अन्य चुनाव आयुक्तों के विगत 10 माह में विभिन्न मुद्दों पर 14 बार विरोध दर्ज कराने के बाद भी प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री के सह पर नजरअंदाज करने के खिलाफ विशाल विरोध मार्च निकालने हेतु राजेंद्र आश्रम प्रांगण में जैसे ही कांग्रेस पार्टी के नेता, कार्यकर्ता बैनर और पुतला लेकर निकले वैसे ही गया के



जिलाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी के आदेश पर स्थानीय सिविल लाइन्स थाना के इंस्पेक्टर अपने सैकड़ों पुलिस बल के साथ हम लोगों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस भान लेकर पहुंचें, परंतु पुलिस बल एवं कांग्रेस जनों में नोकझोंक होते हुए राजेंद्र आश्रम कार्यालय के बाहर सड़क पर मुख्य चुनाव आयुक्त, प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री का सामूहिक पुतला दहन किया गया। विरोध प्रदर्शन में शामिल नेताओं, कार्यकर्ताओं को पुलिस वैन में बैठा कर सिविल लाइंस थाना लाया गया तथा वहां कुछ देर तक डिटेन करने के बाद बॉन्ड पर हस्ताक्षर करा कर छोड़ दिया।

## पितृपक्ष मेले के चौथे दिन उत्तर मानस और पंचतीर्थ वेदी पर उमड़ी भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेले के चौथे दिन सोमवार को उत्तर मानस वेदी और पंचतीर्थ वेदी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही दोनों वेदी स्थलों पर पिंडदान और तर्पण करने वालों की कतार लगी रही। कड़ी धूप और गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं दिखी। कई तीर्थयात्री छाता लगाकर पिंडदान और तर्पण का कर्मकांड करते नजर आए। उत्तर मानस वेदी और पंचतीर्थ वेदी पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गयी थी। देश के अलग-अलग हिस्सों से पहुंचे तीर्थयात्रियों ने पुरोहितों के मार्गदर्शन में अपने पितरों के लिए पिंडदान, तर्पण और अन्य धार्मिक अनुष्ठान विधि-विधान से संपन्न किये। वेदियों के आसपास लगातार धार्मिक मंत्रोच्चार होता रहा। इससे पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना रहा। गर्मी और तेज धूप के बीच भी श्रद्धालु कर्मकांड पूरा करने में जुटे रहे। दूर-दराज से पहुंचे तीर्थयात्रियों ने बताया कि वे अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति और मोक्ष की कामना लेकर गयाजी आए हैं।

## भारत में डेटा सेंटर निवेश बढ़ा रहा रोजगार के नए अवसर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भारत में बड़े स्तर पर डेटा सेंटर क्षमता में निवेश की तैयारी चल रही है। ए आई सेवाओं के बढ़ते इस्तेमाल से नई और बड़ी डेटा सेंटर क्षमता की मांग काफी बढ़ गई है। इनडीड हायरिंग लैब के नए डेटा के मुताबिक अगस्त में भारत में 1.3 प्रतिशत जॉब पोस्टिंग में डेटा सेंटर का जिक्र था, जो एक साल पहले के मुकाबले 1.0 प्रतिशत और दो साल पहले के मुकाबले लगभग दोगुना अधिक है। केपीएमजी के अनुमान से 2035 तक भारत को डेटा सेंटर में 90 अरब डॉलर के अवसर मिलेंगे। इनडीड में ए पी ए सी के लिए सीनियर इकोनॉमिस्ट, कैलम पिकरिंग ने कहा कि भारत में डेटा सेंटर क्षमता के विस्तार से रोजगार की नई मांग उत्पन्न हो रही है क्योंकि व्यवसाय ए आई और अन्य डिजिटल सर्विसेज के लिए जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश कर रहे हैं।

## भारतीय संस्कृति का क्षरण बाजारवाद का परिणाम : महेश कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** 'कहानी विद कॉफी' की 25वीं कड़ी में चर्चित कहानीकार भीष्म साहनी की प्रसिद्ध कहानी 'चीफ की दावत' पर आयोजित परिचर्चा में बाजारवाद के बढ़ते प्रभाव और उसके कारण कमजोर पड़ती मानवीय संवेदनाओं को भारतीय संस्कृति के क्षरण से जोड़कर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली और बाजारवादी सोच के बीच रिश्तों तथा मानवीय मूल्यों को बचाए रखना बड़ी चुनौती बन गया है। कार्यक्रम की शुरुआत में सदस्यों ने 'कहानी विद कॉफी' की 25वीं कड़ी पूरी होने पर एक-दूसरे को बधाई दी। वक्ताओं ने इसे टिकारी के साहित्यिक जीवन की उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि मोबाइल के बढ़ते प्रभाव के कारण लोगों के लिए साहित्य पढ़ने और उस पर चर्चा करने का समय कम होता जा रहा है। ऐसे दौर में टिकारी जैसे कस्बाई शहर में 25 माह से लगातार कहानी पर परिचर्चा आयोजित होना उल्लेखनीय है। कहानी का पाठ युवा शायर नदीम हसन ने किया। उनकी आवाज के उतार-चढ़ाव और संवेदनात्मक प्रस्तुति ने श्रोताओं को कहानी से जोड़े रखा। इसके बाद राम प्रसाद सिन्हा ने वैदिक काल से लेकर नानी की किस्सागोई और आधुनिक कहानी तक की यात्रा पर शोधपरक चर्चा की। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के हिंदी शोध छात्र महेश कुमार ने 'चीफ की दावत' की रचना-कालीन पृष्ठभूमि और तत्कालीन सामाजिक वातावरण पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## कोंच में रक्तदान शिविर, 19 वर्षीय अंजली ने किया रक्तदान

### रक्तवीरों ने किया रक्तदान, विधायक अजय कुमार ने रक्तदाताओं को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** कोंच में सरकारी अस्पताल के सामने विवेक मेडिकल एजेंसी के ऊपर सोमवार को शहीद भगत सिंह यूथ विग्रेड के तत्वावधान में विवेकानंद शर्मा के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कोंच पैक्स की अध्यक्ष रिया कुमारी भी शामिल हुईं। शिविर में लगभग 15 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद का संकल्प लिया। रक्तदान करने वालों में आदर्श कन्या मध्य विद्यालय के प्रभारी श्रवण नारायण शांडिल्य के अलावा विवेकानंद शर्मा, अंजली कुमारी, लक्ष्मीकांत कुमार, गुलशन कुमार, मृत्युंजय कुमार, मिथिलेश कुमार, गौतम कुमार, संतोष कुमार, रविकांत शर्मा, कमलकांत, अखिलेश कुमार एवं मो. इरशाद, डॉक्टर ओम कुमार सहित अन्य रक्तदाता शामिल रहे। शिविर की सबसे खास एवं प्रेरणादायक बात यह रही कि 19 वर्षीय अंजली कुमारी ने अपने जीवन में पहली बार रक्तदान किया। पहली बार रक्तदान को लेकर उन्होंने उत्साह दिखाया और अन्य युवाओं एवं युवतियों को भी रक्तदान के लिए आगे आने का संदेश दिया। कार्यक्रम में टिकारी के विधायक अजय कुमार ने रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को सम्मानित किया। उन्होंने रक्तदान को मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए लोगों से जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आने की अपील की। इस अवसर पर शिविर के आयोजक विवेकानंद शर्मा ने बताया कि कोंच पैक्स एवं शहीद भगत सिंह यूथ विग्रेड के माध्यम से वर्ष में दो बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इसके साथ ही जरूरतमंद मरीजों को आवश्यकता के अनुसार रक्त उपलब्ध कराने का भी प्रयास किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस सामाजिक पहल में शहीद भगत सिंह यूथ विग्रेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह संस्थापक सोनी कुमार वर्मा की अग्रणी भूमिका रहती है।


**कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू, मेदिनीनगर**
**(खनन शाखा)**

**Corigendum**

पलामू जिलान्तर्गत चिन्हित कैटेगरी–2 के कुल 18 बालूघाटों की ई–निलामी प्रक्रिया चल रही है। अग्रधन राशि जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम तिथि 25.09.2026 को 2:00 बजे तक निर्धारित थी। बैंक हड़ताल एवं अन्य कारणों को इंगित करते हुए संभावित बीडरों के द्वारा उपरोक्त तिथि को एक सप्ताह बढ़ाने हेतु अनुरोध किया गया है। उक्त के आलोक में अधिक से अधिक व्यवसायियों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु निलामी कार्यक्रम में निम्न प्रकार बदलाव किया जाता है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | अग्रधन राशि जमा राशि जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की प्रारम्भिक एवं अंतिम तिथि एवं समय। | 11.09.2026, 10:00 AM & 03.10.2026, 2:00 PM तक। |
| 2 | तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा खोलने की तिथि। | 05.10.2026, 2:00 PM |
| 3 | तकनीकी निविदा की जिला स्तरीय समिति द्वारा जाँच / मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड करने तथा प्रारम्भिक वित्तीय प्रस्ताव के मूल्यांकन की तिथि। | 07.10.2026, 10:00 AM |
| 4 | ई–निलामी प्रारम्भ होने की तिथि एवं समय। | **09.10.2026** को 10:00 बजे पूर्वाह्न से 6:00 बजे अपराह्न तक। |
| 5 | ई–निलामी समाप्ति की तिथि एवं समय। | |

PR 389405 District (26-27).D

ह०/– जिला खनन पदाधिकारी, पलामू, मेदिनीनगर | ह०/– अपर समाहर्ता, पलामू। | ह०/– उप निदेशक, खान पलामू अंचल, मेदिनीनगर | ह०/– उपायुक्त, पलामू

PR 390622 (District)26-27*D

संपादकीय

# ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग तेज...

विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने और उनकी गिरफ्तारी की मांग तेज कर दी है। कॉकरोच जनता पार्टी ने केंद्र को एक नया अल्टीमेटम दिया है और चेतावनी दी है कि यदि ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं देते हैं तो दूसरा जंतर-मंतर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दावा किया कि देश में सभी चुनाव धांधली से हो रहे हैं। राहुल गांधी ने आगे कहा कि दो चुनाव आयुक्तों ने एक समझदारी भरा कदम उठाया है, साथ ही यह भी जोड़ा कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सी.ई.सी.) को गंभीरता से सोचना चाहिए और सरकारी गवाह बन जाना चाहिए। इस बीच, इंडिया गठबंधन के सहयोगी लोकसभा और राज्यसभा दोनों में ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग करते हुए एक नया नोटिस देने की तैयारी कर रहे हैं। कुमार को हटाने के प्रस्ताव के लिए विपक्ष का यह तीसरा प्रयास होगा। नोटिस का मसौदा तैयार किया जा रहा है और संसद के दोनों सदनों में पेश करने से पहले कानूनी विशेषज्ञों द्वारा इसकी जांच की जाएगी। 24 अप्रैल को 73 विपक्षी सांसदों द्वारा कुमार को हटाने की मांग वाला एक नोटिस राज्यसभा में लंबित है। इस बीच, चुनाव आयोग ने किसी भी सुझाव को खारिज कर दिया है कि उसके निर्णय विभाजित थे, या कि दो चुनाव आयुक्तों ने पूर्ण आयोग के निर्णयों से औपचारिक रूप से असहमति जताई थी। उत्तर प्रदेश में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं क्योंकि कैराना से समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन ने यह दावा करके एक संवेदनशील मुद्दे को छेड़ दिया है कि अखिलेश यादव ही अकेले ऐसे व्यक्ति हैं जो भाजपा को हरा सकते हैं। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस अपने दम पर ज्यादा कुछ हासिल नहीं कर पाएगी।'' यह टिप्पणी कांग्रेस को अच्छी नहीं लगी। सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद ने हसन को जवाब देते हुए दावा किया कि राहुल गांधी ही हैं जो भाजपा को परेशान करते हैं। सूत्रों के अनुसार, अखिलेश यादव कांग्रेस को 60 से अधिक सीटें देने के लिए सहमत नहीं थे लेकिन कांग्रेस 100 सीटों की मांग कर रही है। अब अखिलेश यादव के सामने कांग्रेस के साथ सीट-बंटवारे पर आम सहमति बनाने और एक सांझा न्यूनतम कार्यक्रम पर सहमत होने की कड़ी चुनौती है। 2022 के विधानसभा चुनावों में सपा ने 111 सीटें और कांग्रेस ने 2 सीटें जीती थीं। जहां तक सीट-बंटवारे की बात है, अंतिम निर्णय अखिलेश यादव और राहुल गांधी के बीच सीधी बातचीत के माध्यम से लिया जाएगा। हालांकि सीटों की संख्या को लेकर निश्चित रूप से कुछ सौदेबाजी होगी लेकिन दोनों दलों के नेता इस बात को लेकर आशावादी हैं कि एक पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान निकल आएगा। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने पार्टी अध्यक्ष मायावती के छोटे भतीजे ईशान आनंद को नया राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किया है, जब उनके बड़े भाई आकाश आनंद को पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से हटा दिया गया था। यह निर्णय लखनऊ में पार्टी मुख्यालय में आयोजित बसपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता मायावती ने की। ईशान और आकाश, मायावती के छोटे भाई और बसपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद कुमार के बेटे हैं। वहीं, बसपा प्रमुख ने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव अपनी संगठनात्मक क्षमता के आधार पर लड़ेगी, न कि किसी अन्य पार्टी के समर्थन से। उन्होंने पार्टी कार्यकर्त्ताओं से चुनावी तैयारियों में पूरी तरह से जुट जाने और पूरे समुदाय के साथ आगे बढने् की अपील की। उन्होंने पार्टी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे मजबूत और सक्षम उम्मीदवार चुनें, संगठन को मजबूत करें और जमीनी स्तर पर पहले जारी किए गए चुनावी निर्देशों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करें।2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले, यू.पी. के मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने यह दावा किया है कि यू.पी. को अंततः 4 राज्यों-पूर्वांचल, मध्यांचल, बुंदेलखंड और हरित प्रदेश में वर्गीकृत किया जाएगा और पूर्वांचल राज्य बनने पर राजभर का एक बेटा मुख्यमंत्री बनेगा।

# नई पीढ़ी के लिए पितृपक्ष का संदेश...

**भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक यह है कि वह जीवन को केवल वर्तमान की सीमाओं में नहीं देखती। उसके लिए मनुष्य अपने पूर्वजों की विरासत का उत्तराधिकारी भी है और आने वाली पीढ़ियों के संस्कारों का वाहक भी। यही कारण है कि भारतीय परंपरा में जन्म और मृत्यु को जीवन-चक्र की निरंतर कड़ियों के रूप में देखा गया है। पितृपक्ष इसी व्यापक जीवन-दृष्टि का एक महत्वपूर्ण पर्व है। यह वह समय है, जब मनुष्य अपने दिवंगत पूर्वजों का स्मरण करता है, उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त करता है और उनके योगदान के लिए कृतज्ञता प्रकट करता है। पितृपक्ष को सामान्यतः श्राद्ध और तर्पण से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन इसकी महत्ता इससे कहीं अधिक व्यापक है। इसके केंद्र में केवल कुछ धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि स्मृति, श्रद्धा, दायित्व, पारिवारिक निरंतरता और आत्मीय संबंधों की भावना है।**

जल की कुछ बूंदों, तिल, कुश और अन्न के माध्यम से किया जाने वाला तर्पण वस्तुतः उस भाव को अभिव्यक्त करता है कि मनुष्य अपने अस्तित्व को अकेला नहीं मानता। उसके जीवन में माता-पिता, दादा-दादी, परदादा-परदादी और उनसे पहले की पीढ़ियों के संस्कार, श्रम और अनुभव किसी न किसी रूप में उपस्थित रहते हैं। इस दृष्टि से पितृपक्ष अतीत की ओर लौटने का अवसर होने के साथ वर्तमान को समझने और भविष्य के प्रति अपने दायित्व को पहचानने का भी समय है। भारतीय दर्शन में मनुष्य को प्रकृति, समाज, परिवार और पूर्वजों से अलग करके नहीं देखा गया। जीवन अनेक प्रकार के ऋणों और संबंधों से निर्मित माना गया है। देवऋण, ऋषिऋण और पितृऋण की अवधारणा इसी विचार को सामने रखती है। पितृऋण का अर्थ केवल किसी धार्मिक अनुष्ठान को पूरा करना नहीं, बल्कि उन पूर्वजों के प्रति कृतज्ञ होना है, जिनसे जीवन, संस्कार, परंपरा और सामाजिक पहचान मिली। 'श्राद्ध' शब्द की व्युत्पत्ति 'श्रद्धा' से मानी जाती है। इसका मूल भाव विश्वास, सम्मान और समर्पण है। इसलिए श्राद्ध को केवल एक निर्धारित विधि के रूप में समझना उसके व्यापक अर्थ को सीमित कर देना होगा। इसके पीछे यह भावना है कि मनुष्य अपने पूर्वजों को विस्मृत न करे और उनके प्रति अपनी कृतज्ञता को जीवन में स्थान दे। भारतीय आध्यात्मिक चिंतन में शरीर को नश्वर और आत्मा को शाश्वत माना गया है। जन्म और मृत्यु को अस्तित्व की यात्रा के दो पड़ाव समझने वाली इस दृष्टि में पितृपक्ष मृत्यु को भय के रूप में देखने के बजाय स्मरण और आत्मचिंतन का अवसर प्रदान करता है। यह मनुष्य को जीवन की अनित्यता का बोध कराता है और बताता है कि भौतिक उपलब्धियों से परे संबंधों और संस्कारों की भी अपनी स्थायी शक्ति होती है।



नई पीढ़ी के लिए पितृपक्ष को केवल एक धार्मिक अवसर के रूप में प्रस्तुत करने के बजाय उसके सांस्कृतिक और मानवीय पक्ष को समझाना अधिक उपयोगी होगा। बच्चों को परिवार का इतिहास बताना, पुराने दस्तावेज और तस्वीरें सुरक्षित रखना, पूर्वजों की जीवन-कथाएं लिखना और उनके सामाजिक योगदान को याद करना पितृस्मरण का आधुनिक रूप हो सकता है। इससे बच्चों में यह भावना विकसित होती है कि वे एक लंबी सांस्कृतिक और पारिवारिक यात्रा का हिस्सा हैं। उन्हें यह समझ आता है कि वर्तमान जीवन अनेक लोगों के श्रम और त्याग की परिणति है। यही भावना व्यक्ति में विनम्रता, कृतज्ञता और जिम्मेदारी पैदा करती है। भारतीय धार्मिक साहित्य में पितरों की अवधारणा अत्यंत प्राचीन है। वैदिक परंपरा में पितरों के प्रति सम्मान, अर्पण और स्मरण के अनेक संदर्भ मिलते हैं। आगे चलकर गृह्यसूत्रों, धर्मशास्त्रों, महाभारत और पुराणों में श्राद्ध तथा पितृकर्म से संबंधित विस्तृत परंपराएं विकसित हुईं। गरुड़ पुराण में मृत्यु, आत्मा, कर्म और परलोक संबंधी विचारों के साथ श्राद्ध की मान्यताओं का उल्लेख मिलता है। महाभारत और पुराण साहित्य में भी पितरों के प्रति कर्तव्य और श्राद्ध की महत्ता पर चर्चा की गई है। इन ग्रंथों का मूल संदेश यह है कि मनुष्य अपने जीवन को व्यापक नैतिक और पारिवारिक उत्तरदायित्वों से जोड़कर देखे। शास्त्रीय परंपरा में कर्म का विशेष महत्व है। मनुष्य के कर्म ही उसके जीवन की दिशा निर्धारित करते हैं। इसीलिए पितृपक्ष का आध्यात्मिक संदेश केवल मृतकों के लिए किए जाने वाले अनुष्ठान तक सीमित नहीं है। यह जीवित व्यक्ति को भी अपने कर्म, आचरण और उत्तरदायित्व पर विचार करने के लिए प्रेरित करता है।

पितृपक्ष से जुड़ी अनेक पौराणिक और लोक कथाएं भारतीय जनमानस में प्रचलित हैं। इनमें कर्ण की कथा विशेष रूप से प्रसिद्ध है। लोक मान्यता के अनुसार मृत्यु के बाद कर्ण को स्वर्ग में भोजन के स्थान पर स्वर्ण प्राप्त हुआ। कारण पूछा गया तो उन्हें बताया गया कि उन्होंने जीवन भर दान तो बहुत किया, लेकिन अपने पूर्वजों के लिए अन्न और जल का दान नहीं किया था। इसके बाद उन्हें पृथ्वी पर लौटकर पितरों के लिए अन्न-जल अर्पित करने का अवसर मिला। इसी कथा को पितृपक्ष की परंपरा से जोड़कर देखा जाता है। ऐसी कथाओं को ऐतिहासिक घटना के बजाय सांस्कृतिक और नैतिक आख्यान के रूप में देखना अधिक उपयोगी है। उनका उद्देश्य मनुष्य को यह समझाना है कि दान, सेवा और कृतज्ञता का दायरा केवल सार्वजनिक जीवन तक नहीं, बल्कि अपने परिवार और पूर्वजों तक भी विस्तृत होना चाहिए।

पितृपक्ष में तर्पण, पिंडदान, अन्नदान और अन्य कर्म किए जाते हैं। तर्पण में जल अर्पित किया जाता है। जल भारतीय संस्कृति में जीवन का मूल तत्व है। इसलिए जल अर्पण को जीवन, शांति और कृतज्ञता के प्रतीक के रूप में भी समझा जा सकता है। पिंडदान में अन्न से निर्मित पिंड अर्पित किए जाते हैं। अन्न जीवन का आधार है। इस दृष्टि से अन्न अर्पण उस जीवन-श्रृंखला के प्रति सम्मान है, जिसने वर्तमान पीढ़ी को अस्तित्व दिया। तिल, कुश, जल और अन्न जैसे पदार्थों का प्रयोग भी भारतीय अनुष्ठान परंपरा में गहरे प्रतीकात्मक अर्थ रखता है। कौआ, गाय, कुत्ते और अन्य जीवों को भोजन कराने की परंपरा भी उल्लेखनीय है। इसे केवल धार्मिक विधान के रूप में देखने के बजाय सह-अस्तित्व की भारतीय भावना से जोड़कर समझा जा सकता है। मनुष्य के भोजन का एक हिस्सा दूसरे जीवों के लिए सुरक्षित रखने का विचार प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता का संदेश देता है।

आधुनिक जीवन में परिवार का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। संयुक्त परिवारों की जगह छोटे परिवारों ने ले ली है और रोजगार तथा शिक्षा के कारण लोगों का भौगोलिक विस्थापन भी बढ़ा है। ऐसे समय में पितृपक्ष परिवार की स्मृति को जीवित रखने का अवसर देता है। जब परिवार के बुजुर्ग नई पीढ़ी को अपने पूर्वजों की कहानियां सुनाते हैं, तो वह केवल अतीत का वर्णन नहीं होता। उसमें परिवार के संघर्ष, त्याग, उपलब्धियां और जीवन-मूल्य भी छिपे होते हैं। इस प्रकार पितृ स्मरण पीढ़ियों के बीच संवाद का माध्यम बन सकता है। आज जब बच्चों का बड़ा हिस्सा डिजिटल दुनिया में समय बिताता है, तब परिवार की मौखिक स्मृतियों को संरक्षित करना और भी महत्वपूर्ण हो गया है। अपने पूर्वज कौन थे, उन्होंने किन परिस्थितियों में जीवन बिताया, परिवार ने किन कठिनाइयों का सामना किया और किन मूल्यों को महत्व दिया इन प्रश्नों के उत्तर व्यक्ति को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं।

पितृपक्ष की परंपराओं में प्रकृति के अनेक तत्वों की उपस्थिति दिखाई देती है। जल, अन्न, तिल, कुश, वृक्ष और विभिन्न जीवों को धार्मिक अनुष्ठान से जोड़ना भारतीय जीवन-दृष्टि की समग्रता को दर्शाता है। भारतीय दर्शन में पंचमहाभूत पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश मानव जीवन के आधार माने गए हैं। इस दृष्टि में मनुष्य प्रकृति का स्वामी नहीं, बल्कि उसका हिस्सा है।

अध्यात्म

## हर स्थिति में विनम्रता बनाए रखनी चाहिए

एक लोक कथा है। किसी राज्य में एक अत्यंत कुशल व्यापारी था। उसकी बुद्धिमानी, ईमानदारी और प्रबंधन क्षमता अद्भुत थी। राजा भी उसकी योग्यता से प्रभावित था, इसलिए उसने उसे पूरे राज्य का प्रशासक बना दिया। व्यापारी ने अपनी कार्यशैली से न केवल राजा का विश्वास जीता, बल्कि आम जनता का जीवन भी बेहतर बना दिया। उसकी लोकप्रियता दिन-प्रतिदिन बढ़ती गई। कुछ समय बाद व्यापारी की पुत्री का विवाह हो रहा था। व्यापारी ने इस अवसर को यादगार बनाने के लिए भव्य भोज रखा, जिसमें राजपरिवार से लेकर सामान्य नागरिक तक सभी को आमंत्रित किया गया। हर अतिथि का सम्मानपूर्वक स्वागत हुआ और उन्हें उपहार भेंट किए गए। भोज में राजमहल का एक साधारण सेवक, जो महल में सफाई का कार्य करता था, अनजाने में उस आसन पर बैठ गया जो राजपरिवार के लिए था। यह देखकर व्यापारी का क्रोध फूट पड़ा। उसने सबके सामने सेवक की गर्दन पकड़कर उसे अपमानित किया और धक्के देकर बाहर निकलवा दिया। अपमान की आग सेवक के मन में गहराई तक उतर गई। कुछ दिनों बाद वही सेवक राजा के कक्ष की सफाई कर रहा था। राजा अर्धनिद्रा में था। तभी सेवक धीरे-धीरे बड़बड़ाने लगा कि व्यापारी ने रानी के साथ अनुचित व्यवहार किया है। ये सुनते ही राजा चौंक उठा और उससे सत्य पूछा। सेवक ने तुरंत माफी मांगते हुए कहा कि रातभर जागने के कारण वह नींद में कुछ भी बोल रहा था। राजा ने बात वहीं समाप्त कर दी, लेकिन उसके मन में संदेह का बीज पड़ चुका था। परिणामस्वरूप व्यापारी के अधिकार सीमित कर दिए गए और महल में उसके प्रवेश पर रोक लगा दी गई। अगले दिन जब व्यापारी महल में आया तो उसे सैनिकों ने रोक दिया। यह देख कर व्यापारी बहुत हैरान हुआ। पास ही वही सेवक खड़ा हुआ था, उसने मजे लेते हुए कहा कि सैनिकों, जानते नहीं ये कौन हैं? और तुम्हें इस राज महल से बाहर फिंकवा सकते हैं, जैसा इन्होंने मेरे साथ किया था। यह बात सुनते ही व्यापारी को पूरी बात समझ आ गई। जब व्यापारी को इसका कारण समझ आया, तो उसने अहंकार छोड़कर उसी सेवक को अपने घर बुलाया। उसका आदर-सत्कार किया, उपहार दिए और सार्वजनिक अपमान के लिए विनम्रता से क्षमा मांगी। व्यापारी की सच्ची पश्चाताप भावना देखकर सेवक का मन बदल गया। उसने व्यापारी से कहा कि चिंता मत कीजिए, मैं आपको आपका सम्मान फिर से दिला दूंगा। अगले दिन उस सेवक ने फिर राजा की अर्धनिद्रा के समय वही पुराना तरीका अपनाया और इस बार राजा के बारे में एक हास्यास्पद बात बड़बड़ाई। राजा तुरंत समझ गया कि जैसे यह मेरे बारे में झूठ बोल सकता है, वैसे ही व्यापारी के बारे में भी झूठ ही बोला होगा। राजा को अपनी भूल का एहसास हुआ। अगले ही दिन उसने व्यापारी की प्रतिष्ठा और अधिकार पूरी तरह फिर से लौटा दिए।

**सीख:** किसी का पद छोटा हो सकता है, लेकिन उसका आत्मसम्मान कभी छोटा नहीं होता। यदि हम लोगों का सम्मान करते हैं, तो वे भी हमारा साथ देते हैं।

**एक राष्ट्रपति सैद्धांतिक रूप से वैध आधारों पर मीडिया क्रेडैंशियल्स रद्द कर सकता है, जैसे कि व्हाइट हाऊस के भीतर दुर्व्यवहार लेकिन ऐसा करने के लिए निष्पक्ष सूचना और किसी निष्पक्ष मध्यस्थ द्वारा सुनवाई का अवसर देना आवश्यक होगा। सी.एन.एन., एम.एस. नाऊ और पोलिटिको का कहना है कि उनके क्रेडैंशियल्स छीने जाने से पहले उन्हें ऐसी कोई प्रक्रिया नहीं दी गई और उनकी समाचार कवरेज से राष्ट्रपति की हताशा के अलावा सार्वजनिक रूप से किसी दुर्व्यवहार का उल्लेख नहीं किया गया है। ट्रम्प ने किसी ऐसे विशिष्ट समाचार या दावे का उल्लेख तक नहीं किया, जिसे वह गलत बताते हों।**

# अमरीकी प्रैस उठा रही है ट्रम्प की दादागिरी के खिलाफ आवाज

बारबरा मैकक्वेड

अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अब तक निश्चित रूप से जान चुके हैं कि व्हाइट हाऊस से मीडिया को अचानक प्रतिबंधित करना गैर-कानूनी है। उनके पास क्रेडैंशियल्स रद्द करने के वैकल्पिक और वैध तरीके भी हैं जो स्वतंत्र अभिव्यक्ति के लिए इतने हानिकारक नहीं होते। लेकिन बेखौफ होकर मनमानी करना शायद वही तरीका है जिससे ट्रम्प अपने प्रतिद्वंद्वियों को दबाकर झुकाते हैं। इस बार, प्रैस पलटवार कर रही है और बाकी देश को यह सिखा रही है कि किसी धौंस जमाने वाले से कैसे निपटा जाता है।




सी.एन.एन., एम.एस. नाऊ और पोलिटिको ने ट्रम्प द्वारा ट्रुथ सोशल पर उनके खिलाफ प्रतिबंध की घोषणा किए जाने के बाद सोमवार को ट्रम्प प्रशासन के खिलाफ मुकद्दमा दायर किया और न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद आखिर वीरवार को प्रैस को व्हाइट हाऊस में जाने की अनुमति मिल गई। ट्रम्प ने यह प्रतिबंध उनकी कथित 'फेक न्यूज की लगातार 'रिपोर्टिंग' के परिणामस्वरूप' लगाया था।

अपने मुकद्दमे में, मीडिया संस्थानों का आरोप है कि व्हाइट हाऊस से प्रतिबंधित किया जाना उनके फर्स्ट अमैंडमैंट के दृष्टिकोण भेदभाव से स्वतंत्रता के अधिकार (और अपने अधिकारों का प्रयोग करने पर बदले की कार्रवाई से सुरक्षा), साथ ही उनके फिफ्थ अमैंडमैंट की उचित प्रक्रिया के अधिकार का उल्लंघन करता है।

एक राष्ट्रपति सैद्धांतिक रूप से वैध आधारों पर मीडिया क्रेडैंशियल्स रद्द कर सकता है, जैसे कि व्हाइट हाऊस के भीतर दुर्व्यवहार लेकिन ऐसा करने के लिए निष्पक्ष सूचना और किसी निष्पक्ष मध्यस्थ द्वारा सुनवाई का अवसर देना आवश्यक होगा। सी.एन.एन., एम.एस. नाऊ और पोलिटिको का कहना है कि उनके क्रेडैंशियल्स छीने जाने से पहले उन्हें ऐसी कोई प्रक्रिया नहीं दी गई और उनकी समाचार कवरेज से राष्ट्रपति की हताशा के अलावा सार्वजनिक रूप से किसी दुर्व्यवहार का उल्लेख नहीं किया गया है। ट्रम्प ने किसी ऐसे विशिष्ट समाचार या दावे का उल्लेख तक नहीं किया, जिसे वह गलत बताते हों।

ट्रम्प निश्चित रूप से जानते हैं कि मुकद्दमा कैसे दर्ज किया जाता है। राष्ट्रपति ने द वॉल स्ट्रीट जर्नल, ए.बी.सी. न्यूज और सी.बी.एस. न्यूज जैसे समाचार माध्यमों पर मुकद्दमे किए हैं, जिनके मिले-जुले परिणाम रहे हैं। हालांकि, सी.एन.एन., एम.एस. नाऊ और पोलिटिको पर थोपा गया पूर्ण प्रतिबंध प्रैस संस्थानों और उनके पत्रकारों के प्रथम संशोधन अधिकारों का सीधा उल्लंघन है।

ट्रम्प ने इस जोखिम को तब और बढ़ा दिया, जब उन्होंने मुकद्दमे के अनुसार धमकी दी कि 'इसके बाद 'अन्य फेक न्यूज मीडिया आऊटलैट्स' का नंबर आएगा।' लेकिन सोमवार दोपहर तक, टी.वी. प्रसारण प्रैस के अन्य सदस्यों ने, जिनमें फॉक्स न्यूज भी शामिल है, घोषणा कर दी कि वे ट्रम्प के उन कार्यक्रमों को कवर नहीं करेंगे जो कवरेज के लिए निर्धारित थे। इससे पता चलता है कि मीडिया के सदस्यों ने यह सीख लिया है कि किसी धौंस जमाने वाले को हराने का तरीका आत्मसमर्पण नहीं, बल्कि सामूहिक कार्रवाई है। राष्ट्रपति को उस टी.वी. कवरेज से वंचित करके, जिसके वह भूखे हैं, उन्होंने सबसे अचूक हथियार से वार किया है।

ट्रम्प को ऐसे ही प्रतिबंधों पर पहले भी अदालतों में हार का सामना करना पड़ा है, जैसे कि उनके पहले कार्यकाल के दौरान सी.एन.एन. के एक रिपोर्टर के प्रैस क्रेडैंशियल को रद्द करने का उनका असफल प्रयास। फिर 2025 में, ट्रम्प ने एसोसिएटेड प्रैस (ए.पी.) को व्हाइट हाऊस से इसलिए प्रतिबंधित कर दिया क्योंकि उसने मैक्सिको की खाड़ी का नाम बदलकर 'अमरीका की खाड़ी' करने के राष्ट्रपति के फैसले के अनुरूप अपनी स्टाइल-बुक को अपडेट करने से इंकार कर दिया था।

वह मामला अभी भी अपील में है लेकिन एक अंतरिम आदेश में, डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया की कोर्ट ऑफ अपील्स ने लिखा कि यद्यपि एक राष्ट्रपति ओवल ऑफिस या एयर फोर्स वन जैसे निजी स्थानों तक प्रैस की पहुंच को सीमित कर सकता है, व्हाइट हाऊस के अन्य हिस्से 'गैर-सार्वजनिक मंच' हैं, जिन्हें एक बार संवाददाताओं के लिए खोल दिए जाने के बाद, उनके दृष्टिकोण की परवाह किए बिना उन सभी के लिए खुला होना चाहिए।

सूचना युद्ध 'एक्टिव मेजर्स' शब्द का अर्थ ऐसी कार्रवाई करना है, जो आपके प्रतिद्वंद्वी को पहले से तय तरीके से प्रतिक्रिया देने के लिए उकसाए। ईरान में युद्ध या अमरीकी कांग्रेस के मध्यावधि चुनावों से ठीक पहले ट्रम्प की गिरती लोकप्रियता की रेटिंग पर बात करने की बजाय, मीडिया अब निःसंदेह एक लोकतांत्रिक समाज में स्वतंत्र प्रैस के महत्व की ओर मुड़ जाएगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज अनचाहे खर्च पर कंट्रोल करें। दिन नरम रहेगा इसलिए मिजाज भी नरम रखने में भलाई है। वैसे कारोबार के लिहाज से दिन अच्छा है कमाई बनी रहेगी।

**वृषभ**
आज का दिन सुखद और रोमांटिक रहेगा। आप कुछ गैरपारंपरिक काम में हाथ आजमा सकते हैं। किसी कारण से यात्रा का भी संयोग बनेगा।

**मिथुन**
आज का दिन शुभ रहेगा। आपको परिवार से सहयोग मिलेगा। साथ ही आपका काम भी सुचारू रूप से चलेगा। आर्थिक मामलों में भी आपको भाग्य का साथ मिलेगा।

**कर्क**
आज मन उचाट महसूस करेगा। दिन मिलाजुला रहेगा। मानसिक उलझन और दुविधा की स्थिति बनी रहेगी। काम को शुरू करेंगे लेकिन पूरा करने से पहले ही मन उचाट महसूस करेगा।

**सिंह**
आज, किसी से अधिक अपेक्षा न रखें।दिन मिश्रित रहने वाला है। सेहत में सुस्ती महसूस हो सकती है। दूसरों के मामलों में अनावश्यक हस्तक्षेप से आपको बचना चाहिए।

**कन्या**
आज रचनात्मक काम कर पाएंगे। आप परिवार के साथ सुखद और मनोरंजक समय बिता पाएंगे। आपको रचनात्मक काम करने का मौका मिलेगा।

**तुला**
आज, मनोरंजक समय बीतेगा।दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला क्योंकि इनके साथ बुध हस्तमिलाप करने आ रहे हैं। दिन रोमांटिक और उत्साहवर्धक रहेगा।

**वृश्चिक**
आज, कुछ उत्साहवर्धक और नया करेंगे, दिन शुभ रहेगा। आपको अपने कार्यक्षेत्र में कुछ उत्साहवर्धक और नया करने का मौका मिलेगा।

**धनु**
आजधन खर्च करके अच्छा लगेगा।अपनी उम्मीद की डोर को छोड़ने की जरूरत नहीं है। आपका साहसी और सकारात्मक होना ही आपका सबसे बड़ा बल है तो इसका दामन कसकर पकड़े रहें।

**मकर**
आज कारोबार में लाभ की स्थिति बनी रहेगी। दिन अनुकूल बीतेगा। दिन के दूसरे भाग में ऐसे लगेगा मनो कल्पना का पंख लग गया हो। मन में कई तरह के विचार आकर आपको गुदगुदाएंगे।

**कुंभ**
आज कुछ अप्रत्याशित लाभ मिल सकता है। दिन कुल मिलाकर अनुकूल रहेगा। आपको कल कुछ अप्रत्याशित लाभ मिल सकता है। दिन का दूसरा भाग विशेष रूप से आपके पक्ष में रहेगा।

**मीन**
आज, घरेलू काम में धन खर्च होगा। दिन मिलाजुला रहेगा। कमाई के साथ आपका खर्च भी बना रहेगा। कुछ पुराने घरेलू काम पर भी आपको धन खर्च करना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएसएस दिवस एवं विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गंगा देवी महिला महाविद्यालय, पटना में एन एस एस दिवस एवं 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027' का



आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एन एस एस स्वयंसेवकों ने विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. श्यामा रॉय ने विद्यार्थियों को सामुदायिक एवं सामाजिक सेवा के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। इस अवसर पर छात्राओं ने विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 के लिए पंजीकरण कराया। कार्यक्रम में ऑफिस इंचार्ज डॉ. बिमला चौधरी, बर्सर डॉ. रचना जायसवाल, प्रो. प्रमांशी जयदेव एवं प्रो. रागिनी वर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का आयोजन एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. दीक्षा सिंह के नेतृत्व में किया गया।

### पटना कॉलेज ऑफ फामेर्सी में ग्रेजुएशन डे समारोह

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के जानीपुर स्थित पटना कॉलेज ऑफ फामेर्सी में सोमवार को ग्रेजुएशन डे समारोह का आयोजन



किया गया जिसमें बी.फार्म के विभिन्न सत्रों के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह को डॉ. अकील हैदर, चेयरमैन, मुख्य अतिथि के अलावा डॉ. शैलेन्द्र, पूर्व प्राचार्य, गवर्नमेंट फामेर्सी कॉलेज तथा पटना कॉलेज ऑफ फामेर्सी की प्राचार्या डॉ. पल्लवी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। इस अवसर पर वर्ष 2026-30 के बी.फार्म के विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। वहीं, बी.फार्म सत्र 2021-25 एवं 2022-26 के उन विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया, जिन्होंने विश्वविद्यालय की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। अतिथियों ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और फामेर्सी के क्षेत्र में बेहतर कार्य करते हुए समाज और देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

### हत्या के प्रयास मामले में प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा थाना क्षेत्र के मेकरा ओपी



अंतर्गत मेकरा गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर हत्या के प्रयास के मामले में प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मेकरा निवासी विक्रम कुमार उर्फ चिक्कू, पिता परमानंद सिंह के रूप में हुई है।मेकरा ओपी प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि मोकामा थाना कांड संख्या 371/26, दिनांक 16 जुलाई 2026 में हत्या के प्रयास के आरोप में विक्रम कुमार उर्फ चिक्कू प्राथमिकी अभियुक्त था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मेकरा गांव में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया।पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को विधिवत कार्रवाई पूरी करने के बाद अग्रिम कार्रवाई के लिए भेज दिया है।

### पुनपुन में 100 लीटर देशी शराब के साथ ऑटो जब्त

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष वाहन जांच अभियान के तहत पुनपुन पुलिस को पुनपुन थानांतर्गत कमेश्वर सिंह चौक के पास वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक ऑटो से करीब 100 लीटर अवैध देशी शराब बरामद की है। साथ ही शराब लदे ऑटो को भी जब्त कर लिया गया है। जांच के दौरान पुलिस को देख ऑटो चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। बरामद शराब को जब्त कर थाने लाया गया है। पुलिस फरार चालक की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष बमबम कुमार ने बताया कि अवैध शराब, हथियार और मादक पदार्थों की बरामदगी को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।



### विशेष अभियान के तहत छापेमारी, छह गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात चलाए गए विशेष समकालीन अभियान के तहत मोकामा पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर छह लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार के अनुसार, मोर गांव निवासी चंदन कुमार और बिट्टू कुमार को करीब आधा लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक, दोनों एक बाइक पर सवार थे। कार्रवाई के दौरान बाइक को भी जब्त कर लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों बड़े शराब तस्कर गिरोह से जुड़े होने की बात सामने आई है।वहीं, न्यायालय से जारी गैर-जमानती वारंट के आधार पर बरहपुर निवासी राजकुमार बिंद और डॉ. टोली निवासी गोपी कुमार को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा राजन कुमार उर्फ गोरे को शराब के नशे में हंगामा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।पुलिस के अनुसार, विशेष अभियान के तहत क्षेत्र में फरार आरोपियों, वारंटियों और शराब से जुड़े मामलों में लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### सड़क किनारे खंदा के पानी में मिला अज्ञात शव

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन थाना क्षेत्र के डुमरी हॉल्ट के पास रेलवे लाइन के किनारे खंदा में भरे पानी में एक अज्ञात शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुनपुन थाना पुलिस आनन-फानन में मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया।



थानाध्यक्ष बमबम कुमार ने बताया कि अभी तक शव की पहचान नहीं हो पाई है। मृतक के शरीर पर कई जगहों पर चोट के निशान मिले हैं। शव डुमरी हॉल्ट के पास रेलवे लाइन के किनारे खंदा के पानी में गिरा हुआ था। जिसे बाहर निकाल कर जांच पड़ताल करते हुए जांच की गई, मौके पर एफएसएल की टीम बुलाई गई जो घटना स्थल की जांच कर रहे है। प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका जताई जा रही है।इधर शव मिलने से इलाके में चर्चा का बाजार गर्म है। स्थानीय लोगों ने हत्या कर शव फेंक देने की आशंका जताई है। पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है और घटनास्थल के आसपास सघन तलाशी ले रही है ताकि मृतक की पहचान से जुड़ी कोई वस्तु मिल सके।

### जनशताब्दी एक्सप्रेस से 18 लीटर विदेशी शराब जब्त

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी के बावजूद शराब तस्करी का खेल थम नहीं रहा है। वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर को चलाए गए विशेष रोको-टोको अभियान के तहत रेल पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। तारेगना रेलवे स्टेशन पर उस समय हड़कंप मच गया जब प्लेटफॉर्म पर खड़ी ट्रेन संख्या 12366 जनशताब्दी एक्सप्रेस की सघन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कोच संख्या डी-14 के बाथरूम के पास लावारिस अवस्था में रखा एक बैग मिला। शक होने पर बैग खोलने पर उसमें से 18 लीटर रॉयल स्टैग ब्रांड की विदेशी शराब बरामद हुई। आशंका जताई जा रही है कि तस्कर पुलिस चेकिंग को देखकर बैग छोड़कर फरार हो गया।



# सिमरिया रिवर फ्रंट की सीढ़ियों में धंसाव, 137 करोड़ की परियोजना पर उठे सवाल

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हरिद्वार की हर की पौड़ी की तर्ज पर विकसित किए गए बेगूसराय के सिमरिया रिवर फ्रंट में गंगा का जलस्तर बढ़ने के बाद सीढ़ियों और किनारे के कुछ हिस्सों में टूट-फूट व धंसाव की तस्वीरें सामने आई हैं। इसके बाद करोड़ों रुपये की परियोजना की निर्माण गुणवत्ता और डिजाइन को लेकर चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय लोगों ने क्षतिग्रस्त हिस्सों की विशेषज्ञों से तकनीकी जांच कराने की मांग की है।सिमरिया गंगा घाट को आधुनिक और आकर्षक स्वरूप देने के उद्देश्य से वर्ष 2023 में रिवर फ्रंट परियोजना का काम शुरू किया गया था। परियोजना के तहत घाट की सीढ़ियों के अलावा चेंजिंग रूम, आरती स्थल, शेड, शौचालय सहित श्रद्धालुओं के लिए कई सुविधाएं विकसित की गईं। निर्माण के समय सिमरिया घाट को हरिद्वार की हर की पौड़ी से बेहतर स्वरूप देने का दावा भी किया गया था।गंगा का जलस्तर बढ़ने के बाद अब सीढ़ियों और किनारे के हिस्सों में क्षति सामने आने से परियोजना की इंजीनियरिंग को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि गंगा के जलस्तर में होने वाले मौसमी उतार-चढ़ाव और नदी के कटाव को ध्यान में रखते हुए निर्माण किया गया था या नहीं, इसकी जांच जरूरी है। साथ ही निर्माण में इस्तेमाल सामग्री और डिजाइन निर्धारित तकनीकी



मानकों के अनुरूप थे या नहीं, यह भी तकनीकी परीक्षण का विषय है।वर्ष 2025 में बिहार विधानसभा में दी गई जानकारी के अनुसार सिमरिया रिवर फ्रंट परियोजना पर 137.56 करोड़ रुपये खर्च होने की बात सामने आई थी। परियोजना के दूसरे चरण का काम भी प्रस्तावित है। ऐसे में पहले चरण में निर्मित संरचनाओं में क्षति की स्थिति को लेकर सवाल और गंभीर हो गए हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि केवल सामान्य बाढ़ और नदी के कटाव को नुकसान की वजह मानने के बजाय विशेषज्ञों की टीम से स्थल का तकनीकी निरीक्षण कराया जाना चाहिए। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि क्षति जलस्तर में वृद्धि और प्राकृतिक कटाव के कारण हुई है या इसमें डिजाइन और निर्माण गुणवत्ता से जुड़े किसी तकनीकी पहलू की भूमिका है।फिलहाल सिमरिया रिवर फ्रंट की सामने आई तस्वीरों ने परियोजना की मजबूती को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब निगाहें इस बात पर हैं कि संबंधित विभाग क्षतिग्रस्त हिस्सों की तकनीकी जांच कराता है या नहीं और जांच में नुकसान की वास्तविक वजह क्या सामने आती है।

## बाहापर में सड़क जाम करने पर 8-10 नामजद समेत 50-60 अज्ञात पर केस



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पचमहला थाना क्षेत्र के बाहापर गांव में पानी गिराने के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प में वृद्ध महिला की मौत और चार लोगों के घायल होने के बाद सड़क जाम करने के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। घटना के बाद शनिवार देर रात परिजनों और ग्रामीणों ने लखीसराय-मोकामा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया था। पुलिस के समझाने-बुझाने के बाद जाम समाप्त कराया गया।अगले दिन रविवार सुबह मृतका के परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर एनएच-80 को दोबारा जाम कर दिया। करीब तीन घंटे तक सड़क जाम रहने से मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और भीषण जाम की स्थिति बनी रही। बाद में मुआवजा दिए जाने के बाद जाम समाप्त कराया गया।घटना के दौरान गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत की अफवाह भी क्षेत्र में फैल गई थी। पुलिस ने मामले की जांच की बात कही है।पचमहला थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि रविवार सुबह सड़क जाम करने के मामले में वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसमें 8 से 10 लोगों को नामजद तथा 50 से 60 अज्ञात लोगों को आरोपित किया गया है। अज्ञात आरोपितों की पहचान की जा रही है। थानाध्यक्ष के अनुसार प्राथमिकी में मृतका के परिजनों के नाम भी शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 'जलवायु परिवर्तन के लिए साहित्य' पर अंतर्विषयी कार्यशाला

**एएन कॉलेज के अंग्रेजी विभाग की पहल**




**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एएन कॉलेज के अंग्रेजी विभाग द्वारा 28 सितंबर 2026 को 'जलवायु परिवर्तन के लिए साहित्य' विषय पर एक अंतर्विषयी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें जलवायु परिवर्तन तथा मानव और मानवेतर जीवन की बढ़ती असुरक्षा-पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे जलवायु परिवर्तन को केवल पर्यावरणीय या वैज्ञानिक समस्या के रूप में न देखें, बल्कि इसे ऐतिहासिक प्रक्रियाओं, मानव समाजों, विकास के प्रतिमानों, असमानता तथा समुदायों और उनके पर्यावरण के बीच बदलते संबंधों से गहराई से जुड़ी हुई घटना के रूप में समझें। उन्होंने समकालीन पारिस्थितिक चुनौतियों पर विचार करते समय ऐतिहासिक चेतना विकसित करने के महत्व पर बल दिया तथा विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे जलवायु संबंधी प्रश्नों को आलोचनात्मक, उदारवादी और बहुविषयी दृष्टिकोण से समझने का प्रयास करें। कार्यशाला का आयोजन अंग्रेजी विभाग की वरिष्ठ सहायक प्राध्यापिका डॉ. बिनीता सिंह द्वारा किया गया जिसमें अंग्रेजी विभाग के डॉ. ब्रजेश कुमार एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। अन्य विभागों के शिक्षकों ने भी चर्चा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। रसायनशास्त्र एवं भूगोल विभाग के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. निशा और डॉ. दीपक कुमार भी उपस्थित रहे तथा विचारों का आदान-प्रदान किया। कार्यशाला ने विद्यार्थियों को यह समझने के लिए प्रेरित किया कि साहित्यिक कृतियाँ पर्यावरणीय क्षति और असुरक्षा को समझने तथा उन पर विचार करने का प्रभावशाली माध्यम प्रदान कर सकती हैं।

## सोए अवस्था में दो मासूमों को सांप ने डंसा, इलाज के दौरान मौत

**पुनपुन के संमकूडा गांव में मचा कोहराम**







**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन थाना क्षेत्र के लखनपार पंचायत अंतर्गत समकूडा गांव में एक दर्दनाक हादसा हो गया। एक ही घर के दो मासूम बच्चों को रात में सोए अवस्था में जहरीले सांप ने काट लिया, जिससे इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया है। मृत बच्चों की पहचान मोनू कुमार (10 वर्ष) और काजल कुमारी (8 वर्ष), पिता रामू कुमार के रूप में हुई है। दोनों एक ही परिवार के थे। परिजनों ने रो-रोकर बताया कि रात में बच्चे घर में सोए हुए थे, तभी जहरीले सांप ने दोनों को काट लिया। आनन-फानन में परिजन उन्हें इलाज के लिए पटना ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही दोनों ने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि इन दिनों पुनपुन नदी में आई बाढ़ के पानी के साथ जहरीले सांप गांवों में निकल रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में दहशत है। समकूडा गांव के टाल के किनारे बसे इस घर में भी सांप घुस गया और इस घटना को अंजाम दिया। मृतक बच्चों के पिता रामू मजदूरी का काम करते हैं, उनके तीन बच्चे हैं इसमें दो बच्चों की मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुनपुन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है।

## दहेज हत्या में फरार आरोपित सास के घर कुर्की

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दहेज के लिए गर्भवती विवाहिता की हत्या कर शव गायब करने के सनसनीखेज मामले में मसौढ़ी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। फरार चल रही नामजद आरोपी रिंकू देवी पति सीताराम प्रसाद, ग्राम जिलाल बिगहा के घर पर पुलिस ने कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की। मामला मसौढ़ी थाना क्षेत्र के जिलाल बिगहा गांव का है। जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र के भगवान खंधा निवासी विमलेश कुमार (46) पिता स्व. खीरा प्रसाद ने अपनी पुत्री माधुरी कुमारी (21) की शादी 11 मार्च 2024 को सूरज कुमार उर्फ गुड्डू (22) पिता सीताराम प्रसाद से की थी। शादी के कुछ माह बाद से ही पति सूरज कुमार, ससुर सीताराम प्रसाद (55), सास रिंकू देवी (50), ननद कंचन कुमारी (25) और मामा ससुर अशोक यादव ग्राम मोगल बिगहा ने 5 लाख रुपये की और मांग को लेकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

## स्वच्छता ही सेवा के तहत खेलकूद प्रतियोगिता में पटना की महिला टीम बनी कबड्डी चैंपियन



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा नगर परिषद की ओर से 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत रविवार को आरएसएम रेलवे एडेड उच्च विद्यालय, मोकामा घाट में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ भाग लिया।कबड्डी प्रतियोगिता के महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में पटना की टीम ने दरभंगा को हराकर खिताब अपने नाम किया। रोमांचक मुकाबले को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर दर्शकों ने तालियों से उनका उत्साह बढ़ाया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मोकामा नगर परिषद के अध्यक्ष निलेश कुमार माधव मौजूद रहे। उनके साथ नगर परिषद के वार्ड सदस्य भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक मैदान में जुटे।नगर परिषद की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता के साथ युवाओं और आम लोगों को खेलकूद गतिविधियों से जोड़ना रहा। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों और उपस्थित लोगों को स्वच्छता का संदेश भी दिया गया।

## 29.81 लाख की ठगी, 48 लाख का चेक भी बाउंस - छाता ओपी में शिकायत

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमीन दिलाने के नाम पर 29 लाख 81 हजार 500 रुपये हड़पने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित ने छाता ओपी में आवेदन देकर आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है।पीड़ित जय प्रकाश रंजन, ग्राम भवानीचक, जहानाबाद निवासी हैं और वर्तमान में नागपुर में कार्यरत हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि मसौढ़ी थाना क्षेत्र के पोआवा गांव निवासी भानू प्रताप उर्फ शैलेन्द्र कुमार ने फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र के मौजा विष्णुपुर तारणपुर, खाता नं. 92 व 105, प्लॉट नं. 429 व 430 में 3600 वर्ग फीट जमीन दिलाने के नाम पर उनसे किस्तों में 29,81,500 रुपये लिए। आवेदन के अनुसार यह लेन-देन मई 2023 से नवंबर 2023 के बीच बैंक ट्रांसफर, यूपीआई और नकद के रूप में मसौढी में गवाहों के समक्ष किया गया था। इसका एकरारनामा भी कराया गया था। पीड़ित का आरोप है कि पैसे लेने के बाद न तो जमीन की रजिस्ट्री की गई और न ही पैसा लौटाया गया। लीगल नोटिस भेजने पर आरोपी ने 29.81 लाख रुपये बकाया होने की बात स्वीकार की और टुकड़ों में अब तक मात्र 1 लाख 23 हजार रुपये लौटाए हैं।

## 'इस बार छक्का मारेंगे, बॉल पवेलियन में गिरेगा' - 6ठीं जीत को लेकर आश्वस्त हैं नवल किशोर यादव

**मसौढी एवं धनरूआ के कई कॉलेजों में शिक्षक स्नातक सीट हेड चुनाव प्रचार**



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधान परिषद की 8 सीटों के लिए चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र इस बार कांटे की लड़ाई में फंस गया है। एनडीए से बीजेपी के कद्दावर नेता नवल किशोर यादव मैदान में हैं, तो वहीं आरजेडी ने जेडीयू के पूर्व विधायक डॉ. संजीव सिंह को उनके खिलाफ उतारा है। सोमवार को चुनावी दौरे के दौरान नवल किशोर यादव ने मसौढी-धनरुआ प्रखंड अंतर्गत बृजलाल प्रसाद उच्च विद्यालय नदौल, के.आर एम उच्च विद्यालय नेतौल, उत्क्रमित उच्च विद्यालय रेवां,यमुना स्मारक,उच्च एपी कॉलेज नदौल, एनके कॉलेज नेतौल एव. सुशीला-सुजाता बीएड कॉलेज गोनपुरा में शिक्षकों से जनसंपर्क कर वोट की अपील की। गौरतलब है की नवल किशोर यादव लगातार 30 साल से पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से जीत रहे हैं। वह पहली बार 1996 में जीते थे, फिर 2002, 2008, 2014 और 2020 में जीत दर्ज की। शुरूआती 3 बार आरजेडी और बाद की 2 बार बीजेपी के टिकट पर जीते हैं। इस बार जीते तो नया रिकॉर्ड बनायेंगे।अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नवल किशोर यादव ने कहा, इस बार भी चुनाव जीतेंगे। इस बार छक्का मारेंगे और बॉल बाउंड्री के पार नहीं, पवेलियन में जाकर गिरेगा। आरजेडी प्रत्याशी पर उन्होंने कहा, अब कौन किसका उम्मीदवार है, इसका लेखा-जोखा नहीं रखते, हम तो अपने वोटर का लेखा-जोखा रखते हैं।वोटर लिस्ट पर विपक्ष के सवाल पर उन्होंने कहा, वे लोग शिक्षक हैं, हम तो शिक्षक हैं नहीं। अब छाती पीट रहे हैं तो हर हारने वाला आदमी दूसरे के कंधे का सहारा लेता है।इस सवाल पर उन्होंने कहा, पहले शिक्षकों को 5000 मिलता था, आज 55 हजार मिल रहा है। यह कौन कराया? 11 महीना के कॉन्ट्रैक्ट पर नौकरी हुई थी, अब 60 साल नौकरी शिक्षक कर रहे हैं, यह तो हम ही न करवाए हैं? उन्होंने कहा कि स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में नियोजित शिक्षकों की जो मांग थी, वो पूरी हुई है। वेतनमान सरकार दे रही है।

## एनएसई ने इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स (ईजीआर) को बढ़ावा देने हेतु ऑगमोंट को प्रमुख साझेदार बनाया

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ऑगमोंट एंटरप्राइजेस लिमिटेड की सब्सिडियरी, ऑगमोंट गोल्ड टेक प्राइवेट लिमिटेड को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ने इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स (ईजीआर) को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख साझेदार के रूप में अपने पैनल में शामिल किया है। यह रणनीतिक साझेदारी ईजीआर बनाने और उन्हें दोबारा फिजिकल गोल्ड में बदलने की प्रक्रिया को आसान बनाने के साथ-साथ ईजीआर में ट्रेडिंग को बढ़ावा देने के लिए की गई है। इससे भारत के गोल्ड इकोसिस्टम को और मजबूत करने में मदद मिलेगी। इस साझेदारी के तहत, ऑगमोंट गोल्ड वैल्यू चेन में अपने लंबे अनुभव का इस्तेमाल डिजिटल फ्रेमवर्क को बेहतर बनाने के लिए करेगा। इसके साथ ही, ईजीआर प्रोडक्ट के विकास के लिए जरूरी तकनीकी और जमीनी स्तर का सहयोग भी दिया जाएगा। इस साझेदारी से रेगुलेटेड इकोसिस्टम के भीतर फिजिकल गोल्ड को आसानी से ईजीआर में और ईजीआर को दोबारा फिजिकल गोल्ड में बदलना संभव होगा। ईजीआर डिमटेरियलाइज्ड सिक्योरिटीज हैं, जो फिजिकल गोल्ड में मालिकाना हक को दर्शाती हैं।

## विश्व पर्यटन दिवस पर मसौढ़ी में चला विशेष स्वच्छता अभियान

**लोगों को दिया स्वच्छता का संदेश**





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व पर्यटन दिवस 2026 के अवसर पर नगर परिषद मसौढ़ी द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। 'स्वच्छता ही सेवा 2026' पखवाड़ा के तहत नगर के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई की गई।अभियान की शुरूआत सुबह से ही हो गई। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राजु रंजन के नेतृत्व में सफाई कर्मियों, अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने मिलकर बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन परिसर, मुख्य बाजार, पार्कों और सार्वजनिक शौचालयों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया। इस दौरान कचरे का उठाव कर नालियों की सफाई भी की गई। मौके पर सिटी मैनेजर शेखर कुमार प्रसाद अमीन रामाधार कुमार यादव, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि शंभू सिंह, स्वच्छता पदाधिकारी सभी स्वच्छता मित्र आदि शामिल रहे। अधिकारियों ने बताया कि पर्यटन और स्वच्छता एक-दूसरे से जुड़े हैं। यदि शहर स्वच्छ और सुंदर होगा तो पर्यटक यहां आना पसंद करेंगे। गंदगी से न केवल बीमारियां फैलती हैं बल्कि शहर की छवि भी खराब होती है। अभियान के दौरान लोगों को जागरूक करते हुए कहा गया कि कचरा इधर-उधर न फेंके, डस्टबिन का उपयोग करें, प्लास्टिक का कम से कम इस्तेमाल करें और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखें।नगर परिषद ने सभी नगरवासियों से अपील की है कि आइए हम सब मिलकर मसौढ़ी को स्वच्छ, सुंदर और दर्शनीय बनाने का संकल्प लें और पर्यटन को बढ़ावा देने में सहयोग करें।

### संक्षिप्त समाचार

## वाहन चेकिंग अभियान, 60 वाहनों की जांच 23 से 24 हजार रुपये जुर्माना

**बनकटवा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जितना थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की। अभियान के दौरान कुल 60 वाहनों की जांच की गई, जिसमें नियमों का उल्लंघन करने वाले 23 वाहनों से कुल 24 हजार रुपये का चालान काटा गया। इसकी जानकारी जितना थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने दी। जितना थाना क्षेत्र में पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग अभियान चलाकर सड़क से गुजरने वाले वाहनों की जांच की। इस दौरान वाहन चालकों के कागजात और यातायात नियमों के अनुपालन की जांच की गई।जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 23 वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। पुलिस की कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति रही।

## छापेमारी में 1.30 किलो गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

**घोड़ासहन/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सूखा नशा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत घोड़ासहन पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति के घर से 1 किलो 300 ग्राम गांजा जैसा मादक पदार्थ बरामद किया है।मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गांजा की खरीद-बिक्री की गुप्त सूचना मिली थी.सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घोड़ासहन थाना क्षेत्र के जागिरहा कोठी वार्ड नंबर-11 निवासी बृजेश पटेल, पिता अवध किशोर पटेल के घर छापेमारी की। तलाशी के दौरान घर से 1 किलो 300 ग्राम गांजा जैसा मादक पदार्थ बरामद किया गया।कार्रवाई के दौरान राजस्व पदाधिकारी, घोड़ासहन के निर्देशन में बरामद पदार्थ की जब्ती सूची तैयार की गई।इसके बाद पुलिस ने बृजेश पटेल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## रसूलपुर के उपमुखिया व जदयू नेता की मां के निधन पर विधायक और मुखिया ने जताया शोक

**रसूलपुर(एकमा)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जदयू नेता व प्रसिद्ध समाजसेवी मुरली प्रसाद सोनी तथा रसूलपुर के उपमुखिया मनोज कुमार सोनी उर्फ नन्हे की माता मुन्नी देवी का पटना में इलाज के दौरान निधन हो गया।वे लगभग 70 वर्ष की थी. जो काफी लंबे समय से बीमार चल रही थीं।उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई. उनके आकस्मिक निधन पर स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाने के लिए स्थानीय विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह उनके आवास पर पहुंचे. विधायक ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त।मुखिया प्रतिनिधि मिथिलेश प्रसाद,सरपंच प्रतिनिधि विकास ओम क्लासेज के संचालक समाजसेवी अनूप दूबे आदि ने परिवार के लिए अपूर्णीय क्षति बताया।अंतिम संस्कार सोमवार की सुबह डुमाईगढ़ घाट पर संपन्न होगा।

## दीप्ती मोनाली बनी जमुई में पहली महिला सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण की रहने वाली दीप्ति मोनाली ने सिविल सेवा परीक्षा 2023 में अपने पहले प्रयास में 184 वीं अखिल भारतीय रैंक हासिल की। 2024 बैच की बिहार कैडर की आईपीएस अधिकारी दीप्ति ने पटना के डीएवी स्कूल से पढ़ाई की और आगे दिल्ली विश्वविद्यालय के दौलत राम कॉलेज से दर्शनशास्त्र में स्नातक की डिग्री हासिल की। इसके बाद मिरांडा हाउस से दर्शनशास्त्र में परास्नातक किया। उनकी पहली तैनाती प्रशिक्षण के दौरान गया में हुई, जहां उन्होंने सहायक पुलिस अधीक्षक के रूप में काम किया। सितंबर 2026 में उन्होंने जमुई सदर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी का पद संभाला और इस पद पर जिले की पहली महिला अधिकारी बनीं। वर्तमान में जमुई में एक छात्रा से जुड़े मामले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल की अगुवाई भी उन्हें सौंपी गई है।

## निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतीहारी, बिहार के द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' के अंतर्गत संचालित हो रहे 'सेवा पखवाड़ा' के तहत आज एक पेड़ मां के नाम संकल्पना एवं उपयोगिता विषयक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें संस्कृत, हिंदी एवं हिंदू अध्ययन के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने प्रतिभाग ग्रहण किया। उक्त निबंध प्रतियोगिता में लगभग 30 विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। सभी विद्यार्थियों ने माननीय प्रधानमंत्री की एक पेड़ मां के नाम संकल्पना की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इसका लक्ष्य केवल पौधरोपण नहीं, बल्कि मां के प्रति सम्मान और प्रकृति के प्रति कर्तव्य जुड़ना भी है। इसका भाव है - जिस तरह मां हमें जीवन देती है, पालती है, उसी तरह पेड़ भी हमें जीवन देते हैं। हम अपनी मां के नाम पर या मां के साथ मिलकर एक पेड़ लगाएं और उसकी मां की तरह देखभाल करें। कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम के नोडल अधिकारी डॉ बबलू पाल के संरक्षण में यह निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। उन्होंने इस निबंध प्रतियोगिता के आयोजन की अनुमति, सहयोग एवं आशीर्वाद देने के लिए कुलपति प्रोफेसर संजय श्रीवास्तव जी के प्रति आभार प्रकट किया।

## 'विरासत' की 'धरोहर' कार्यक्रम में बही सुरों की रसधार



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था 'विरासत' की ओर से आयोजित संगीतमय कार्यक्रम 'धरोहर' का भव्य आयोजन नगर भवन, मोतिहारी में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर प्रीति गुप्ता, एलआईसी के मुख्य प्रबंधक दिवाकर चौधरी, एलआईसी के विकास अधिकारी अनिल वर्मा, ई अजय आजाद एवं संस्कृतिकर्मी अभय अनंत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।आगत सम्मानित अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ प्रदान कर आयोजक मंडली के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन रूमित रौशन ने किया। सांस्कृतिक संध्या का आगाज कलाकार मंजीत प्रकाश ने 'शिरडी वाले साईं बाबा' की मनमोहक प्रस्तुति से किया। इसके बाद मशहूर कलाकार रंजन सहाय ,मनोज राज, अनुप्रिया, सुरुचि सिंह, पप्पू कुमार, कुंदन वत्स, गुड्डू जी, राजेश झा, सुप्रिया श्रीवास्तव, सलोनी उपाध्याय, मनीष सिन्हा, विवेक, प्रिंस एवं रंजय सहित कई कलाकारों ने अपनी मधुर आवाज और शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर तक चले कार्यक्रम में संगीत और सुरों की प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने 'विरासत' के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन शहर की सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मौके पर अमरेंद्र सिंह,राजेश पांडे, अरुण तिवारी, ललन सिंह, सुनील चम्पारणी, डॉ. अरुण कुमार, सुनील कुमार, आदित्य कुमार सिंह, कुमार प्रीतम सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## पालीगंज उपकारा में लगाया गया मेडिकल कैंप



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिविल सर्जन-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पटना के निर्देश पर सोमवार को पालीगंज उपकारा में बंदियों के स्वास्थ्य जांच के लिए मेडिकल कैंप लगाया गया। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चले कैंप में अनुमंडलीय अस्पताल, पालीगंज की पांच सदस्यीय चिकित्सा टीम ने बंदियों की स्वास्थ्य जांच की। अनुमंडलीय अस्पताल, पालीगंज के कार्यालय आदेश के अनुसार, असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पटना के पत्रांक 13918, दिनांक 22 सितंबर 2026 के आलोक में उपकारा, पालीगंज में बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए चिकित्सा दल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। मेडिकल टीम में डॉ. उमाशंकर प्रसाद (सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी), डॉ. खुशबू यासमिन (विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी), डॉ. सौरभ कुमार (दंत चिकित्सा पदाधिकारी), डॉ. सीमा सिन्हा (विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, पैथोलॉजी) तथा श्री कन्हैयालाल गुप्ता (नेत्र सहायक) शामिल थे। मेडिकल कैंप के दौरान उपकारा में बंद 7 महिला और 64 पुरुष, कुल 71 बंदियों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई।

# जलालपुर हत्याकांड का खुलासा महिला समेत दो गिरफ्तार

### प्रेम-प्रसंग से जुड़े विवाद में हत्या की आशंका, हथियार, मोबाइल व ट्रेन टिकट बरामद



**छपरा/एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के सारण जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के दुबौलिया-बेलकुंडा चंवर में 13 सितंबर को सड़क किनारे मिले अज्ञात युवक के शव के मामले का सारण पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्याकांड में एक महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार, करीब तीन फीट लंबा लोहे का रॉड, तीन मोबाइल फोन और ट्रेन का जनरल क्लास टिकट बरामद किया गया है। उल्लेखनीय है कि सारण एसएससी रौशन कुमार व एएसपी सह सदर-2, एकमा एसडीपीओ प्रेमचंद सिंह के नेतृत्व में बेहतर पुलिसिंग व त्वरित कार्रवाई के लिए आम नागरिकों ने पुलिस प्रशासन के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है। पुलिस के अनुसार, शव बरामद होने के बाद जलालपुर थाना कांड संख्या 342/26, दिनांक 15 सितंबर 2026 को धारा 103(1)/238 बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वरीय पुलिस अधीक्षक सारण रौशन कुमार के निर्देश पर सदर-2, एकमा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रेमचंद सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर तकनीकी एवं

**सारण एसएससी व एएसपी सह सदर-2, एकमा एसडीपीओ के नेतृत्व में बेहतर पुलिसिंग व त्वरित कार्रवाई**

मानवीय अनुसंधान शुरू किया गया। जांच के दौरान मृतक की पहचान दीपक कुमार यादव, पिता स्व. बदलू यादव, निवासी अगरौली, थाना सिंघिया, जिला समस्तीपुर के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में हत्या का कारण पूर्व के प्रेम-प्रसंग से जुड़ा विवाद तथा महिला आरोपी को फोटो एवं वीडियो के माध्यम से परेशान किए जाने से संबंधित होना सामने आया है।

**बक्सर से गिरफ्तार हुआ महिला का भाई**

मामले में पुलिस ने 26 सितंबर को बनियापुर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर से महिला आरोपी को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर उसके भाई को बक्सर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने पुरुष आरोपी की निशानदेही पर घटनास्थल से करीब 100 मीटर दक्षिण झाड़ी से हत्या में प्रयुक्त लकड़ी के बेंट वाला धारदार हथियार, करीब तीन फीट लंबा लोहे का रॉड, तीन मोबाइल फोन और ट्रेन का जनरल क्लास टिकट बरामद किया।

**जिला मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर दी गई जानकारी**

हत्याकांड के उद्भेदन, गिरफ्तारी और बरामदगी की जानकारी वरीय पुलिस पदाधिकारियों की मौजूदगी में जिला मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दी गई। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

**इन सामानों की हुई बरामदगीः**

तीन मोबाइल फोन, धारदार हथियार, करीब तीन फीट लंबा लोहे का रॉड और ट्रेन का जनरल क्लास टरही। बताया गया है कि अनुसंधान पुलिस टीम में जलालपुर थानाध्यक्ष सहित थाना के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी तथा डीआईयू, सारण की टीम शामिल रही।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत सैनिकों के माता-पिता का सम्मान



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अरेराज सेवा, सम्मान और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना को केंद्र में रखते हुए चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत गोविन्दगंज विधानसभा क्षेत्र के अरेराज स्थित राधेश्याम वाटिका में भारतीय सैनिकों के माता-पिता के सम्मान में गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री सह सांसद राधामोहन सिंह ने देश की सीमाओं की रक्षा में समर्पित वीर जवानों के माता-पिता को सम्मानित करते हुए उनके त्याग, संस्कार और राष्ट्र के प्रति समर्पण को नमन किया।इस अवसर पर सांसद राधामोहन सिंह ने कहा कि जब सीमा पर एक सैनिक देश की रक्षा के लिए खड़ा होता है, तो उसके पीछे उसके माता-पिता के संस्कार, परिवार का त्याग और पूरे समाज का आशीर्वाद खड़ा होता है। सैनिकों के माता-पिता ने अपने बच्चों को राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित कर केवल अपने परिवार का नहीं, बल्कि पूरे देश का गौरव बढ़ाया है। उनके त्याग और संस्कारों को सम्मान देना समाज की जिम्मेदारी है। श्री सिंह ने कहा कि हमारे वीर जवान कठिन से कठिन परिस्थितियों में देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं। जब पूरा देश सुरक्षित वातावरण में अपने परिवार के साथ जीवन जी रहा होता है, तब हमारे सैनिक सीमा पर जागकर राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे होते हैं। वहीं, उनके परिवार भी चिंता और

**राधामोहन सिंह ने कहा- वीर जवानों के साथ उनके परिवारों का त्याग भी राष्ट्र को समर्पित**

प्रतीक्षा के बीच अपने दायित्व का निर्वहन करते हैं। इसलिए सैनिकों के परिवारों का सम्मान करना केवल सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि राष्ट्रीय कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि 'सेवा संकल्प अभियान' का मूल भाव समाज के विभिन्न वर्गों के प्रति सम्मान, संवेदना और सेवा की भावना को मजबूत करना है। सैनिकों और उनके परिवारों के सम्मान का यह आयोजन इसी संकल्प की महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्र को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भाव को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। सांसद ने कहा कि भारत की शक्ति केवल उसकी सैन्य क्षमता में नहीं, बल्कि देशवासियों की एकता, संस्कार, संकल्प और राष्ट्रभक्ति में भी निहित है। हमारे सैनिकों के साहस और उनके परिवारों के त्याग से देश की सुरक्षा और राष्ट्रीय गौरव को निरंतर मजबूती मिलती है। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री - सह हरसिद्धि विधायक कृष्णनंदन पासवान, बिहार राज्य मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन सहनी, डिप्टी मेयर लालबाबू प्रसाद, राकेश रौशन एवं रिंकू पाठक सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नशे की गिरफ्त से युवाओं को बचाना पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी : राधामोहन सिंह




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 'नशामुक्त भारत जागरूकता अभियान' के तहत मोतिहारी के बालगंगा स्थित एस.एन.एस. विद्यापीठ एवं अरेराज के राधेश्याम वाटिका में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री सह सांसद राधा मोहन सिंह दोनों कार्यक्रमों में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा अपनी ऊर्जा और प्रतिभा को शिक्षा, खेल, कौशल विकास, रोजगार एवं राष्ट्र निर्माण में लगाने का आह्वान किया।एस.एन.एस विद्यापीठ में झांकी एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों को प्रदर्शित कर लोगों को जागरूक किया गया। वहीं अरेराज में भी 'नशामुक्त युवा भारत' अभियान के तहत युवाओं को नशे से होने वाले नुकसान के प्रति सचेत किया गया। श्री सिंह ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। नशे को ना कहिए और अपने सपनों को हां कहिए। उन्होंने कहा कि नशामुक्ति अभियान को निरंतर जनजागरूकता और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने की आवश्यकता है। कार्यक्रमों में पूर्व मंत्री सह हरसिद्धि विधायक कृष्णनंदन पासवान, बिहार राज्य मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन सहनी, डिप्टी मेयर लालबाबू प्रसाद सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने नशे से दूर रहने और नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का सामूहिक संकल्प लिया।

## धनरूआ के भखरी गांव में सेवानिवृत्त हवलदार लापता

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ प्रखंड के भखरी गांव निवासी सेवानिवृत्त हवलदार जयराम रजक (75 वर्ष), पिता बसंत रजक, 27 सितंबर की शाम से लापता हैं। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई है।जयराम रजक गांव के दक्षिणी छोर पर अलग मकान बनाकर अकेले रहते थे। उनकी केवल एक पुत्री है जो गांव में ही रहती है। शनिवार शाम उनका दामाद खाना लेकर उनके मकान पर पहुंचा तो वे घर पर नहीं मिले।

## सघन वाहन जांच अभियान में 8 बाइकों का चालान, 17 हजार रुपये जुर्माना

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर मोकामा पुलिस ने सोमवार को थाना क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने दोपहिया वाहनों की जांच की और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि जांच अभियान के दौरान आठ मोटरसाइकिल का चालान काटा गया। इन वाहन चालकों से कुल 17 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला गया। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर वाहन जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## स्वच्छता ही सेवा-2026 के तहत सोनपुर मंडल में 'कबाड़ से जुगाड़/कबाड़ से कला' एवं प्लास्टिक रीसाइक्लिंग मेले का आयोजन







**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल में स्वच्छता ही सेवा-2026 अभियान के अंतर्गत 28 सितंबर 2026 को कबाड़ से जुगाड़/कबाड़ से कला विषय पर विशेष जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अनुपयोगी वस्तुओं के पुनः उपयोग, रचनात्मक पुनर्चक्रण तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना रहा। अभियान के दौरान स्टेशनों एवं रेलवे परिसरों में कबाड़ सामग्री से उपयोगी एवं आकर्षक वस्तुओं के निर्माण का प्रदर्शन किया गया तथा यात्रियों, रेलकर्मियों एवं स्थानीय नागरिकों को Reduce, Reuse & Recycle के सिद्धांतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसी क्रम में प्लास्टिक रीसाइक्लिंग मेला आयोजित कर अधिकृत रीसाइक्लर्स के बीच समन्वय स्थापित किया गया। मेले के माध्यम से स्टेशनों से एकत्रित प्लास्टिक कचरे के वैज्ञानिक पुनर्चक्रण एवं सुरक्षित निस्तारण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। सोनपुर मंडल द्वारा स्वच्छ, हरित एवं सतत रेलवे के निर्माण के लिए स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन तथा जनभागीदारी आधारित अभियानों को निरंतर गति दी जा रही है।

## आवास सूची को लेकर आमसभा में हंगामा, ग्रामीणों ने जताई आपत्ति

**1172 आवेदन के मुकाबले 315 नाम आने पर बवाल, सूची की जांच की मांग**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन प्रखंड की बरावां पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय कंसारी में सोमवार को आयोजित आमसभा में आवास योजना की सूची को लेकर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। सूची में अपना नाम नहीं होने से बड़ी संख्या में महिला-पुरुष ग्रामीणों ने चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाए और सूची की दोबारा जांच कराने की मांग की। हंगामे के कारण कुछ देर तक अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। ग्रामीणों में छोटकी सपहुआ की सबुजा देवी, गोपाल टोला की पूजा कुमारी, आरती कुमारी, महेश प्रसाद, बिमला देवी व लहलादपुर की रीता देवी समेत अन्य ने बताया कि पंचायत में आवास योजना के लिए पहले करीब 1172 परिवारों ने आवेदन किया था। आमसभा में प्रदर्शित सूची में इनमें से मात्र 315 लाभुकों के नाम शामिल किए गए हैं।ग्रामीणों ने कहा कि बड़ी संख्या में आवेदन करने वाले परिवारों का नाम सूची में नहीं है, जबकि सूची में शामिल कुछ नामों की पात्रता को लेकर भी आपत्ति है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आवास योजना की सूची में नाम शामिल कराने के नाम पर कुछ वार्ड सदस्यों द्वारा एक से दो हजार रुपये लिए गए थे।

## सरकारी अस्पतालों में मुफ्त ईसीजी सुविधा वरदान, एक साल में 43 हजार से अधिक लोगों ने उठाया लाभ





**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के स्वास्थ्य महकमे ने आम जनता के लिए एक बेहद सकारात्मक और राहत भरी पहल की है। जिले के सदर अस्पताल से लेकर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक कुल 19 सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों को चिकित्सीय परामर्श के बाद पूरी तरह निःशुल्क ईसीजी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। पहले मरीजों को हृदय संबंधी जांच के लिए महंगे निजी क्लीनिकों का सहारा लेना पड़ता था, जहां न सिर्फ जेब पर भारी बोझ पड़ता था बल्कि सही प्रकार से जांच भी नहीं हो पाती थी। अब सरकारी अस्पतालों में यह सुविधा मिलने से गरीबों और जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिली है।

**हृदय रोगों की समय पर पहचान और बेहतर इलाज**

चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, ईसीजी एक दर्द रहित मेडिकल टेस्ट है जो दिल की धड़कनों की इलेक्ट्रिकल एक्टिविटी को रिकॉर्ड करता है। इससे दिल की रफ्तार और उसकी रिदम का सटीक पता चलता है। सीने में दर्द, धड़कन बहुत तेज होने या अनियमित होने जैसी शिकायतों पर समय रहते हार्ट अटैक या अन्य समस्याओं की पहचान करने में यह जांच बेहद मददगार साबित हो रही है।

**आंकड़ों में देखिए जनहित की इस योजना की सफलताः**

वैशाली जिले में पिछले एक वर्ष के दौरान यानी अगस्त 2025 से अगस्त 2026 तक कुल 43,913 मरीजों का निःशुल्क ईसीजी किया गया है। विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में सबसे अधिक जांच कराने वाले प्रमुख केंद्रों में सदर अस्पताल, हाजीपुर सबसे आगे है जहां सबसे अधिक 19,175 मरीजों की जांच की गई। इसके अलावा बिदुपुर स्वास्थ्य संस्थान में 2,837, अनुमंडलीय अस्पताल महुआ में 2,720, भगवानपुर स्वास्थ्य संस्थान में 2,607, पातेपुर स्वास्थ्य संस्थान में 2,123 और गोरौल स्वास्थ्य संस्थान में 1,999 मरीजों को इस सुविधा का लाभ मिला है।

**अधिकारियों की निगरानी से व्यवस्था दुरुस्त**

सिविल सर्जन डॉ. आर.के. साहु ने बताया कि ईसीजी जांच में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर मरीज की स्थिति के अनुसार तत्काल आगे के उच्चस्तरीय उपचार का निर्णय लिया जाता है। वहीं, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. कुमार मनोज रोजाना सभी संस्थानों से ईसीजी प्रतिवेदनों की समीक्षा करते हैं ताकि किसी भी तकनीकी दिक्कत को तुरंत दूर किया जा सके। जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह द्वारा इस पूरी सेवा की लगातार गहन समीक्षा की जा रही है तथा सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी प्रत्यक्ष देखरेख में ईसीजी सेवाओं की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें ताकि मरीजों को किसी भी तरह की असुविधा न हो।

## निर्माण मजदूरों का प्रखंड मुख्यालय पर धरना कल

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राज्य निर्माण मजदूर यूनियन प्रखंड कमेटी धनरूआ के आह्वान पर 29 सितंबर को धनरूआ प्रखंड मुख्यालय पर होने वाले धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए रविवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में सघन प्रचार अभियान चलाया गया। यूनियन के कार्यकताओं ने नदवां, पथरहट, वीर, सोनमई, पभेडी, पभेरा, धनरूआ, मोरियावां, पंडित गंज, कादिरगंज, निमड़ा, मई, नेतौल, विजयपुर, छाती सहित दर्जनों पंचायतों, बाजारों और चौक-चौराहों पर प्रचार एवं नुक्कड़ सभा की। सभा को संबोधित करते हुए निर्माण मजदूर नेता कॉमरेड सिद्धेश्वर दास, कॉमरेड विष्णुदेव प्रसाद, कॉमरेड पप्पू चौधरी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मजदूर-गरीब विरोधी है। सरकार ने 4 लेबर कोड लाकर मजदूरों की कानूनी सुरक्षा छीन ली है।

# बाढ़ का पानी घटते ही संक्रमण रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन का स्वच्छता अभियान तेज

### 18,481 हैलोजन टैबलेट का उपयोग; 23,017 लोगों की स्वास्थ्य जाँच एवं उपचार



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में बाढ़ के पानी में लगातार कमी के बाद जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छता, कीटाणुशोधन एवं संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान तेज कर दिया गया है। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर जलजमाव एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता दलों को सक्रिय रखते हुए नियमित रूप से साफ-सफाई, ब्लीचिंग पाउडर एवं कीटनाशकों का छिड़काव तथा स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से लोगों की जाँच एवं उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा बाढ़ के बाद उत्पन्न होने वाली संभावित स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों को देखते हुए प्रभावित क्षेत्रों की सतत निगरानी की जा रही है। प्रभावित क्षेत्रों में संक्रमण की आशंका को कम करने के उद्देश्य से अब तक 8,705 किलोग्राम ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जा चुका है। जलजमाव वाले स्थानों, पेयजल स्रोतों के आसपास तथा रिहायशी क्षेत्रों में चूना एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव लगातार जारी है।इसके साथ ही आवश्यकतानुसार कीटनाशकों का भी प्रयोग किया जा रहा है, ताकि मच्छर एवं अन्य रोगवाहक कीटों के प्रकोप को नियंत्रित किया जा सके। दूषित जल से होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए घर-घर तथा राहत शिविरों में 18,481 हैलोजन टैबलेट का वितरण एवं उपयोग सुनिश्चित किया गया है। लोगों को सुरक्षित एवं उपचारित पेयजल के उपयोग के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में गठित विशेष मेडिकल टीमों द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार उपलब्ध कराया जा रहा है। अब तक 23,017 मरीजों की स्वास्थ्य जाँच एवं उपचार किया जा चुका है तथा आवश्यकता के अनुसार उन्हें निःशुल्क आवश्यक दवाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों के स्वास्थ्य की निगरानी कर रही हैं तथा बीमारी के लक्षण मिलने पर तत्काल चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। जिला आपदा प्रबंधन टीम द्वारा चिन्हित 32 पूर्ण प्रभावित पंचायतों, 02 नगर निकायों, 93 गाँवों एवं 12 वार्डों में कुल 3,44,883 प्रभावित आबादी के बीच स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। जलस्तर में कमी के साथ प्रभावित क्षेत्रों में जमा कचरे, गाद एवं अन्य अपशिष्ट को हटाने तथा साफ-सफाई की गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत एवं आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने का कार्य भी जारी है। अब तक 48,505 पॉलिथीन शीट, 1,482 फूड पैकेट, 19,684 ड्राई राशन तथा 5,000 मेडिकल किट का वितरण किया जा चुका है। प्रभावित परिवारों तक आवश्यक सहायता पहुँचाने के साथ-साथ स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। अब तक 6,170 पशुओं का चिकित्सकीय उपचार किया गया है तथा पशुपालकों के बीच 1,16,320 किलोग्राम पशु चारा वितरित किया जा चुका है।

# एलपीजी के मुकाबले अधिक सुविधाजनक पीएनजी कनेक्शन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में पाइप्ड नेचुरल गैस ( पीएनजी) की सुविधा का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। शहर के विभिन्न आवासीय क्षेत्रों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को पीएनजी से जोड़ा जा रहा है। पीएनजी किफायती, सुविधाजनक एवं अपेक्षाकृत स्वच्छ ईंधन विकल्प है। उपलब्ध तुलना के अनुसार पीएनजी, एलपीजी की तुलना में 20 प्रतिशत से अधिक सस्ता पड़ता है। साथ ही, इसमें सिलेंडर की बार-बार बुकिंग, डिलीवरी और सिलेंडर बदलने का झंझट नहीं रहता। पाइपलाइन के माध्यम से गैस की निरंतर आपूर्ति होने के कारण उपभोक्ताओं को गैस खत्म होने अथवा नया सिलेंडर मंगाने की चिंता नहीं रहती।

सुरक्षा की दृष्टि से भी पीएनजी एक उपयोगी विकल्प है। प्राकृतिक गैस हवा से हल्की होती है, इसलिए रिसाव की स्थिति में यह ऊपर की ओर चली जाती है। इसके कारण गैस के निचले हिस्से में एकत्रित होने से जुड़े जोखिम एलपीजी की तुलना में कम होते हैं। हालांकि, किसी भी गैस के उपयोग में निर्धारित सुरक्षा मानकों एवं सावधानियों का पालन आवश्यक है। पर्यावरण की दृष्टि से भी पीएनजी एक अपेक्षाकृत स्वच्छ ईंधन है। इसके उपयोग से कार्बन एवं अन्य प्रदूषक उत्सर्जन कम करने में सहायता मिलती है। इस प्रकार पीएनजी का विस्तार नागरिकों को सुविधा और आर्थिक बचत के साथ-साथ स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। 18 मार्च 2026 तक कुल 1,427 चालू पीएनजी कनेक्शन थे, जो बढ़कर 27 सितंबर 2026 तक 2,091 चालू कनेक्शन हो गए हैं। इस अवधि में कुल 664 नए पीएनजी कनेक्शन चालू किए गए हैं। वर्तमान में जिले में 10 व्यावसायिक पीएनजी कनेक्शन भी चालू हैं। वर्तमान में पीएनजी की सुविधा एवं कार्य राम राज्य नगर, कृष्ण नगर, पीएचडी कॉलोनी, सत्येंद्र नगर, नगा बिगहा, पिपरडीह, गांधी नगर, मिनी बिगहा, न्यू एरिया, पटेल कॉलोनी, ब्लॉक मोड़ एवं जय माँ कॉलोनी सहित विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध/विस्तारित की जा रही है। विशेष रूप से पटेल कॉलोनी में लगातार पीएनजी कनेक्शन का विस्तार किया जा रहा है। कॉलोनी के अधिक से अधिक घरों को पीएनजी से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र एलपीजी पर निर्भरता से मुक्त होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। वर्तमान में पीएनजी से जुड़े प्रमुख व्यावसायिक उपभोक्ताओं में मधु पार्क, शाश्वत रेस्टोरेंट, शुभकान, शुभकान फैक्ट्री, होटल बीकानेर एक्सप्रेस, होटल यूएस रेजिडेंसी, हर्षा किचन, होटल सरस्वती इन, होटल स्काई व्यू एवं डोमिनोज शामिल हैं। इसके अतिरिक्त द रूफ टॉप रेस्टोरेंट, होटल इम्पीरियल, होटल आदित्यान, काशी स्वीट्स, जितेंद्र लस्सी भंडार, साई रिसॉर्ट्स, हवेली रिसॉर्ट्स एवं हवेली रेस्टोरेंट सहित अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी पीएनजी से जोड़ने की प्रक्रिया पर कार्य किया जा रहा है। नागरिक पीएनजी कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए पोर्टल पर जाकर आवेदन किया जा सकता है। पीएनजी से संबंधित किसी भी आपातकालीन स्थिति अथवा सहायता के लिए नागरिक आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरः 9835954995 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, पीएनजी कनेक्शन के लिए इच्छुक नागरिक अपने संबंधित प्रखंड कार्यालय एवं नगर निकाय कार्यालय से भी संपर्क कर आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की जाती है कि वे सुविधाजनक, निरंतर आपूर्ति वाले, किफायती एवं अपेक्षाकृत स्वच्छ ईंधन विकल्प के रूप में पीएनजी को अपनाने की दिशा में आगे आएं और औरंगाबाद को स्वच्छ एवं आधुनिक ऊर्जा व्यवस्था की ओर ले जाने में सहभागी बनें।

## शहीद मुखदेव चौधरी का मना शहादत दिवस



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में सोमवार को शहीद मुखदेव चौधरी का 19वां शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष ख्याली राम बौद्ध ने की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शहीद मुखदेव चौधरी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उनके विचारों और बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी राजेंद्र कुशवाहा, वसंत कुमार, पूर्व प्रदेश सचिव श्यामदेव निराला, नगर अध्यक्ष रघुवर चौधरी, पूर्व मुखिया युदगिर राम, सदम हुसैन जनक राम, किशोर, उमेश शर्मा , दिलीप राम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने जनता दरबार में लोगों की सुनीं समस्याएं




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सात निश्चय-3 अंतर्गत "सबका सम्मान – जीवन आसान" पहल के तहत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीजी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब ना हो। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परिवादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा की जाए।

## ग्राम पंचायत केराप में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर ग्राम सभा आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** ग्राम पंचायत केराप के मनरेगा भवन में सोमवार को मुखिया कलावती देवी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1,326 आवासों की स्वीकृति सर्वसम्मति से प्रदान की गई। साथ ही लाभुकों की प्राथमिकता सूची का निर्धारण भी किया गया।ग्राम सभा में पंचायत के विकास एवं आवास योजना से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। उपस्थित ग्रामीणों ने योजना के पारदर्शी क्रियान्वयन और पात्र लाभुकों को प्राथमिकता देने पर अपनी बात रखी। इस अवसर पर पंचायत सचिव अमरेंद्र कुमार, आवास सहायक अंजार हुसैन, डाटा एंट्री ऑपरेटर नीलक्छी गोस्वामी, स्वच्छता पर्यवेक्षक धनवंती देवी, क्षेत्र संख्या 22 के पंचायत समिति सदस्य हस्सान सिद्दीकी, संजीव कुमार, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि डेबुलाल यादव, वार्ड सदस्य कौशर, नवल रजक, अंगद राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# कबाड़ से जुगाड़ के तहत अपशिष्ट सामग्री से बनाई उपयोगी कलाकृतियां



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत सोमवार, 28 सितंबर 2026 को स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटवारा स्थित वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अपशिष्ट को संसाधन के रूप में उपयोग करने तथा इससे स्थानीय स्तर पर अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का संदेश देना था। इस दौरान 'कबाड़ से जुगाड़' पहल के तहत बेकार समझी जाने वाली अपशिष्ट सामग्री से विभिन्न उपयोगी वस्तुओं एवं कलाकृतियों का निर्माण किया गया। प्लास्टिक की बोतलों से गिलास, प्लेट और फूल आदि बनाए गए, जबकि पुराने कपड़ों से रस्सी तैयार कर लोगों को अपशिष्ट के पुनः उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को संदेश दिया गया कि घरों से निकलने वाले कचरे को बिना सोचे-समझे फेंकने के बजाय उसका उचित वर्गीकरण कर उपयोगी वस्तुओं के निर्माण में इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे स्वच्छता को बढ़ावा देने के साथ-साथ कचरे की मात्रा कम करने और संसाधनों के बेहतर उपयोग में मदद मिल सकती है। कार्यक्रम में स्वच्छता पर्यवेक्षक अनिल कुमार, नारायण कुमार, रामकुमार यादव, संजू यादव, संटु कुमार, बिना कुमारी, रामेश्वर चौधरी, मदन कुमार, अरविंद कुमार, मोहम्मद मूसा, मोहम्मद मेराज एवं रणधीर कुमार सहित स्थानीय स्वच्छता कर्मी उपस्थित रहे।

# मांगों को लेकर अंचलाधिकारी कार्यालय पहुंचे दर्जनों चौकीदार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज चौकीदार संघ के प्रखंड अध्यक्ष विनय कुमार यादव के नेतृत्व में दर्जनों चौकीदार सोमवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अंचलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। इस दौरान चौकीदारों ने वेतन वृद्धि वर्ष 2025-26, एसीपी का लाभ, एसीपी के एरियर सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर अंचलाधिकारी के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। प्रखंड अध्यक्ष विनय कुमार यादव ने बताया कि चौकीदारों की विभिन्न मांगों को लेकर अंचलाधिकारी से बातचीत की गई। उन्होंने मांगों पर सकारात्मक आश्वासन दिया है। वहीं, इस संबंध में अंचलाधिकारी का पक्ष जानने के लिए सोमवार शाम 6:35 बजे दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। मौके पर चौकीदार संघ के प्रखंड अध्यक्ष विनय कुमार यादव, पौथू थाना के चौकीदार महेंद्र पासवान, कासमा थाना के चौकीदार बनवारी पासवान समेत दर्जनों चौकीदार मौजूद रहे।

## एक नजर

### मंत्री से एमएलए ने की विकास की बात



**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । ओबरा के विधायक एवं हैंड्स ऑफ प्रकाश चंद्रा के संरक्षक, सह भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव, लोजपा (रा.) पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रकाशचंद्र ने भखरुआं स्थित अपने कार्यालय में जिले की प्रभारी मंत्री एवं बिहार सरकार की पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री रमा निषाद का स्वागत किया। बताया गया कि इस अवसर पर उनका स्नेहपूर्ण स्वागत एवं आत्मीय मुलाकात हुई। विभिन्न जनहित के विषयों पर सार्थक चर्चा हुई तथा क्षेत्र के विकास एवं जनसेवा को और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। जनसेवा, सामाजिक न्याय और क्षेत्र के विकास को लेकर मंत्री से विधायक की बात हुई। विधायक के समर्थकों ने मंत्री के कार्यालय में आगमन को सम्मान और प्रसन्नता का विषय बताया।

### मशाल 2.0 के तहत शारीरिक शिक्षकों को प्रशिक्षण

**कतरीसराय।** जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के निर्देश पर कतरीसराय प्रखंड के टेक नारायण प्लस-2 विद्यालय में मध्य एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शारीरिक शिक्षकों के लिए मशाल 2.0 के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में शिक्षकों को खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन, प्रतिभावान खिलाडियों की पहचान और विद्यार्थियों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य वर्ग छह से 12 तक के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रखंड एवं जिला स्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन कराना है। इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें बेहतर मंच उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है।प्रशिक्षक निशिकांत और रविशंकर ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक विकास के साथ अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मशाल 2.0 के माध्यम से विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को विभिन्न खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**बिहारशरीफ।** नालंदा रेलवे स्टेशन के पास गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 2.250 लीटर विदेशी शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सुधांशु कुमार और राहुल कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से शराब के अलावा दो मोबाइल फोन भी बरामद किए। पूछताछ के दौरान मिले सुराग के आधार पर पुलिस ने शराब सप्लाई करने वाले रेलवे कोच अटेंडेंट अमित कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, तीनों से पूछताछ कर शराब तस्करी से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

# आधार सेवा केन्द्र में खिड़की तोड़ चोरी

**हसपुरा (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ब्लॉक कैम्पस स्थित स्थाई आधार सेवा केन्द्र में चोरी होने का मामला सामने आया है।घटना बीती रात की बताई जा रही है। घटना का अंजाम चोरों ने खिड़की की दरवाजा तोड़ कर दिया है। बताया जाता है कि चोरी होने का जानकारी तब हुआ जब आधार सेवा केन्द्र के प्रबंधक सोमवार को दरवाजा खोला। दरवाजा खोलते होश उड़ गए। देखा कि खिड़की की दरवाजा टूटा हुआ है और पंखा, फोटो स्टेट,तार सहित अन्य सामान गायब है। चोरी अंदर रखा टेबल के सहारे सिलिंग फैन खोल लिया और बिजली वायरिंग का तार उखाड़ लिया। आधार सेवा केन्द्र के प्रबंधक ने बताया कि चोरी होने की घटना का जानकारी हसपुरा बीडीओ को दिया गया है। उन्होंने घटना का जानकारी लिया। बताया जाता है कि ब्लॉक कैम्पस हो या बाजार, गांव चोरी की घटना बराबर हो रही है लेकिन घटना का उद्भेदन एक भी नहीं हो रहा है।

# सफाई कर्मियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत रफीगंज कार्यालय परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह स्वास्थ्य शिविर स्मार्ट ट्रैम्प प्राइवेट लिमिटेड, सफाई संवेदक, नगर पंचायत रफीगंज एवं नगर पंचायत कार्यालय के संयुक्त संचालन में आयोजित किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य नगर पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच करना तथा उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। शिविर में लगभग 50 सफाई कर्मियों के साथ नगर पंचायत कार्यालय के कर्मियों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी श्रीमती मैमून निशा की उपस्थिति में शिविर का संचालन किया गया। साथ ही कार्यपालक सहायक रोहित रंजन, प्रधान सहायक पवन प्रकाश, स्वास्थ्य पदाधिकारी श्री अभिषेक कुमार सहित नगर पंचायत के अन्य कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्मार्ट ट्रैम्प प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर गुलरेज एकराम, मिथलेश कुमार एवं पप्पू कुमार सहित सफाई कर्मियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान सफाई कर्मियों को नियमित स्वास्थ्य जांच, व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल, पौष्टिक आहार एवं कार्यस्थल पर स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी सावधानियों के प्रति जागरूक किया गया। सफाई कर्मी प्रतिदिन शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, इसलिए उनके स्वास्थ्य की देखभाल भी अत्यंत आवश्यक है। नगर पंचायत एवं स्मार्ट ट्रैम्प प्राइवेट लिमिटेड की ओर से कहा गया कि सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए इस प्रकार के स्वास्थ्य एवं जागरूकता कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाते रहेंगे।

# एक निर्णय से बदल गई परंपरा से चली आ रही दुर्गंध की स्थिति

## इमली तल पुरुष करते हैं जीमूतवाहन भगवान का दुधाभिषेक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** परंपरा से जकड़ा हुआ समाज के लिए कोई निर्णय लेना सहज नहीं होता। किंतु जब कोई सार्थक निर्णय लिया जाता है तो उसका परिणाम भी बहुत सकारात्मक होता है। लगभग 200 वर्षों से दाउदनगर में जिउतिया को लोक उत्सव के रूप में मनाने की परंपरा है। इसके तहत ही इमली तल बने जीमूतवाहन के मंदिर में व्रत के दिन सुबह में पुरुष दूध से भगवान का अभिषेक करते हैं। यह दूध बहकर नालियों में चला जाता था। दूध बर्बाद हो जाता था और इसके बाद जो सड़ांध निकलती थी, इससे मोहल्ले में रहने वालों के लिए मुश्किल हो जाता था। 15 दिन तक सड़ांध मारता था। माहौल खराब रहता था। लेकिन विद्यार्थी चेतना परिषद के अध्यक्ष प्रशांत तांती ने बताया कि वर्ष 2018 में निर्णय लिया कि इस दूध को संचित कर खीर बनाकर प्रसाद चढ़ा कर लोगों में बांट दिया जाए। इसके लिए पीतल की ओखली अरघा के साथ बनाकर रखा गया। अब जो दूध चढ़ाया जाता है व एक पाइप के माध्यम से बड़े बर्तन में जमा किया जाता है। ऐसा किए जाने के बाद से दूध बर्बाद भी नहीं होता। सड़ांध भी नहीं उठता। रहने में समस्या भी नहीं आती और इस प्रसाद के वितरण से लोगों की समृद्धि भी बढ़ रही है।

**10 क्विंटल से अधिक दूध होता था बर्बाद**

विद्यार्थी चेतना परिषद के संयोजक ममतेश कुमार ने बताया कि लगभग 10 क्विंटल दूध इसमें बर्बाद हो जाता था। परिषद ने यह निर्णय लिया। इससे प्रसाद वितरण होना शुरू हुआ और मोहल्ले की और परिषद की समृद्धि भी बढ़ती चली गई। विशेषतः जो लोग प्रसाद ग्रहण करते हैं उनके घरों में खुशहाली आई।

**निकटवर्ती चौक पर लोग करते हैं अभिषेक**

बुजुर्ग रासबिहारी प्रसाद का कहना है कि बच्चे, युवा, वृद्ध सभी दूध से भगवान जिमतवाहन का अभिषेक करते हैं। जैसे विधि विधान के साथ लोग शिव का जलाभिषेक करते हैं। उनके समाज के लोग जहां भी रहते हैं अपने निकटवर्ती जिउतिया चौक पर दुग्ध से अभिषेक करते हैं।

**अब सब चौक पर यह परंपरा**

पुजारी गुप्तेश्वर मिश्र ने बताया कि काफी समय से यह परंपरा चली आ रही है। यह तर्पण नहीं बल्कि अभिषेक है। संतान के दीर्घायु होने की कामना के साथ पुरुष यहां दुग्ध अभिषेक करते हैं। दूसरे चौकों पर भी यहां की देखा देखी लोग अब ऐसा करने लगे हैं।

# जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों के त्वरित एवं नियमानुसार निष्पादन का निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है।

इसी क्रम में सोमवार को जिला स्तर पर जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। इस दौरान कुल 21 परिवाद प्राप्त हुए। जनसुनवाई में थाना नेमदारगंज, ग्राम फुलमा निवासी केदार प्रसाद सिंह द्वारा वंशावली बनवाने से संबंधित, थाना मुफस्सिल, ग्राम गोनी निवासी मीनू देवी द्वारा कांड संख्या 332/26 से संबंधित, थाना काशीचक, ग्राम बौरी निवासी परवेज आलम द्वारा भूमि विवाद तथा थाना वारिसलीगंज, ग्राम मसूदा निवासी शांति द्वारा भूमि विवाद से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें एवं समस्याएं जिला पदाधिकारी के समक्ष रखी गईं।

जिला पदाधिकारी ने सभी परिवादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों की नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी परिवादों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करें तथा परिवादियों को उनके मामलों में की गई कार्रवाई से अवगत कराना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में अनुमंडल कार्यालय, नवादा में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें आमजनों द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों को अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर अमित अनुराग के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# भूमि विवाद में मारपीट, एक की मौत और एक घायल; तीन आरोपित गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम दरियापुर में पूर्व से चले आ रहे जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। घटना की सूचना 28 सितंबर 2026 को सुबह करीब छह बजे पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर आसपास के लोगों से पूछताछ की तथा घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच एवं वादी से पूछताछ के क्रम में यह बात सामने आई कि दोनों पक्षों के बीच पूर्व से जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा था। इसी विवाद के कारण मारपीट की घटना हुई। घटना की गंभीरता को देखते हुए नवादा के पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वादी के आवेदन के आधार पर वारिसलीगंज थाना में कांड संख्या 688/26, दिनांक 28 सितंबर 2026 दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले में 15 नामजद आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, मामले में आगे का अनुसंधान जारी है तथा अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच में तेजी लाने तथा घटना में शामिल सभी आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

# मशाल 2026 खेल प्रतियोगिता,76 शिक्षकों को मिला बैटरी टेस्ट और पंजीकरण का प्रशिक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड संसाधन केंद्र रजौली परिसर में मशाल 2.0 खेल प्रतियोगिता के सफल एवं सुचारू संचालन को लेकर एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीआरसी लेखापाल रवींद्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन और संयोजन में आयोजित इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में क्षेत्र के कुल 76 मध्य विद्यालयों से आए 76 नामांकित शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मुख्य प्रशिक्षक के रूप में काजल सिंह, मुकेश कुमार और महेंद्र पासवान मौजूद रहे, जिन्होंने सभी प्रतिभागी शिक्षकों को खिलाड़ियों के चयन, बैटरी टेस्ट तथा पंजीकरण की बारीकियों के बारे में विस्तार से प्रशिक्षित किया।प्रशिक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण में शिक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने विद्यालयों में जाकर छात्र-छात्राओं की शारीरिक क्षमता और खेल में उनकी रुचि के आधार पर बैटरी टेस्ट आयोजित करें। इस प्रतियोगिता में मुख्य रूप से कक्षा 6 से 8 तथा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को भाग लेने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता के तहत थ्रो बॉल, कबड्डी, दौड़, जंप और साइकिलिंग जैसी विविध खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया जाना तय हुआ है। शिक्षकों को आगामी 2 और 4 तारीख से शुरू होने वाली पंजीकरण प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने का दायित्व सौंपा गया है। यह पूरी प्रतियोगिता एक सुव्यवस्थित ढांचे के तहत सबसे पहले विद्यालय स्तर पर आयोजित होगी,जिसके बाद सफल खिलाड़ी सीआरसी स्तर और फिर प्रखंड स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। अंत में प्रखंड स्तर से चयनित उत्कृष्ट खिलाड़ियों को जिला स्तर की प्रतियोगिता में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। प्रखंड तथा जिला स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया जाएगा।

# उद्घाटन के पहले मुंगेर-मिर्जाचौकी फोरलेन में दरार

## तकनीकी टीम ने मौके पर पहुंचकर की जांच, मरम्मत भी शुरु



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** बिहार एवं झारखंड को जोड़ने वाली मुंगेर-मिर्ज़ाचौकी ग्रीनफील्ड फोरलेन (एनएच- 33) में कई जगह पर बड़े दरार होने के मामले को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचईआई) ने गंभीरता से लेते हुए जांच शुरु कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भागलपुर के विक्रमशिला गंगा सेतु के बंद होने के मद्देनजर राज्य सरकार के निर्देश पर निर्माणाधीन इस महत्वाकांक्षी ग्रीनफील्ड सड़क परियोजना (एन एच-33) के दो लेन को मुंगेर से लेकर भागलपुर तक आवागमन के लिए विगत 26 सितंबर से चालू किया गया है। उक्त मार्ग का निर्माण कार्य चार फ़ेज में तेजी से चल रहा है। अधिकांश काम पूरे हो चुके हैं और अगले दिसंबर महीने में इसका उद्घाटन होना है। इधर दो लेन से वाहनों का आवागमन चालू होते ही इस फोरलेन के दूसरे फ़ेज वाले हिस्सों में कुछ जगहों पर दरारें आ गई। जिसकी सूचना मिलने के बाद एनएचईआई के बिहार सर्किल के वरीय अधिकारियों द्वारा तकनीकी कर्मियों की विशेष टीम को वहां भेज कर मामले की जांच कराई जा रही है। टीम के सदस्य इस फोरलेन सड़क पर दरारे पड़ने के कारणों की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में बरसात के समय सड़क किनारे के मिट्टी धंसने या फिर निमार्ण कार्य में गड़बड़ी होने की बातें सामने आ रही है। वैसे जांच पूरी होने के बाद ही दरारें के कारणों का पता चलेगा। इस बीच एनएचएआई के एक अधिकारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच रिपोर्ट आने के बाद संबंधित निर्माण एजेंसी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इधर उक्त मार्ग पर आवागमन के मद्देनजर दरार वाले हिस्सों के मरम्मती का कार्य शुरु कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि भागलपुर के विक्रमशिला गंगा सेतु के मरम्मती के लिए आगामी एक अक्टूबर से बंद होने के बाद राज्य सरकार के निर्देशानुसार मुंगेर से लेकर भागलपुर तक इस निर्माणाधीन ग्रीनफील्ड फोरलेन (एनएच-33) के दो लेन से वाहनों का परिचालन शुरु किया गया है। इस फोरलेन के निर्माण की लागत करीब चार हजार करोड़ रुपए है। इधर इस मार्ग के दो लेन से आवागमन चालू होने के बाद झारखंड के साहेबगंज, गोड्डा सहित भागलपुर एवं बांका जिलो के लोगों को इस फोरलेन सड़क से मुंगेर होकर पटना और उत्तर बिहार जाने में काफी सहूलियत हो रही है।

# पैक्स उप चुनाव को लेकर मतदान एवं मतगणना कर्मियों को दी गई ट्रेनिंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** पैक्स उप निर्वाचन 2026 को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, भोजपुर के निर्देश के आलोक में मतदान एवं मतगणना कर्मियों का प्रथम एवं द्वितीय चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम उप विकास आयुक्त कार्यालय स्थित विद्या भवन सभागार में आयोजित किया गया। ज्ञातव्य है कि बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना से प्राप्त निर्देश के आलोक में कोईलवर प्रखंड अंतर्गत व्यापार मंडल कृषक सेवा एवं कायमनगर पैक्स के निर्वाचन हेतु दिनांक 30 सितम्बर 2026 की तिथि निर्धारित है। इनमें व्यापार मंडल कृषक सेवा का निर्वाचन



निर्विरोध सम्पन्न हो चुका है। फलतः दिनांक 30 सितम्बर 2026 को मात्र कायमनगर पैक्स के अध्यक्ष पद के लिए मतदान कराया जाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मतदान एवं मतगणना प्रक्रिया, निर्वाचन संबंधी दायित्वों, आवश्यक प्रपत्रों के संधारण, मतदान की प्रक्रिया तथा मतगणना से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत जानकारी कर्मियों को दी गई। आज के प्रशिक्षण में कुल 63 मतदान एवं मतगणना कर्मी उपस्थित हुए, जिनमें से 32 कर्मियों को द्वितीय चरण का अंतिम प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षक शशांक कुमार, जिला सहकारिता कार्यालय के सत्येंद्र कुमार तथा प्रशिक्षण कोषांग के उच्च वर्गीय लिपिक जाकिर हुसैन सहित संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

# तीस लाख के स्मैक के साथ चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले के रसलपुर थाना क्षेत्र के एकचारी गांव के पास मुंगेर-मिर्ज़ाचौकी फोरलेन पर पुलिस ने आज भारी मात्रा में स्मैक के साथ चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जब्त स्मैक की कीमत करीब तीस लाख रुपए बताई गई है। भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने सोमवार को यहां बताया कि झारखंड से इस फोरलेन के रास्ते भारी मात्रा में मादक पदार्थों की खेप के भागलपुर आने की सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक अतुलेश झा के नेतृत्व में कहलगांव के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एक) स्नेह सेतु एवं स्थानीय थानाध्यक्ष अजीत कुमार की अगुवाई में गठित विशेष पुलिस टीम ने एकचारी गांव के पास फोरलेन सड़क पर वाहन तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि इस दौरान एक चारपहिया वाहन के चालक द्वारा पुलिस बल को देखकर गाड़ी पीछे (विपरीत दिशा में) घुमाने पर पुलिस ने दौड़कर उसे पकड़ लिया और वाहन तलाशी के क्रम में तीन सौ ग्राम स्मैक बरामद किया। जिसकी कीमत बाजार में करीब तीस लाख रुपए आंकी गई है। साथ ही मौके पर से चार अभियुक्तों को गिरफ्तार गया है। श्री यादव ने बताया कि पकड़े गए लोगों की पहचान अमरजीत कुमार, छोटू कुमार, विक्की कुमार एवं उत्तम कुमार के रुप में हुई है और चारों जिले के बबरगंज थाना के अलीगंज क्षेत्र का रहने वाला है। वेलोग झारखंड से भारी मात्रा में मादक पदार्थ लाकर भागलपुर शहर और इसके आसपास के क्षेत्रों में बेचने का धंधा करते थे। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चारों अभियुक्तों के जब्त मोबाइलों के कुछ नंबरों की जांच कराने से इस धंधे से संबंधित कुछ अहम जानकारी मिली है। पुलिस इस जानकारी के साथ उसके अपराधिक इतिहास का पता लगा रही है। वहीं इस सिलसिले में पुलिस ने सुसंगत धाराओं में सभी अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में एक प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई कर शुरु कर दी है।

## ट्रेनों के ठहराव को लेकर जीएम से मिला शिष्टमंडल

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आरा रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं में सुधार एवं महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर सोमवार को डॉ. भीम सिंह भवेश के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने हाजीपुर रेल महाप्रबंधक से मुलाकात की। शिष्टमंडल में पूर्व निगम पार्षद राजू मेहता एवं डॉ. जितेंद्र शुक्ल शामिल रहे। इस दौरान यात्री सुविधाओं एवं स्टेशन की व्यवस्थाओं से संबंधित 12 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में प्लेटफार्म संख्या 4 पर निर्माणाधीन एस्केलेटर एवं लिफ्ट को शीघ्र चालू करने, सफाई व्यवस्था की पारदर्शी मॉनिटरिंग, जल निकासी की स्थायी व्यवस्था, सर्कुलेटिंग एरिया एवं वाहन स्टैंड को व्यवस्थित करने, अवैध जानवर एवं वेंडरों पर रोक लगाने सहित कई महत्वपूर्ण मांगें रखी गईं। महाप्रबंधक श्री गार्गी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए ट्रेन ठहराव के लिए अनुशंसा करने की बात कही।

# जमुई में चार दिवसीय जिलास्तरीय खेल महाकुंभ शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** स्थानीय श्रीकृष्ण सिंह स्टेडियम में जिले में खेल प्रतिभाओं को मंच देने और युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने की दिशा में चार दिवसीय जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। बिहार सरकार, खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और जिला प्रशासन जमुई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के अलग-अलग सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों से पहुंचे 2500 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का परचम लहराएंगे। इसमें अंडर-14 , अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ी विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। डीएम श्री नवीन, एसपी विश्वजीत दयाल, डीपीओ नीतीश कुमार और जिला खेल पदाधिकारी परिमल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर तथा गुब्बारे उड़ाकर



चार दिवसीय खेल आयोजन की शुरुआत की। जिलास्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी प्रमंडल और राज्यस्तर की प्रतियोगिताओं के लिए चयनित हो सकते हैं और वहां बेहतर प्रदर्शन के जरिए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं तक पहुंचने का अवसर प्राप्त कर सकते हैं। डीएम ने इस दौरान मैदान में मौजूद बाजीगरों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में खेलों का महत्व काफी बढ़ गया है। सरकार की 'मेडल लाओ और नौकरी पाओ' की नीति से बाजीगर लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में पूरे उत्साह के साथ भाग लेने और खेल भावना के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं एसपी विश्वजीत दयाल ने कहा कि खेल का महत्व केवल मैदान पर जीत और हार तक सीमित नहीं है। खेल बच्चों और युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन, मेहनत और टीम भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डीपीओ नीतीश कुमार ने खिलाड़ियों को सरकार की खेल प्रोत्साहन नीतियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार की ओर से कई स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। जिला खेल पदाधिकारी परिमल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता को केवल चार दिनों तक चलने वाला खेल आयोजन नहीं माना जाना चाहिए। इसके जरिए जिले में मौजूद खेल प्रतिभाओं की पहचान करने का अवसर भी मिलेगा। मैदान पर पसीना बहा रहे नामित खिलाड़ी फिलहाल जिलास्तर की प्रतियोगिता में अपनी क्षमता साबित करने में जुटे हैं। आने वाले दिनों में इनमें से कई खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर के मंच पर भी जमुई का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं।

# एनटीपीसी कहलगांव में हिंदी पखवाड़ा का समापन

## बिदेसिया ने बांधा समां




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** जिले के कहलगांव स्थित एनटीपीसी विधुत परियोजना में राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित हिंदी पखवाड़ा का आज उल्लासपूर्वक समापन हुआ। समापन समारोह में परियोजना प्रमुख रविंद्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में नराकास, कहलगांव के सदस्य, एनटीपीसी के कर्मचारी एवं दीप्तिनगर परिसर की गृहणियों, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवान तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं की उपस्थिति रही। हिंदी पखवाड़ा के दौरान कर्मचारियों, दीप्तिनगर परिसर की गृहणियों, सीआईएसएफ कर्मियों तथा स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र एवं हिन्दी के पुस्तकें प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण प्रसिद्ध भोजपुरी लोकनाट्यकार भिखारी ठाकुर की कालजयी कृति 'बिदेसिया' की प्रस्तुति रही। नाटक के माध्यम से लोकजीवन, सामाजिक सरोकारों और मानवीय भावनाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित दर्शकों ने सराहा। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख रविंद्र शर्मा ने हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, संवेदनाओं और सामाजिक जुड़ाव को सशक्त बनाने वाली भाषा है; हमें अपने दैनिक कार्य और जीवन में हिंदी के प्रयोग को निरंतर बढ़ावा देना चाहिए। समारोह के दौरान चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा का भी उल्लेख किया गया। स्वच्छता के प्रति जागरूकता, व्यक्तिगत जिम्मेदारी तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ कार्यस्थल के निर्माण में सामूहिक सहभागिता के महत्व पर बल दिया गया। हिंदी पखवाड़ा के सफल आयोजन ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि लोगों को जोड़ने और सांस्कृतिक मूल्यों को जीवंत रखने का प्रभावी माध्यम भी है।

## 4 को होगा 'साहित्यकुंज' का पुनर्गठन

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** साहित्य, कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में 38 वर्षों से सक्रिय संस्था 'साहित्यकुंज' का पुनर्गठन आगामी 4 अक्टूबर को स्थानीय श्रीकृष्ण सिंह स्मारक भवन में आयोजित बैठक में किया जाएगा। इसके साथ ही कवि गोष्ठी का आयोजन भी होगा। संस्था के प्रधान महासचिव एवं वरीय रचनाकार अरविन्द अकेला तथा कार्यकारी अध्यक्ष राम राय ने बताया कि वर्ष 1988 में गठित साहित्यकुंज का उद्देश्य स्थानीय कवियों, शायरों, साहित्यकारों और कलाकारों को मंच प्रदान करना रहा है। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा समय-समय पर कवि सम्मेलन एवं गोष्ठियों का आयोजन कर हिंदी साहित्य के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा दिया गया।

# विधि-व्यवस्था मजबूत करने को झाझा में नई व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**झाझा/जमुई।** झाझा थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पुलिस ने बीटवार व्यवस्था लागू की है। इसके तहत नगर क्षेत्र के वार्डो और ग्रामीण इलाकों की पंचायतों को अलग-अलग क्षेत्र में बांटकर पुलिस पदाधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित की गई है। सबंधित पदाधिकारी अपने क्षेत्र में नियमित भ्रमण कर लोगों से समन्वय स्थापित करने के साथ अपराध की रोकथाम और सूचना संकलन का कार्य करेंगे। झाझा नगर क्षेत्र में वार्ड 1 से 4 तक की जिम्मेदारी पुअनि कविता माटे, 5 से 8 तक पुअनि रीता कुमारी, 9 से 12 तक पुअनि मीनू कुमारी, 13 से 16 तक पुअनि पूजा कुमारी, 17 से 20 तक पुअनि मधु कुमारी तथा 21 से 25 तक पुअनि नीतू कुमारी को दी गई है। ग्रामीण क्षेत्र में धमना पंचायत के लिए पुअनि उमेश कुमार के साथ चौकीदार ललन कुमार, छापा में पुअनि धर्मेंद्र कुमार-1 के साथ सुनील कुमार, केशोपुर में पुअनि दीपक कुमार के साथ प्रमोद पासवान, कानन में पुअनि धर्मेंद्र कुमार-2 के साथ सहदेव पासवान को लगाया गया है। जामुखरैया में पुअनि दिलीप कुमार के साथ सुधीर पंडित व कुंदन पासवान तथा हथिया में पुअनि अमरजीत कुमार के साथ नसीम खां रहेंगे। इसी प्रकार बाराकोला में सअनि दिलीप कुमार के साथ त्रिपुरारी राय, बाराजोर में पुअनि अनिरुद्ध कुमार के साथ पारो पासवान, महापुर में सअनि प्रेमजीत कुमार के साथ शंकर यादव, चांय में सअनि कमलेश कुमार के साथ शंकर व महेश यादव, रजलाकला में सअनि भुवनेश्वर प्रसाद के साथ भुटटो यादव और बलियाडीह में सअनि राजेश कुमार सिंह के साथ महेश कुमार यादव को जिम्मेदारी सौंपी गई है। थानाध्यक्ष मिंटु कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नागरिकों की संवैधानिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और पुलिस व्यवस्था को बीट स्तर तक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एक वर्षीय कार्ययोजना लागू की गई है। इससे स्थानीय स्तर पर पुलिस की मौजूदगी बढ़ेगी और लोगों की समस्याओं व सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई में मदद मिलेगी।

# बोकारो की शहनाज को दीक्षांत समारोह में मिला स्वर्ण पदक

## एमबीए में हासिल किया 9.21 सीजीपीए



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी के टेक्निकल कैंपस, बोकारो की छात्रा शहनाज फरहीन ने शैक्षणिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में उन्हें एमबीए की डिग्री के साथ स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। यह सम्मान झारखंड के महामहिम राज्यपाल के कर-कमलों से प्रदान किया गया। शहनाज फरहीन ने विश्वविद्यालय की परीक्षा में 9.21 सीजीपीए प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की। उनकी सफलता से संस्थान में हर्ष का माहौल है। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय की ओर से इंजीनियरिंग एवं एमबीए पाठ्यक्रमों के 320 से अधिक विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। इस उपलब्धि पर जीजीएसइएसटीसी के निदेशक डॉ. प्रियदर्शी जरूहर ने शहनाज फरहीन को बधाई देते हुए कहा कि यह उनके साथ-साथ शिक्षकों और पूरे संस्थान के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। उनकी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन अन्य विद्यार्थियों को भी अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा देगा। गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष तरसेम सिंह एवं सचिव सुरेंद्र पाल सिंह ने भी शहनाज फरहीन को इस शानदार उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी सफलता संस्थान के लिए गौरव का विषय है।

# जिलेभर में चला सघन जांच अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी के निर्देश पर जिलेभर में सड़क सुरक्षा और एंटी क्राइम चेकिंग अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहनों की जांच के साथ सड़क सुरक्षा नियमों के पालन को लेकर लोगों को जागरूक और सचेत किया जा रहा है। चियांकी क्षेत्र में एसडीपीओ राजेश यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वाहनों की जांच की। वहीं हरिहरगंज टोल प्लाजा के समीप एसडीपीओ प्रशांत कुमार, पड़वा-रेल क्षेत्र में एसडीपीओ चिरंजीवी मंडल तथा लेस्लीगंज-पांकी क्षेत्र में भी एसडीपीओ के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। अभियान में संबंधित थाना प्रभारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और जवान शामिल रहे। पुलिस टीम ने संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की जांच के साथ यातायात नियमों के उल्लंघन पर भी नजर रखी। बिना हेलमेट, तेज गति, कागजातों में कमी सहित सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों को नियमों के प्रति सचेत किया गया। पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित तरीके से वाहन चलाने की अपील की। पुलिस के अनुसार अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के साथ अपराध नियंत्रण और संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखना है। जिले के विभिन्न प्रमुख मार्गों और संवेदनशील क्षेत्रों में आगे भी इस तरह की जांच जारी रखने की बात कही गई है।

## श्रद्धालुओं का जत्था देवघर और बासुकीनाथ के लिए रवाना

**अंबा (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जागो सेवा ट्रस्ट, जगन बिगहा के बैनर तले कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं की मंगल यात्रा का शुभारंभ हुआ। ट्रस्ट की ओर से श्रद्धालुओं के इस जत्थे को देवघर, बासुकीनाथ धाम, नालंदा, राजगीर और बोधगया के लिए सोमवार को विशेष रूप से रवाना किया गया। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया। इस धार्मिक और सांस्कृतिक यात्रा के शुभारंभ अवसर पर गणमान्य अतिथियों ने सभी को हरी झंडी दिखाकर और मंगलमय भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए विदा किया।

# खेल-कूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिला वार्षिक खेल कार्यक्रम 2026-27 के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय विद्यालय खेल-कूद प्रतियोगिता 2026-27 में जिले के विभिन्न विद्यालयों से चयनित छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल विधाओं में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के बालक वर्ग में एथलेटिक्स, बैडमिंटन एवं शतरंज सहित विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। एथलेटिक्स के 100 मीटर दौड़ में अंडर-14 बालक वर्ग में प्रथम स्थान सत्यम कुमार सिंह, द्वितीय स्थान अजीत कुमार एवं तृतीय स्थान रिशु कुमार ने प्राप्त किया। अंडर-17 बालक वर्ग में प्रथम स्थान छोटू कुमार, द्वितीय स्थान अंबुज कुमार एवं तृतीय स्थान अनुपम कुमार दुबे ने प्राप्त किया। वहीं अंडर-19 बालक वर्ग में प्रथम स्थान अजय कुमार, द्वितीय स्थान पवन कुमार एवं तृतीय स्थान प्रेम कुमार रहे। 200 मीटर दौड़ के अंडर-14 बालक वर्ग में प्रथम स्थान सत्यम कुमार सिंह, द्वितीय स्थान अजीत कुमार एवं तृतीय स्थान समर प्रताप ने प्राप्त किया। अंडर-17 बालक वर्ग में प्रथम स्थान अनुपम कुमार दुबे, द्वितीय स्थान छोटू कुमार एवं तृतीय स्थान अभिरंजन कुमार रहे। 400 मीटर दौड़ के अंडर-14 बालक वर्ग में प्रथम स्थान अन्वेष आर्यन, द्वितीय स्थान निशांत कुमार एवं तृतीय स्थान उज्ज्वल कुमार ने प्राप्त किया। अंडर-17 बालक वर्ग में प्रथम स्थान युवराज कुमार सिंह, द्वितीय स्थान प्रिंस कुमार एवं तृतीय स्थान अनिकेत कुमार रहे। 600 मीटर दौड़ के अंडर-14 बालक वर्ग में प्रथम स्थान समर प्रताप, द्वितीय स्थान नीरज कुमार एवं तृतीय स्थान प्रिंस कुमार ने प्राप्त किया। ऊंची कूद के अंडर-14 बालक वर्ग में प्रथम स्थान तेजस्वी कुमार, द्वितीय स्थान निखिल कुमार एवं तृतीय स्थान यीशु कुमार ने प्राप्त किया। अंडर-17 बालक वर्ग में प्रथम स्थान अनुभव राज, द्वितीय स्थान गोलू कुमार एवं तृतीय स्थान शमशेर अली रहे। वहीं अंडर-19 बालक वर्ग में प्रथम स्थान अमन उपाध्याय, द्वितीय स्थान रवि रंजन तिवारी एवं तृतीय स्थान रवि कुमार ने प्राप्त किया। बैडमिंटन के अंडर-14 बालक वर्ग में पीयूष कुमार विजेता एवं प्रतीक कुमार सिंह उपविजेता रहे। अंडर-17 बालक वर्ग में यथार्थ समय विजेता एवं आदित्य रंजन उपविजेता रहे। अंडर-19 बालक वर्ग में अमन कुमार विजेता एवं आदित्य राज उपविजेता रहे। इसी प्रकार शतरंज के अंडर-14 बालक वर्ग में एकलव्य सिंह विजेता एवं कृष्ण नारायण उपविजेता रहे। अंडर-17 बालक वर्ग में छोटू कुमार विजेता एवं आयुष पांडे उपविजेता रहे।

# पीएनजी और सीएनजी की प्रगति का सचिव ने लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों, विशेषकर पाइपलाइन प्राकृतिक गैस (पीएनजी) एवं संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) नेटवर्क की प्रगति एवं विस्तार की उच्चस्तरीय समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। समीक्षा के दौरान राज्य के सभी संबंधित जिलों में पीएनजी कनेक्टिविटी, सीएनजी स्टेशनों तथा गैस आधारभूत संरचना की प्रगति की जिलावार समीक्षा की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान औरंगाबाद जिले से जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के साथ अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव, जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज सहित संबंधित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के क्रम में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) द्वारा औरंगाबाद जिले में घरेलू पाइपलाइन प्राकृतिक गैस (डी-पीएनजी) कनेक्शन की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया। मार्च 2026 तक जिले में 2,735 घरेलू पीएनजी कनेक्शन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके विरुद्ध अब तक 2,550 घरेलू पीएनजी कनेक्शन चालू किए जा चुके हैं। इस प्रकार निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध लगभग 93 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की गई है। वर्तमान में 272 आवेदन लंबित हैं। जिले में पीएनजी कनेक्शन से संबंधित कार्यों के लिए 465 मीटर सामग्री उपलब्ध है तथा एक ठेकेदार एवं 8 कर्मी कार्यरत हैं। पुराने ठेके की अवधि पूर्ण होने के पश्चात नए ठेके का आवंटन कर दिया गया है तथा कार्यबल एवं संसाधनों को कार्यस्थल पर उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी है। इससे शेष लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। समीक्षा के दौरान यह भी अवगत कराया गया कि जिले में पीएनजी नेटवर्क के विस्तार के लिए किसी प्रकार की प्रशासनिक अथवा अनुमति संबंधी समस्या लंबित नहीं है। राज्य स्तर पर पीएनजी एवं सीएनजी नेटवर्क की प्रगति की समीक्षा के दौरान बताया गया कि बिहार के 38 जिलों में से 28 जिले पीएनजी/सीजीडी नेटवर्क से आच्छादित हो चुके हैं। राज्य में अब तक कुल 1,52,686 घरेलू पीएनजी कनेक्शन चालू किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त राज्य में 240 सीएनजी स्टेशन संचालित हैं, जिनसे प्रतिदिन औसतन 4,54,281 किलोग्राम सीएनजी की बिक्री हो रही है।

# चुनावी अभियान में तेजी लाने का आह्वान

## एनडीए की बैठक में लिए गए कई निर्णय



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** संध्या विवाह भवन, समस्तीपुर में सोमवार को एनडीए गठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए समर्थित जदयू उम्मीदवार डॉ. घनश्याम राय ने गठबंधन के कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं से संवाद करते हुए चुनावी अभियान को और गति देने का आह्वान किया। डॉ. घनश्याम राय ने कहा कि दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र एवं दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में एनडीए गठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह है। उन्होंने चारों जिलों के एनडीए कार्यकर्ताओं से मतदाताओं के बीच पहुंचकर गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में जागरूकता अभियान चलाने तथा अधिक से अधिक मतदाताओं से संपर्क स्थापित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि चुनावी अभियान को प्रभावी बनाने के लिए एनडीए के सभी घटक दलों के कार्यकर्ताओं को आपसी समन्वय और एकजुटता के साथ काम करना होगा। कार्यकर्ता मतदाताओं तक गठबंधन के प्रत्याशियों की नीतियों एवं कार्यक्रमों की जानकारी पहुंचाएं और चुनावी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाएं। बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन जदयू जिलाध्यक्ष डॉ. दुर्गेश राय ने किया। इस दौरान गठबंधन के नेताओं ने संगठनात्मक समन्वय और चुनावी अभियान से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में विधायक अश्वमेघ देवी, वीरेंद्र पासवान, पूर्व विधायक विद्यासागर सिंह निषाद एवं रामबालक सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रतिनिधि सह महामंत्री सुनील कुमार, लोजपा (आर) जिलाध्यक्ष अनुपम सिंह हीरा, हम जिलाध्यक्ष धीरज ठाकुर, रालोमो जिलाध्यक्ष निशांत कुमार, नगर अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मुन्ना, जदयू संगठन प्रभारी रामनाथ रमण, जिला प्रवक्ता अनस रिजवान, डॉ. ज्योति निर्मला, प्रो. तकी अख्तर, राम बहादुर सिंह, प्रो. उदित राय, बनारसी ठाकुर, संजू सिंह एवं विद्याकर झा सहित एनडीए गठबंधन के विभिन्न घटक दलों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्र अब विद्यालयों में होंगे स्थानांतरित

## भगवानपुर में आंगनबाड़ी केंद्रों को विद्यालयों में स्थानांतरित करने की तैयारी तेज, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने मांगी कार्रवाई रिपोर्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रखंड क्षेत्र में किराये के भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को अब सरकारी विद्यालयों में स्थानांतरित करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसको लेकर विभागीय स्तर पर कवायद तेज हो गई है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अभियान, बेगूसराय ने भगवानपुर के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है। जारी पत्र के अनुसार प्रखंड के कुल 60 आंगनबाड़ी केंद्रों को चिह्नित सरकारी विद्यालयों में स्थानांतरित किया जाना है। विभाग ने इसके लिए संबंधित विद्यालयों में उपलब्ध कमरों, नामांकित विद्यार्थियों की संख्या, विद्यालय में संचालित कक्षाओं तथा विद्यालय की वर्तमान स्थिति का आकलन किया है। उपलब्ध संसाधनों के आधार पर आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए उपयुक्त विद्यालयों का चयन किया गया है। विभाग की ओर से जारी सूची में प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र के लिए संबंधित विद्यालय का नाम, विद्यालय का विशिष्ट विद्यालय पहचान क्रमांक, विद्यालय किस कक्षा तक संचालित है, नामांकित विद्यार्थियों की संख्या, उपलब्ध कमरों की संख्या तथा आंगनबाड़ी केंद्र के लिए उपलब्ध कराए जाने वाले कमरों की संख्या का विवरण दिया गया है। वर्तमान में किराये के भवनों में संचालित केंद्रों के विद्यालय परिसर में आने से भवन संबंधी समस्याओं में कमी आने की उम्मीद है। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को विद्यालय परिसर में बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सकेगा। विद्यालय के संसाधनों का समुचित उपयोग होने के साथ बच्चों के लिए शिक्षा और प्रारंभिक बाल विकास से जुड़ी गतिविधियों को भी बेहतर तरीके से संचालित करने में मदद मिलेगी। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को संलग्न सूची के अनुसार आपसी समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। विभाग की ओर से की जा रही इस कार्रवाई के बाद चिह्नित 60 आंगनबाड़ी केंद्रों को धीरे-धीरे संबंधित सरकारी विद्यालयों में स्थानांतरित किया जाएगा।

# ग्राम सभा में लाभुकों की प्रारूप प्रतीक्षा सूची का अवलोकन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना-2024 के सर्वे के आधार पर तैयार कोटिवार प्रारूप प्रतीक्षा सूची के अवलोकन एवं सत्यापन को लेकर सोमवार को पंचायत भवन हसनपुर बागर के प्रांगण में ग्राम सभा आयोजित की गई। ग्राम सभा की अध्यक्षता ग्राम पंचायत हसनपुर बागर मुखिया विजय पासवान ने की। ग्राम सभा में पंचायत के लिए तैयार प्रारूप प्रतीक्षा सूची को सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत किया गया। सूची में कुल 1,266 संभावित लाभुकों के नाम शामिल हैं। इनमें सामान्य वर्ग के 669, अनुसूचित जाति (एससी) के 166 तथा अल्पसंख्यक वर्ग के 431 लाभुक शामिल हैं। ग्रामीणों को सूची का अवलोकन कर पात्रता एवं नाम से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति या दावा होने पर उसे निर्धारित प्रक्रिया के तहत दर्ज कराने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर पंचायत सचिव चंदन कुमार, ग्रामीण आवास सहायक राम प्रवेश कुमार, पंचायत समिति सदस्य मो. इमरोज राणा, अरविंद सिंह, सरपंच अर्जुन पासवान, उपसरपंच रंजीत कुमार, उपमुखिया पिंटू कुमार, वार्ड सदस्य मनोज कुमार, शकील अहमद, रमेश सहनी, गुलशन खातून, मो. काशिफ,अजीत सिंह सहित कई गणमान्य बुद्धिजीवी कामेश्वर झा, शिवराज रजक, मो. नाजिम, ललन महतो आदि बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं संभावित लाभुक उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने ग्राम सभा में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आवास योजना सहित पंचायत में संचालित विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों पर चर्चा की। इस दौरान ग्रामीणों ने पंचायत के विकास कार्यों के लिए मुखिया विजय पासवान एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के प्रयासों की सराहना की।

# मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे को लेकर कांग्रेस का आक्रोश मार्च

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ़े और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में पारदर्शिता की मांग को लेकर सोमवार को बेगूसराय में जिला कांग्रेस कमिटी ने आक्रोश प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जिला परिषद मार्केट कचहरी रोड स्थित श्रीबाबू की प्रतिमा से हड़ताली चौक समाहरणालय गेट तक आक्रोश मार्च निकाला। इस दौरान श्रीबाबू और डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। जिला अध्यक्ष गरीब दास ने जिला पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ट्रस्ट की स्वतंत्र न्यायिक जांच, हटाए गए मतदाताओं के नामों का पुनः सत्यापन, वोटर डेटाबेस और फार्म-6 में बदलावों की स्वतंत्र जांच तथा चुनाव आयोग की आईटी व्यवस्था के तकनीकी ऑडिट की मांग की गई। ज्ञापन में चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी द्वारा कथित तौर पर 14 बार लिखित आपत्ति दर्ज कराने संबंधी मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए रिकॉर्ड और निर्णय प्रक्रिया को सार्वजनिक जांच के दायरे में लाने की मांग भी की गई। कांग्रेस ने बेगूसराय में विशेष एसआईआर शिकायत प्रकोष्ठ गठित करने की भी मांग की। प्रदर्शन में विधान पार्षद राजीव कुमार, रामविलास सिंह, रामानंद सिंह, सुबोध सिंह, राम स्वार्थ साह, आलोक कुमार, कृष्ण कुमार राय, ब्रजेश कुमार प्रिंस सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### माले ने की ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त कर गिरफ्तारी की मांग

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाकपा-माले की ओर से सोमवार को बलिया पार्टी कार्यालय से प्रतिवाद मार्च निकाला गया। कार्यकर्ता बाजार का भ्रमण करते हुए पटेल चौक पहुंचे, जहां सभा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और एसआईआर के विरोध में नारेबाजी की। सभा को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला सचिव दिवाकर प्रसाद ने कहा कि वोट चोरी के आरोपों की जांच क्या जाए। एसआईआर रद्द कर मतदाता सूची से हटाए गए नामों की समीक्षा कर उन्हें पुनः शामिल करने तथा चुनाव आयोग की नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव की मांग की। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की पारदर्शिता और मताधिकार की गारंटी के लिए चयन समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश को शामिल किया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सभा को एहतेशाम अहमद, अधिवक्ता अमरजीत पासवान, टुसा देवी, लडुलाल दास, संजय ठाकुर, अमित कुमार सिंह, रामकुमार तांती और रजनीश कुमार ने भी संबोधित किया। मौके पर तपेश्वर महतो, अर्जुन यादव, सीताराम मरर, टारी रजक, मदन सहनी, चंदन यादव, सुधीर कुमार, महेश्वर यादव, सुशीला देवी, गुड़िया देवी, गीता देवी, सीता देवी, चंदन देवी, मनीषा देवी, फूलो देवी, जुगली देवी, बुधनी देवी और सोना देवी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए स्वास्थ्य शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गढ़पुरा (बेगूसराय)।** प्रखंड संसाधन केंद्र, गढ़पुरा में सोमवार को दिव्यांग छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य एवं दिव्यांगता के मूल्यांकन को लेकर विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में चिकित्सकों की टीम ने बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामप्रीत राम, ऑर्थो सर्जन डॉ. पुष्कर कुमार और नेत्र सहायक आजाद कुमार ने छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दिव्यांगता का मूल्यांकन किया। शिविर में स्वास्थ्य जांच के साथ बच्चों को डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने की पहल भी की गई। डाटा एंट्री ऑपरेटर विपिन कुमार ने लाभार्थियों के आभा कार्ड बनाए। वहीं पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड भी तैयार किए गए प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक मनीष कुमार ने बताया कि शिविर में कुल 20 छात्र-छात्राओं की जांच की गई। इनमें पांच ईएनटी, चार नेत्र, छह अस्थि तथा पांच सीपी एवं मस्तिष्क संबंधी मामलों का मूल्यांकन किया गया। इस दौरान बच्चों और उनके अभिभावकों को स्वास्थ्य संबंधी जरूरी जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग की पहल का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को समय पर आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना है।

# दहेज के लिए प्रताड़ना का मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के महेशवाड़ा पंचायत के बभनगामा गांव निवासी मो. मजीद ने अपनी पुत्री के साथ दहेज के लिए मारपीट व प्रताड़ना करने का आरोप लगाते हुए पांच लोगों के खिलाफ नालिसी वाद दायर कराया है। मामले में दरभंगा जिले के कुशेश्वरस्थान थाना क्षेत्र के बलहा गांव निवासी मो. मनोबर, मो. शाकिर अंसारी, सहाना खातुन, अमीना खातुन और मो. शकील अंसारी को नामजद किया गया है। दर्ज शिकायत के अनुसार, मो. मजीद ने अपनी पुत्री हीना प्रवीण की शादी 17 सितंबर 2023 को मो. मनोबर के साथ की थी। शादी में करीब छह लाख रुपये के सामान, एक लाख 30 हजार रुपये नकद समेत अन्य उपहार दिए गए थे। शादी के बाद हीना करीब पांच दिनों तक ससुराल में रही। इसके बाद ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा दहेज में डेढ़ लाख रुपये नकद, बुलेट मोटरसाइकिल और रंगीन टीवी की मांग की जाने लगी। आरोप है कि मांग पूरी नहीं होने पर हीना प्रवीण के साथ मारपीट और शारीरिक प्रताड़ना की गई तथा उसे खाना-पीना भी देना बंद कर दिया गया। पीड़िता ने मोबाइल फोन से इसकी सूचना अपने मायके वालों को दी। इसके बाद मायके पक्ष के लोग ससुराल पहुंचे और पंचायत के माध्यम से मामले को सुलझाने का प्रयास किया। कुछ दिनों तक स्थिति सामान्य रहने के बाद फिर से कथित रूप से प्रताड़ना शुरू कर दी गई। इससे परेशान होकर हीना अपने मायके आ गई।

इस संबंध में थानाध्यक्ष मो. फिरदौस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# डीएम ने जनता दरबार में सुनीं लोगों की समस्याएं

## 71 लोगों ने दिये आवेदन, डीएम ने दिये आवश्यक कार्रवाई के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए सोमवार को समाहरणालय स्थित जिला पदाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार आयोजित किया गया। जिलाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों और शहरी क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी व्यक्तिगत और जनहित की समस्याएं रखी। इस दौरान कुल 71 आवेदन प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने स्वयं आवेदकों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी आवेदन को औपचारिकता न समझा जाए बल्कि वास्तविक स्थिति की जांच कर नियमानुसार समाधान किया जाए। अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी निष्पादन कर आवेदकों को कार्रवाई से अवगत कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन और लोगों के बीच सीधा संवाद समाधान प्रक्रिया को प्रभावी बनाता है और सरकार की भावना के अनुरूप शिकायतों पर संवेदनशीलता से समयबद्ध कार्रवाई प्रशासन की प्राथमिकता है। जिले में प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को जनता दरबार आयोजित किया जाता है जहां कोई भी नागरिक अपनी समस्या लेकर आवेदन दे सकता है।

## एक नजर

### अस्पतालों में होगी निःशुल्क जांच

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने महत्वपूर्ण पहल की है। सदर अस्पताल से लेकर सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में क्एक्र जांच की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। मरीजों की निःशुल्क जांच के साथ आधुनिक तकनीक से उच्च स्तरीय रिपोर्टिंग की व्यवस्था भी की गई है। जांच से हृदय की विद्युत गतिविधियों और कार्यप्रणाली का आकलन होता है। सीने में दर्द, सांस लेने में परेशानी, धड़कन में अनियमितता, चक्कर आने जैसे लक्षणों वाले मरीजों के लिए यह जांच चिकित्सकीय रूप से महत्वपूर्ण है। समय पर जांच से हृदय संबंधी समस्याओं की पहचान और आगे के उपचार की दिशा तय करने में मदद मिलती है। सभी सरकारी संस्थानों में यह सुविधा मिलने से मरीजों को निजी अस्पतालों पर निर्भरता कम होगी, समय और पैसे की बचत होगी। ग्रामीण और दूर-दराज के लोगों को स्थानीय स्तर पर ही जांच मिल सकेगी। जिला स्वास्थ्य विभाग ने अपील की है कि हृदय संबंधी लक्षण महसूस होने पर नजदीकी सरकारी अस्पताल में जाकर परामर्श लें और निःशुल्क क्एक्र सहित अन्य सेवाओं का लाभ उठाएं।

### सेवा पखवाड़ा के तहत स्वयंसेवकों ने किया पौधारोपण

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मेरा युवा भारत, बेगूसराय के बरौनी प्रखंड के स्वयंसेवकों द्वारा पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। स्वयंसेवकों ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और बढ़ते प्रदूषण तथा जलवायु परिवर्तन के दौर में अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना सभी की जिम्मेदारी है। मेरा युवा भारत के स्वयंसेवक प्रहलाद कुमार झा ने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल सेवा का कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज के प्रति युवाओं की जिम्मेदारी और सहभागिता का संकल्प है। कार्यक्रम में मनीष कुमार, मंतोष कुमार, आलोक कुमार, सचिन कुमार, श्रेया सुमन, पल्लवी रानी, अनमोल, सचिन, उत्पल सहित स्थानीय युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

### प्रखंडस्तरीय प्रतियोगिता आयोजित

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सेवा ही संकल्प अभियान के अंतर्गत ''मेरे सपनों का भारत-सेवा चित्र'' गतिविधि के तहत सोमवार को बीआरसी भवन, भगवानपुर में प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में प्रखंड के सभी विद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में पीएम श्री विद्यालय दामोदरपुर की छात्रा आयुषी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि भाषण प्रतियोगिता में उच्च विद्यालय काजी रसलपुर के छात्र शुभम कुमार ने प्रथम स्थान हासिल कर बाजी मारी।अब दोनों विजेता विद्यार्थी 5 अक्टूबर को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भगवानपुर प्रखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रधानाध्यापक अशोक कुमार सिंह, विश्वनाथ साह, प्रमोद कुमार साह, शानू नूपुर एवं रूपा कुमारी शामिल थीं।मौके पर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### हत्या के आरोपित ने किया आत्मसमर्पण

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के कटहरिया गांव में जमीन विवाद में पीछले दिनों हुई हत्या कांड के मुख्य आरोपी ने रविवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। थानाध्यक्ष के अनुसार भगवानपुर थाना कांड संख्या 257/26, के प्राथमिक अभियुक्त मोहम्मद जाकिर, पिता कलीमुद्दीन, ग्राम कटहरिया, थाना भगवानपुर, जिला बेगूसराय ने आज दिनांक 28.09.26 को माननीय न्यायालय, बेगूसराय में आत्मसमर्पण किया।

# अभियान बसेरा के तहत 3219 आवेदन प्राप्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला स्तर पर 'अभियान बसेरा' तथा राजस्व रिकॉर्ड में सुधार कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक सोमवार को जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, भूमि सुधार उप समाहर्ता श्वेतांक लाल, भूमि सुधार उप समाहर्ता (द्वितीय) बेबी प्रिया सहित जिले के सभी अंचलाधिकारी एवं राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार जिले के सभी 11 अंचलों में अब तक भूमिहीन परिवारों के लिए कुल 211 विशेष शिविर आयोजित किए गए हैं। इन शिविरों के माध्यम से कुल 3,219 आवेदन प्राप्त हुए हैं। औरंगाबाद सदर में 1,057 आवेदन (15 शिविर), हसपुरा में 469 आवेदन (15 शिविर), मदनपुर में 367 आवेदन (19 शिविर), देव में 278 आवेदन (16 शिविर), नवीनगर में 254 आवेदन (26 शिविर), दाउदनगर में 193 आवेदन (16 शिविर), बारुण में 174 आवेदन (17 शिविर), ओबरा में 128 आवेदन (21 शिविर), कुटुम्बा में 115 आवेदन (21 शिविर), गोह में 112 आवेदन (21 शिविर), रफीगंज में 72 आवेदन (24 शिविर) प्राप्त किये हैं। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी अंचलाधिकारियों, राजस्व अधिकारियों एवं राजस्व कर्मियों को कड़ा निर्देश जारी करते हुए कहा कि भूमि अभिलेखों में पाई गई त्रुटियों का सुधार सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि जमाबंदी सुधार, खाता सुधार / त्रुटिपूर्ण या छूटे हुए खाता विवरण का सुधार), प्लॉट सुधार / छूटे हुए प्लॉट एवं रकबा विवरण के सुधार कार्यों को अगले दो दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण करने तथा इसे सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखने का निर्देश दिया गया है।

# सेवा संकल्प अभियान में बच्चों ने दिखाई कला

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शिक्षा विभाग द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में विकसित भारत की संकल्पना से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर सेवा चित्र कार्यक्रम के तहत विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के बीच रचनात्मक एवं सृजनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम के दौरान राजकीय मध्य विद्यालय महुली, हसपुरा, प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, गोह सहित जिले के विभिन्न विद्यालयों में छात्राओं एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर रंगोली, चित्रकला एवं भाषण/अभिव्यक्ति सहित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत को लेकर अपने विचारों, कल्पनाओं और सपनों को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने अपनी कला एवं अभिव्यक्ति के माध्यम से स्वच्छ, शिक्षित, आत्मनिर्भर, समृद्ध एवं विकसित भारत की परिकल्पना को दर्शाया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्र निर्माण, रचनात्मकता, सामाजिक जिम्मेदारी तथा विकसित भारत के प्रति जागरूकता एवं सहभागिता की भावना को प्रोत्साहित करना है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# शराब कारोबारियों ने थानाध्यक्ष को किया कुचलने का प्रयास

## तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर थाना क्षेत्र एनएच-19 पर खिरियावां मोड़ पर रविवार की रात गश्ती के दौरान एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने थानाध्यक्ष को कुचलने का प्रयास किया। हालांकि वे बाल-बाल बच गये। बाद में बाइक को पिछा कर जांच करने पर बाइक से एक लीटर स्पिरिट बरामद करने के साथ इस मामले में तीनों युवकों को हिरासत में लिया गया। शराब तस्करी मामले में मामला दर्ज कर सभी को जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि खिरियावां मोड़ पर वाहन जांच अभियान के दौरान अवैध स्पिरिट के साथ तीन बाइक सवारों को रुकने का इशारा किया लेकिन बाइक सवार ने उनके उपर बाइक चढ़ाने का प्रयास किया जिसमें वे बाल-बाल बच गए। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उधम बिगहा निवासी मुकेश कुमार, रविरंजन कुमार एवं सलैया थाना क्षेत्र के बेला निवासी स्व. जुगेश्वर सिंह के पुत्र रंजीत सिंह के रूप में हुई है। इनके पास से एक लिटर स्पिरिट और एक बाइक बरामद की है। उन्होंने बताया कि शराबबंदी कानून के उल्लंघन के मामले में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# आज भी जल रही है देवकुंड स्थित अग्निकुंड में अग्नि

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** करीब पांच सौ वर्ष पहले से देवकुंडधाम स्थित मठ में स्थापित कुंड में आग जल रही है। अग्निकुंड से 24 घंटे अग्नि निकलते रहती है। अग्निकुंड के राख को भभूत के रूप में श्रद्धालु अपने घर ले जाते हैं। कुंड की चर्चा पद्मपुराण, आनंद रामायण, वायु पुराण समेत कई धार्मिक ग्रंथों में वर्णित है, जिसके अनुसार ब्रह्मपुत्र महर्षि भृगु के आत्मज च्यवन ऋषि यहां तपस्या करने पहुंचे थे। बता दें कि यह कुंड भृगु को उत्पन्न करने वाला है। कुंड को मठ के प्रथम महंत बाबा बालपुरी जी द्बारा त्रियुगी नारायण से समाहित अग्नि से प्रज्जवलित की गई थी। अबतक अनेक प्राकृतिक आपदाओं से जूझने के बावजूद इस कुंड से अभी तक अग्नि प्रज्जवलित होती रहती है।

# खिरियावां के वार्ड नं तीन में अधूरा पड़ी है नल-जल योजना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड के खिरियावां पंचायत के वार्ड नं तीन में पंचायत के ग्रामीण आज भी बुनियादी सुविधाओं से काफी दूर हैं। 50 घरों से 300 आबादी गांव में जीवन बस करता है। यहां के लोगों को मुख्य पेशा खेती है। गांव के इक्का दुक्का युवा सरकारी सेवा में है। वहीं अधिकांश युवा अन्य प्रदेशों में मजदूरी करते हैं। वहीं बंटाई पर खेती करना इनका मुख्य पेशा है मगर खेती करना भी आप इनका लाभ के बदले घाट का सौंदा साबित हो रहा है। ग्रामीणों के सिंचाई की मुकम्मल व्यवस्था नहीं होने से उनकी खेती भी भगवान भरोसे होती है। वहीं गांव की सड़के आज भी बदतर है। गांव की गलियों पर नाली का गंदा पानी वर्षो भर बह रहा है जिसे देखने या इसका निदान करने वाला कोई नहीं है। इसके लिए सरकार की ओर से नाली-गली पक्कीकरण जैसी योजना भी संचालित की जाती है। इसके बावजूद लोगों को बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल रही है। गांव के लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए न तो कोई जनप्रतिनिधि और न ही पदाधिकारी पहल कर रहे हैं जिसके कारण ग्रामीण काफी परेशान हैं। गांव में जल निकासी की व्यवस्था नहीं है। ग्रामीण रौशन कुमार सहित बताते हैं कि गांव में नल-जल योजना के तहत भी जलमीनार नहीं बनी है जिसके कारण इधर-उधर भटकना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि नल-जल योजना के तहत पानी टंकी नहीं लग सकी है।

# खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रतियोगिता महत्वपूर्ण सीढ़ी


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद शहर के गेट स्कूल के मैदान में सोमवार को जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने गुब्बारा उड़ाकर जिला स्तरीय वार्षिक विद्यालय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक विकास के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत करता है। जिले के विद्यालयों में छिपी खेल प्रतिभाओं को सामने लाकर उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए इस तरह की प्रतियोगिताओं का प्रभावी आयोजन जरूरी है। 2 अक्टूबर तक आयोजित किये जाने प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से चयनित प्रतिभावान छात्र-छात्राएं अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका वर्ग में विभिन्न खेल विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, क्रिकेट, हॉकी, हैंडबॉल, रग्बी, खो-खो, भारोत्तोलन, ताइक्वांडो, कुश्ती (फ्री स्टाइल), कुश्ती (ग्रीको रोमन), कबड्डी, तीरंदाजी, बॉक्सिंग, योग, शतरंज, टेबल टेनिस एवं सेपक टकरॉ सहित विभिन्न खेल विधाओं को शामिल किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रतियोगिता के अंतर्गत एथलेटिक्स, कराटे, खो-खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, शतरंज, हॉकी, क्रिकेट सहित विभिन्न खेल विधाओं में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा, मेहनत एवं खेल भावना का प्रदर्शन करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए आगे बढ़ने की एक महत्वपूर्ण सीढ़ी है। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिताओं की शुरुआत की गई। जिला पदाधिकारी ने मैदान में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता खिलाड़ियों को जिला पदाधिकारी द्वारा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, जिला खेल पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी एवं वरीय उपसमाहर्ता बेबी प्रिया, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज आदि उपस्थित रहे।

# विश्व हृदय दिवस : अपने हृदय एवं जीवन की करें रक्षा

– डॉ. ब्रजकिशोर सिंह



हृदय हमारे शरीर का केवल एक अंग नहीं, बल्कि जीवन की वह धड़कन है, जिसके थमते ही हमारी सारी उपलब्धियां, सारे रिश्ते और सपने एक क्षण में अर्थहीन हो जाते हैं। दुर्भाग्य यह है कि जिस हृदय के भरोसे हम पूरी जिंदगी दौड़ते रहते हैं, उसकी चिंता अक्सर तब करते हैं जब वह हमें चेतावनी देने लगता है। विश्व हृदय दिवस इसी चेतावनी को समय रहते समझने और अपने जीवन की दिशा बदलने का अवसर है। आज हृदय रोग बीमारी और समय से पहले होने वाली मृत्यु के प्रमुख कारणों में शामिल है। हालांकि इसके कई जोखिम कारकों को नियंत्रित किया जा सकता है। इसके लिए हमेशा बड़े बदलाव की जरूरत नहीं होती। जीवनशैली में किए गए छोटे-छोटे लेकिन नियमित और निरंतर परिवर्तन हृदय को लंबे समय तक स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। हृदय की सुरक्षा की शुरुआत हमारी थाली से होती है। भोजन में हरी सब्जियां, फल, साबुत अनाज, दालें और मेवे शामिल करें। नमक, चीनी, तले हुए खाद्य पदार्थ, अत्यधिक प्रसंस्कृत भोजन और अस्वास्थ्यकर वसा का सेवन कम करें। भोजन जितना प्राकृतिक और संतुलित होगा, हृदय पर उतना ही कम अनावश्यक दबाव पड़ेगा। शरीर को सक्रिय रखना भी उतना ही जरूरी है। अपनी क्षमता और स्वास्थ्य के अनुसार अधिकांश दिनों में कम से कम 30 मिनट मध्यम स्तर का व्यायाम या तेज चाल से पैदल चलना लाभकारी हो सकता है। लंबे समय तक लगातार बैठे रहने की आदत से बचना भी जरूरी है। तंबाकू का किसी भी रूप में सेवन हृदय के लिए नुकसानदेह है। इससे पूरी तरह दूरी बनाना हृदय की रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। शराब से बचना या उसका सेवन सीमित करना, स्वस्थ वजन और कमर का घेरा बनाए रखना, पर्याप्त नींद लेना और तनाव को नियंत्रित करना भी हृदय स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। मधुमेह, मोटापा या परिवार में हृदय रोग का इतिहास रखने वाले लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। ऐसे लोगों के लिए रक्तचाप, रक्त शर्करा और कोलेस्ट्रॉल की नियमित जांच महत्वपूर्ण है। हृदय की सबसे बड़ी सुरक्षा किसी दवा से पहले हमारी अपनी आदतों में छिपी है। इसलिए सीने में दर्द या हार्ट अटैक का इंतजार न करें। आज की सावधानी ही कल की धड़कन को सुरक्षित रख सकती है। इस विश्व हृदय दिवस पर संकल्प लें- अपने शरीर को सक्रिय रखेंगे, भोजन को संतुलित करेंगे, तंबाकू से दूर रहेंगे, तनाव को नियंत्रित करेंगे और अपने हृदय को जीवनभर प्राथमिकता देंगे। क्योंकि हृदय की रक्षा करना दरअसल अपने जीवन, अपने परिवार और अपने भविष्य की रक्षा करना है।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से बिजली मिस्त्री की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बटाने नदी पुल और बभंडी गांव के बीच एनएच-19 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बारून प्रखंड क्षेत्र के बनौली गांव निवासी मुकेश सिंह के 20 वर्षीय पुत्र अभय कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार मृतक तीन भाइयों में तीसरे नंबर पर था। घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण उसने कम उम्र में ही बिजली मिस्त्री का काम शुरू कर दिया था। वह अपनी मेहनत और हुनर से परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने में सहयोग करता था। रविवार रात लगभग 9 बजे काम खत्म करने के बाद बाइक से अपने गांव लौट रहा था तभी रास्ते में अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक समेत सड़क पर गिर पड़ा। इस बीच चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। गंभीर हालत में आसपास मौजूद लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया लेकिन उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। मृतक का भाई शव देखते ही बेहोश होकर गिर पड़ा। वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह उसे संभाला। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को परिवार को सौंप दिया है। ग्रामीणों में एनएच-19 पर तेज रफ्तार वाहनों को लेकर नाराजगी है। प्रशासन से तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने और पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की मांग की है। पुलिस पदाधिकारी के अनुसार मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# लूट की घटनाओं में शामिल तीन आरोपित गिरफ्तार

## देसी कट्टा, कारतूस एवं नकदी बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** फ़ेसर थानांतर्गत सीएसपी संचालक और नगर थाना क्षेत्र में फायर कर लूट की घटना को अंजाम देने वाले तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से दो देसी कट्टा, आठ जिंदा कारतूस, लूटा गया लैपटॉप, नकदी एवं बाइक बरामद किया गया है। सोमवार को समाहरणालय में मदनपुर एसडीपीओ आदित्य कुमार ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि दो अलग-अलग लूट की घटनाओं में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। दरअसल 27 सितंबर को नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा को सूचना मिली कि दो बाइक पर सवार छह संदिग्ध युवक औरंगाबाद शहर की ओर आ रहा है। सूचना के आलोक में नगर थाना पुलिस द्वारा फॉर्म के पास वाहन जांच शुरू की गई। पुलिस को देखकर बाइक सवार संदिग्ध युवक भागने लगे लेकिन पीछा कर पीपरडीह मोड़ से देव जाने वाली सड़क पर एक बाइक पर सवार तीनों को पकड़ लिया गया। तलाशी में उनके पास से दो देसी कट्टा, आठ जिंदा कारतूस, लैपटॉप व उसका चार्जर, पांच मोबाइल, दो आधार कार्ड एवं 52,235 रुपया नकद बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में अभियुक्तों ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि हम तीनों मिलकर 22 सितंबर को हसौली मोड़ के ऊपर ओवर ब्रिज पर गोली मारकर लूट की घटना कारित किए थे। फिर 24 सितंबर को फ़ेसर थानांतर्गत पिरौटा-बड़वां रोड मे टंगहा पीपल पेड के पास सीएसपी संचालक को गोली चलाकर जख्मी कर दिया। इसके बाद उनका लैपटॉप, पैसा एवं मोबाईल फोन लेकर फरार हो गया। एसडीपीओ ने बताया कि दोनों कांडों में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है। पकड़े गए अभियुक्तों में रोहतास जिले के अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र के गोवर्धनपुर निवासी विपुल कुमार, बांक निवासी विशाल कुमार एवं पंकज कुमार शामिल हैं। आवश्यक कार्रवाई के बाद तीनों शातिर बदमाशों को जेल भेज दिया गया। इस दौरान मुख्यालय पुलिस उपाधीक्षक विजय कुमार सिंह एवं नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा सहित अन्य मौजूद रहे।

# नियमित गश्ती और निगरानी व्यवस्था की मजबूती पर एसडीपीओ का ज़ोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्र भूषण ने दाउदनगर थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर, कार्यालय, हवालात, मालखाना समेत अन्य आवश्यक स्थानों का जायजा लिया। साथ ही थाना परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और अभिलेखों के रख-रखाव की भी जांच की। एसडीपीओ ने थाने में संधारित विभिन्न महत्वपूर्ण अभिलेखों और पंजियों का अवलोकन किया। इसके अलावा लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए अनुसंधान की प्रगति और लंबित मामलों के निष्पादन की स्थिति की जानकारी ली। वारंट एवं कुर्की-जब्ती से संबंधित कार्रवाई की भी समीक्षा की गयी। निरीक्षण के दौरान थाना की दैनिक कार्यप्रणाली, गश्ती व्यवस्था और पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों की ड्यूटी की जानकारी ली गयी। अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था की स्थिति के साथ जनशिकायतों के निष्पादन की भी समीक्षा की गयी। एसडीपीओ ने थानाध्यक्ष विकास कुमार और उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। गंभीर और संवेदनशील मामलों में विशेष सतर्कता बरतने तथा फरार अभियुक्तों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने क्षेत्र में नियमित गश्ती और निगरानी व्यवस्था मजबूत रखने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी तत्परता और जवाबदेही के साथ करने को कहा। इस दौरान थानाध्यक्ष विकास कुमार के अलावा अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# पूर्व सांसद सुशील सिंह ने किया स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अंबा (औरंगाबाद)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में संचालित सेवा संकल्प अभियान के तहत सोमवार को अंबा स्थित सतबहिनी मंदिर के समीप निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान सैकड़ों लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व सांसद के नेतृत्व में सतबहिनी मंदिर परिसर से मुख्य बाजार तक स्वच्छता अभियान चलाकर की गई। इसमें जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने भाग लिया। अभियान के माध्यम से स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने लोगों की स्वास्थ्य जांच की। चिकित्सक डॉ. आकांक्षा सिंह, डॉ. सुषमा कुमारी, हेल्थ मैनेजर दीपक सिंह, सीएचओ संत कुमार, एएनएम रीना कुमारी, रीमा कुमारी एवं मंजू कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने सेवाएं दीं। नेत्र जांच विशेषज्ञ अनुराग कुमार ने भी मरीजों की जांच की। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेंद्र चंद्रवंशी, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी प्रवीण कुमार, बीडीओ प्रियांशु वसु, स्वच्छता पर्यवेक्षक रवि प्रकाश, वार्ड पार्षद अशोक सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास सिंह एवं संडा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने जनसेवा और सामाजिक सरोकार को अभियान का प्रमुख उद्देश्य बताते हुए कहा कि जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है। सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक संचालित किया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# विभिन्न मामलों में 45 गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई के फलस्वरूप 45 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 21 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दुष्कर्म मामले में एक, आर्म्स एक्ट में तीन, हत्या के प्रयास में 10, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 11 तथा अन्य मामलों में 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं 185 लीटर देसी शराब, सात लीटर स्प्रिट, दो देसी कट्टा, आठ कारतूस, नकद 52235 रूपये, एक लैपटॉप, तीन बाइक एवं दो स्कूटी जब्त किया गया है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाला आक्रोश मार्च

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** कांग्रेस ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ आक्रोश मार्च निकाला और रमेश चौक पर पुतला फूंका। मार्च में कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी की और लोकतंत्र बचाने की मांग उठाई। यह आक्रोश मार्च अनुग्रह नारायण स्मारक परिसर से शुरू हुआ। प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद कुमार शर्मा, जिला प्रभारी एवं पूर्व प्रत्याशी राकेश कुमार पप्पू, पूर्व जिला अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह और प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता जुटे। कार्यकर्ताओं के हाथों में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला था और वे चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। मार्च पुरानी जीटी रोड होते हुए रमेश चौक पहुंचा। इसके बाद कार्यकर्ता बाजार की ओर बढ़े और कारगिल चौक तक गए। वहां से वापस रमेश चौक पहुंचे। इस दौरान रास्ते भर कार्यकर्ताओं ने एसआईआर को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। रमेश चौक पर पहुंचने के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश पुतला फूंका। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने एसआइआर की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए। उनका आरोप था कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के नाम पर बड़े स्तर पर बदलाव किए जा रहे हैं और इससे पात्र मतदाताओं के नाम प्रभावित होने की आशंका है। नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में सबसे महत्वपूर्ण नागरिक का मताधिकार है और किसी भी प्रक्रिया के कारण पात्र व्यक्ति के मतदान के अधिकार से वंचित नहीं होना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त पर चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की निष्पक्षता को लेकर भी सवाल उठाए। इस दौरान अजय कुमार सिंह, जिला पार्षद सुरेंद्र यादव, धर्मेंद्र पासवान, आशुतोष कुमार सिंह, महिला नेत्री गायत्री देवी, सूरज राय, शैलू दुबे, नरेश यादव, गोलू यादव, नीरज कुमार, भूलन सिंह समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

# राजद नेता तेजस्वी यादव की औरंगाबाद में जनसभा चार अक्टूबर को, तैयारी तेज



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद शहर के गांधी मैदान में आगामी चार अक्टूबर को बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव का विशाल जनसभा होगा। तैयारी को लेकर अजरकवे हसौली के समीप संगम रिजॉर्ट में राजद की महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता निवर्तमान जिलाध्यक्ष-सह-गोह विधायक अमरेन्द्र कुशवाहा ने जबकि संचालन कार्यकारी जिलाध्यक्ष अनिल टाइगर ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती एवं आगामी दिनों में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के औरंगाबाद आगमन को लेकर विचार विमर्श किया गया। नेता प्रतिपक्ष के कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की अधिक उपस्थित हो, इस पर भी गहन चर्चा की गई। नेताओं ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आगमन को लेकर चुस्त-दुरूस्त सुरक्षा व्यवस्था होगी। काफी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती सभा स्थल पर की जाएगी ताकि किसी तरह की कोई अनहोनी न हो। इसको लेकर स्थानीय थाना को जिम्मेवारी दी गई है। वक्ताओं ने बताया कि जनसभा के मंच से एक भव्य मिलन समारोह भी आयोजित होगा जिसमें जनता दल (यू) के पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ राष्ट्रीय जनता दल में शामिल होंगे। पूर्व विधायक को राजद में शामिल होने से संगठन को मजबूती मिलेगी। नेताओं ने औरंगाबाद के नए जिलाध्यक्ष के लिए सर्वसम्मति से तेजस्वी प्रसाद यादव को अधिकृत किया कि वे ऐसे सर्वमान्य और संघर्षशील नेता का चयन करें, जो सभी वर्गों और समुदायों को साथ लेकर औरंगाबाद में राजद संगठन को नई मजबूती दे सके। बैठक में नवीनगर के पूर्व प्रत्याशी अमोद चंद्रवंशी, रफीगंज के पूर्व प्रत्याशी डॉ. गुलाम शाहिद, डॉ अजय यादव, डॉ. रमेश यादव, उदय उज्ज्वल, सतेन्द्र यादव, बादशाह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रसाद सिंह, अनिल यादव, विनोद ठाकुर, महफूज आलम सहित महिला नेत्री सुमन सिंह, चंचला कुशवाहा, पूनम यादव, मंजू यादव, मालती कुमारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

जमाबंदी में गलती है?
मृत जमाबंदीदार के उत्तराधिकारी हैं?




15 सितम्बर से 31 अक्टूबर 2026 तक विशेष अभियान

अब जमाबंदी में होंगे सभी कॉलम भरे हुए और त्रुटिहीन

इस विशेष अभियान के दौरान जमाबंदी में दर्ज इन विवरणों की जाँच एवं सुधार किया जाएगा :
- रैयत के नाम में त्रुटि
- पिता के नाम में त्रुटि
- खाता संख्या
- खेसरा संख्या
- रकबा
- लगान राशि
- अन्य राजस्व विवरण
- मिसिंग जानकारी

मृत जमाबंदीदारों के वैध उत्तराधिकारियों की जमाबंदी भी होगी अद्यतन
यदि जमाबंदीदार की मृत्यु हो चुकी है, तो उनके वैध उत्तराधिकारियों की पहचान कर उत्तराधिकार नामांतरण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।
उत्तराधिकार नामांतरण

उत्तराधिकारी उपलब्ध कराएं आवश्यक जानकारी/दस्तावेज
- वंशावली
- बंटवारे के लिए सहमतिनामा, यदि लागू हो
- अन्य आवश्यक दस्तावेज

निर्विवाद एवं आपत्ति रहित मामलों में निर्धारित प्रक्रिया के तहत उत्तराधिकार नामांतरण किया जाएगा।

खास बात
इस अभियान में जमाबंदी के शुद्धीकरण के लिए आवश्यक होने पर मापी भी कराई जा सकती है। इसके लिए रैयत से कोई मापी शुल्क नहीं लिया जाएगा।

नागरिकों से अपेक्षा
अपनी जमाबंदी में दर्ज विवरण की जाँच करें। यदि जमाबंदी में त्रुटि है अथवा जमाबंदीदार की मृत्यु हो चुकी है, तो अपने हलका के राजस्व कर्मचारी को सभी दस्तावेज उपलब्ध कराएं।

PR No.- 012793 (Revenue)D. 2026-27

सही जमाबंदी • पारदर्शी राजस्व व्यवस्था • आसान भूमि सेवाएं
स्पष्ट भू-संपदा, सुशासन, समृद्धि से शांति सर्वदा

शिकायत एवं सुझाव के लिए जन शिकायत पोर्टल पर जायें।
https://biharbhumi.bihar.gov.in/

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार द्वारा जनहित में जारी।

Follow Us
#BiharRevenueAndLandReformsDept